अलविदा 2025

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

आज के अंक के साथ सत्यकथा

» वर्ष 73 » अंक 93 पृष्ठ 12+8=20
» रीवा, बुधवार 31 दिसम्बर 2025
» पौष शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
» नगर » मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com

## ऑफ बीट

### रेलवन से जनरल टिकट पर 3 फीसदी डिस्काउंट

*भारतीय रेलवे ने रेलवन एप के जरिए अनारक्षित (जनरल) टिकट बुक करने पर किराए में 3 फीसदी का डिस्काउंट देने का ऐलान किया है। रेल मंत्रालय के अनुसार, यह ऑफर 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक यानी 6 महीने के लिए लागू रहेगा। रेलवे ने मंगलवार को सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉर्मेशन सिस्टम (सीआरआईएस) को लेटर भेजकर सॉफ्टवेयर में बदलाव करने को कहा है। खास बात यह है कि यह डिस्काउंट सिर्फ आर-वॉलेट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि किसी भी डिजिटल पेमेंट मोड (जैसे यूपीआई, क्रेडिट/डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग) से भुगतान करने पर मिलेगा। रेलवे के मुताबिक, अभी रेलवन एप पर आर-वॉलेट से पेमेंट करने पर 3 फीसदी कैशबैक मिलता है, जो आगे भी जारी रहेगा।*

## संक्षिप्त खबरें

### भारत ने तीसरी बार 5-0 से जीती टी-20 सीरीज

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को श्रीलंका को आखिरी टी-20 मैच में 15 रनों से हरा दिया और 5-0 से क्लीन स्वीप किया। यह पहला मौका है, जब श्रीलंका ने 5-0 से कोई सीरीज गंवाई है। यह तीसरी बार है जब टीम ने पांच मैचों की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप किया है। 2019 में वेस्टइंडीज और पिछले साल बांग्लादेश को 5-0 से हराया था। प्लेयर ऑफ द मैच कप्तान हरमनप्रीत कौर (68) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने 20 ओवरों में ७ विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवरों में सात विकेट पर 160 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा प्लेयर ऑफ द सीरीज आंकी गईं।

(विस्तृत समाचार पेज-09)

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया का निधन



**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश की पहली महिला पीएम और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख खालिदा जिया का मंगलवार सुबह 6 बजे ढाका में निधन हो गया। 80 साल की जिया 20 दिनों से वेंटिलेटर पर थीं। सीने में इन्फेक्शन, लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रहीं थीं। उनके परिवार और पार्टी नेताओं ने निधन की पुष्टि की है। वे 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं।

### 2025 गुजरता साल यादगार लम्हे

*भोपाल में विकास और उपलब्धियों के साथ भ्रष्टाचार के बड़े मामलों ने भी ध्यान खींचा* *(पेज-08 पर)*

### सलमान की 'बैटल ऑफ गलवान' पर चीन नाराज



**बीजिंग, जेएनएन।** सलमान खान की आने वाली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चीन ने नाराजगी जताई है। फिल्म के सीन्स को हकीकत से अलग बताया जा रहा है। कई लोग इसके ट्रेलर के कुछ सीन की हॉलीवुड के गेम ऑफ थ्रोन्स से तुलना कर रहे हैं। चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने एक आर्टिकल भी छापा है, जिसका टाइटल है-'बैटल ऑफ गलवान' फिल्म पर विवाद, फिल्म चाहे कितनी भी नाटकीय हो, देश की सीमा पर असर नहीं डाल सकती। एक्सपर्ट के हवाले से लिखा कि जब चीन-भारत के रिश्तों में सुधार हो रहा है, तो फिल्म का रिलीज होना गलत है। यह फिल्म सिर्फ भारतीय नजरिए को पेश कर चीन विरोधी भावना बढ़ा सकती है। फिल्म का ट्रेलर 27 दिसंबर को सलमान खान के जन्मदिन पर रिलीज हुआ था।

## निवेशकों के लिए कुछ बदलावों के साथ 2026 की शुरुआत, आखिरी तिमाही के लिए समीक्षा आज

# सेविंग्स-स्कीम्स की ब्याज दरों में कटौती संभव

### केंद्र सरकार आज करेगी ब्याज दरों का फैसला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश के करोड़ों निवेशकों के लिए साल 2026 की शुरुआत कुछ बदलावों के साथ हो सकती है। केंद्र सरकार जनवरी-मार्च 2026 तिमाही के लिए स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स की ब्याज दरों की समीक्षा करने वाली है। जानकारों का मानना है कि इस बार पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाय) और सीनियर सिटिजन सेविंग्स स्कीम (एससीएसएस) जैसी स्कीम्स की ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। वित्त मंत्रालय इस संबंध में 31 दिसंबर 2025 तक आधिकारिक घोषणा कर सकता है।

स्मॉल सेविंग्स स्कीम की ब्याज दरें तय करने के लिए सरकार 'श्यामला गोपीनाथ कमेटी' के फॉर्मूले का इस्तेमाल करती है। इसके तहत इन योजनाओं की दरें सरकारी बॉन्ड (जी-एसईसी) के यील्ड पर आधारित होती हैं। पिछले कुछ महीनों में 10 साल के सरकारी बॉन्ड की यील्ड में गिरावट देखी गई है।

सितंबर से दिसंबर 2025 के बीच यह औसतन 6.54 फीसदी के करीब रही है। फॉर्मूले के हिसाब से इसमें 0.25 फीसदी का स्प्रेड जोड़ने पर पीपीएफ की दर करीब 6.80 फीसदी होनी चाहिए, जबकि अभी यह 7.1 फीसदी मिल रही है। यही अंतर कटौती की संभावना को बढ़ा रहा है। सरकार ने स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स की ब्याज दरों में आखिरी बार अप्रैल 2024 में बदलाव किए थे, तब से ये स्थिर बनी हुई हैं।



### फिलहाल किस पर कितना ब्याज?

| | |
|---|---|
| 8.2 | फीसदी सीनियर सिटिजन सेविंग |
| 8.2 | फीसदी सुकन्या समृद्धि स्कीम |
| 7.7 | फीसदी एनएससी |
| 7.5 | फीसदी किसान विकास पत्र |
| 7.5 | फीसदी 5 साल की एफडी |
| 7.4 | फीसदी मंथली इनकम स्कीम |
| 7.1 | फीसदी पीपीएफ |
| 7.1 | फीसदी 3 साल की एफडी |
| 7.0 | फीसदी 2 साल की एफडी |
| 6.9 | फीसदी 1 साल की एफडी |
| 6.7 | फीसदी 5 साल की आरडी |
| 4.0 | फीसदी सेविंग डिपॉजिट |

### रेपो रेट कट का भी दिखा असर

2025 के दौरान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट में करीब 1.25 फीसदी तक की कटौती की है। इसके बाद बैंकों ने भी अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) दरों को कम करना शुरू कर दिया है। रिटेल महंगाई दर में आई कमी भी सरकार को ब्याज दरें घटाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। आमतौर पर जब बाजार में ब्याज दरें गिरती हैं, तो सरकार भी डाकघर की योजनाओं पर बोझ कम करने के लिए दरों में संशोधन करती है।

### मध्य वर्ग, बुजुर्गों पर होगा असर

देश में बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित निवेश के लिए डाकघर की योजनाओं पर निर्भर हैं। खासकर सीनियर सिटीजन अपनी नियमित आय के लिए एससीएसएस (अभी 8.2 फीसदी ब्याज) का सहारा लेते हैं। वहीं, बेटियों के भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना (8.2 फीसदी) सबसे लोकप्रिय है। अगर सरकार ब्याज दरों में कटौती करती है, तो मध्य वर्गीय परिवारों और पेंशनभोगियों की मासिक कमाई पर सीधा असर पड़ेगा।

### एक्सपर्ट्स बोले : फैसला पूरी तरह सरकार के हाथ में

फाइनेंशियल एक्सपर्ट्स का मानना है कि भले ही फॉर्मूला दरें घटाने की ओर इशारा कर रहा है, लेकिन सरकार इसे टाल भी सकती है। वित्त मंत्रालय अक्सर छोटे निवेशकों के हितों और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फॉर्मूले से हटकर फैसले लेता है। पिछले कई मौकों पर बॉन्ड यील्ड गिरने के बावजूद दरों को नहीं बदला गया था ताकि आम जनता को बचत पर नुकसान न हो।

## नए साल से पहले बड़ी खुशखबरी!

# जापान को पछाड़ चौथी अर्थव्यवस्था बना भारत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर एक बड़ी खबर है। साल के अंत में जारी आर्थिक समीक्षा के मुताबिक, भारत ने अब जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दावा किया है। सरकार का कहना है कि भारत का कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 4.18 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि 2026 में जारी होने वाले अंतिम आंकड़ों के बाद ही होगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का अनुमान है कि 2026 में भारत की जीडीपी 4.51 ट्रिलियन डॉलर हो सकती है, जबकि जापान की 4.46 ट्रिलियन डॉलर, यानी भारत का आगे निकलना लगभग तय माना जा रहा है।

हालांकि, तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि कुल जीडीपी के मामले में आगे बढ़ने के बावजूद आम भारतीय की आय अभी भी काफी कम है। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति आय सिर्फ 2,694 डॉलर रही, जो जापान से 12 गुना और जर्मनी से करीब 20 गुना कम है।



### 2030 तक तीसरी इकोनॉमी होगा भारत

सरकार इससे भी आगे की उम्मीद कर रही है। आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि अगर मौजूदा रफ्तार बनी रही तो भारत अगले ढाई से तीन साल में जर्मनी को भी पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। अनुमान है कि 2030 तक भारत की जीडीपी 7.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। सरकार का कहना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं और व्यापारिक दबावों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी हुई है और देश दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

## सोशल मीडिया: केंद्र की चेतावनी

# अश्लील कंटेंट पर कंपनी व यूजर दोनों पर होगा केस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अश्लील कंटेंट को लेकर चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि कंपनियां अश्लील, भद्दे, पोर्नोग्राफिक, बच्चों से जुड़े यौन शोषण वाले और गैर-कानूनी कंटेंट पर तुरंत रोक लगाएं। यदि कंपनियां ऐक्शन नहीं लेंगी तो उन पर केस चलेगा। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी ने सोमवार को जारी एडवाइजरी में इंटरनेट प्लेटफॉर्म को आईटी एक्ट के संबंध में अपने कंप्लायंस फ्रेमवर्क की समीक्षा करने के लिए कहा है। अगर सोशल मीडिया कंपनियां कानून और नियमों का पालन नहीं करेंगी, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। सिर्फ कंपनियां ही नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म और यूजर्स-दोनों पर केस दर्ज किया जा सकता है। कई प्लेटफॉर्म गलत और अश्लील कंटेंट को पहचानने और हटाने में ढिलाई बरत रहे हैं। इसलिए अब कंपनियों को ऐसे कंटेंट पर नियमित और तेजी से कार्रवाई करनी होगी। सरकार चाहती है कि सोशल मीडिया पर कोई भी व्यक्ति ऐसा कंटेंट डाले या शेयर न करें जो अश्लील या गंदा हो, पोर्नोग्राफिक हो, बच्चों के यौन शोषण से जुड़ा हो, बच्चों के लिए नुकसानदायक हो, या किसी भी तरह से कानून के खिलाफ हो।



### होईकोर्ट ने कहा, बच्चों के लिए बैन हो सोशल मीडिया

मद्रास हाईकोर्ट ने 26 दिसंबर को केंद्र सरकार को सुझाव दिया था कि ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई जाए। हाईकोर्ट ने कहा था कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने महिलाओं से किया सीधे संवाद

# सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में कर रही है काम : सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, मप्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। केंद्र ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है, तो राज्य सरकार ने प्रदेश के नगरीय निकायों और शासकीय सेवाओं में भी 35 प्रतिशत स्थान आरक्षित किया है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने निवास पर सशक्त नारी-समर्थ नारी कार्यक्रम में प्रबुद्ध महिलाओं, आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं तथा ड्रोन दीदीयों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में बहनें आज सेनाओं में भी शीर्ष पद प्राप्त कर रही हैं। प्रदेश की बहनें आर्थिक-सामाजिक रूप से संपन्न और आत्मविश्वास से भरी हों, इसके लिए सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है। प्रदेश में महिलाओं को उद्योग स्थापित करने सब्सिडी दी जाती है। अधिक से अधिक बहनें संपत्ति की मालिक बनें, इसके लिए रजिस्ट्री में अतिरिक्त 2 प्रतिशत छूट दी जा रही है। हमारे परिवार में बहू भी बेटी समान है, और दोनों ही दुलार, स्नेह और सम्मान की बराबर की हकदार हैं। डॉ. यादव ने महिला उद्यमियों के स्टार्ट-अप में उपलब्ध अवसरों पर चर्चा करते हुए कहा, मप्र वह राज्य है, जो औद्योगिक विकास में सबसे तेज गति से बढ़ रहा है। सरकार बीते 2 वर्षों से स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहित कर रही है,इनमें अधिकांश का नेतृत्व प्रदेश की महिला उद्यमी कर रही हैं। प्रदेश में लागू की गईं 18 नई नीतियों में महिलाओं को केंद्र में रखा गया है। गुजरात मॉडल पर औद्योगिक विकास को गति देने के लिए भोपाल में पहली बार जीआईएस का आयोजित की गई। उससे पहले संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की गईं। डॉ. यादव ने कहा कि बहन-बेटियों से इस प्रकार संवाद का क्रम आगामी माहों में भी जारी रहेगा। आज महिलाएं नहीं बहनें मेरे घर आयी हैं।



### लाड़ली बहना से बदला घरों का वातावरण

सीएम ने कहा, सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए हैं। इसका प्रभाव सभी क्षेत्रों में दिख रहा है। लाड़ली बहना से घरों के वातावरण में बदलाव आया है। आर्थिक स्वावलंबन के साथ उनका आत्मविश्वास, आत्मसम्मान बढ़ा है। प्रदेश के कई जिलों में कलेक्टर, एसपी का दायित्व महिलाएं निभा रही हैं। सभी क्षेत्रों में महिलाएं पूर्ण दायित्व के साथ चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं का निर्वहन कर रही हैं। शिक्षण संस्थाओं में भी बालिकाएं ही मेरिट लिस्ट में अग्रणी दिखाई देती है।

# इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जलापूर्ति से तीन लोगों की मौत, 35 से ज्यादा बीमार

**जागरण, इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें दो महिलाएं हैं, जबकि 35 से अधिक लोग उल्टी-दस्त, पेट से जुड़ी गंभीर शिकायतों के चलते अस्पतालों में भर्ती हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को अस्पताल पहुंचकर तत्काल राहत एवं इलाज के निर्देश दिए। मंगलवार सुबह नंदलाल पाल (७३) की वर्मा हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों ने मौत का शुरुआती कारण कार्डियक अरेस्ट बताया है। हालांकि, उन्हें 28 दिसंबर को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद भर्ती कराया था। परिजनों का कहना है कि दूषित पानी पीने के बाद ही तबीयत बिगड़ी थी। इलाके की दो महिलाओं की भी मौत हुई है। वर्मा हॉस्पिटल में मंगलवार को पांच नए मरीज भर्ती हुए हैं, जबकि दो को छुट्टी दी गई। यहां 20 मरीज भर्ती हैं। त्रिवेणी हॉस्पिटल व अन्य निजी अस्पतालों में भी मरीज भर्ती हैं। डॉक्टरों के अनुसार कई मरीजों की हालत स्थिर है, लेकिन नए मामलों के आने का सिलसिला थमा नहीं है। उधर, कांग्रेस ने प्रदर्शन कर अफसरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।



### पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे

रहवासियों का कहना है कि बीते एक हफ्ते में करीब 150 लोगों ने उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत की है। क्षेत्र में नर्मदा जल सप्लाई होती है, लेकिन शुरुआती जांच में आशंका है कि हाल में खुदाई से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई या फिर पानी की टंकी में गंदगी पहुंची। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम ने पानी के सैंपल जांच के लिए भेज दिए हैं।

### दो-दो लाख मुआवजे की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह घटना बेहद दुखद है। मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने उपचाररत प्रभावितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। इसके साथ ही मरीजों के इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी।

## इंडिगो ने पायलट्स का भत्ता 50% तक बढ़ाया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने अपने पायलटों के अलाउंस में बढ़ोतरी की है। इससे एयरलाइन के करीब 5,000 पायलटों को सीधा फायदा मिलेगा। नए नियम 1 जनवरी से लागू होंगे। लेओवर के लिए कैप्टन को अब 2,000 की जगह 3,000 रुपए मिलेंगे। फर्स्ट ऑफिसर्स के लिए 1,000 से बढ़ाकर 1,500 रुपए कर दिया गया है। 'डेडहेडिंग ट्रिप्स' के लिए कैप्टन का भत्ता 3,000 से 4,000 रुपए और फर्स्ट ऑफिसर का 1,500 से 2,000 रुपए कर दिया गया है। डेडहेडिंग का मतलब जब क्रू ड्यूटी के लिए पैसेंजर के तौर पर ट्रैवल करते हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब पिछले दिनों रोस्टर से जुड़ी समस्याओं से एयरलाइन को 4,500 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी थीं। पायलटों की नाराजगी दूर करने और उनका मनोबल बढ़ाने एयरलाइन मैनेजमेंट ने कई दौर की मीटिंग्स के बाद यह फैसला लिया है।

# अहमदाबाद: सोशल मीडिया पोस्ट पर दो गुटों में पथराव

**अहमदाबाद, जेएनएन।** अहमदाबाद के साणंद स्थित कालाना गांव में मंगलवार सुबह दो समुदायों के लोगों के बीच हिंसक झड़प हो गई। यह विवाद पुरानी रंजिश को लेकर हुआ और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थरबाजी की। हिंसा का लाइव वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें लोग एक-दूसरे पर पत्थर फेंकते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस कार्रवाई के डर से कई उपद्रवी खेतों में छिप गए थे। पुलिस ने ड्रोन की मदद से इन्हें पकड़ा। गांव से अब तक 40 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। गांव में भारी पुलिस बल तैनात है।

जानकारी के मुताबिक, गांव में रहने वाले युवाओं के दो गुटों के बीच पिछले कई सालों से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर विवाद चल रहा है। इससे सोमवार को भी एक गुट के युवक को दूसरे गुट के युवकों ने पीट दिया था। इसके बाद दोनों तरफ से दर्जनों लोग आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों तरफ से लोगों की संख्या बढ़ गई और एक-दूसरे पर जमकर पथराव होने लगा। किसी तरह हालात काबू में हुए।

### पुलिस ने ड्रोन उड़ाकर उपद्रवियों को पकड़ा

पुलिस कार्रवाई से बचने अधिकतर लोग भाग निकले थे। जब पुलिस की टीमें गांव पहुंची, तो देखा कि पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ था। ज्यादातर घरों में ताले लटके हुए थे। पुलिस ने गांव में तलाशी अभियान के दौरान ड्रोन कैमरों की मदद ली। ड्रोन कैमरों में गांव के बाहरी इलाकों और खेतों में छिपे हुए लोग नजर आए, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लिया।

## रिपोर्ट

## अमेरिकी थिंक टैंक का दावा: हाल ही में दोनों देशों ने हथियारों की खरीद बढ़ाई

# 26 में भारत-पाक युद्ध होगा, कश्मीर में आतंक बनेगा वजह

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका के बड़े थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) ने चेतावनी दी है कि 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच फिर युद्ध हो सकता है। सीएफआर की रिपोर्ट 'कॉन्फ्लिक्ट्स टू वॉच इन 2026' के अनुसार, कश्मीर में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से दोनों देशों के बीच टकराव की संभावना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष होता है, तो उसका असर अमेरिका के हितों पर भी पड़ सकता है। हालांकि, जम्मू-कश्मीर में अभी कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ है, लेकिन खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस सर्दी में जम्मू क्षेत्र में 30 से ज्यादा पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। इधर, भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्ष विराम के बाद दोनों देशों ने हथियारों की खरीद तेज कर दी है।

### अफगानिस्तान-पाकिस्तान संघर्ष की भी आशंका

रिपोर्ट में एक और बड़े खतरे की ओर इशारा किया गया है। सीएफआर के मुताबिक, 2026 में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भी सशस्त्र संघर्ष की संभावना है। हालांकि इसका असर अमेरिकी हितों पर कम होगा। अक्टूबर में 2600 किमी लंबी डूरंड लाइन पर पाकिस्तान और तालिबान शासित अफगानिस्तान के बीच भीषण झड़पें हुई थीं। दोनों देशों की सेनाओं ने कई इलाकों में एक-दूसरे पर गोलीबारी की थी और सीमा चौकियां तबाह होने के दावे किए थे। इसके बाद दोनों देशों के रिश्ते और व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।



### अमेरिकी नीति निर्धारकों के लिए चेतावनी

सीएफआर की यह रिपोर्ट अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञों के सर्वे पर आधारित है। इसका मकसद अमेरिकी नीति-निर्माताओं को उन क्षेत्रों के बारे में सतर्क करना है, जहां भविष्य में संघर्ष भड़क सकता है। रिपोर्ट में संघर्षों को तीन श्रेणियों टियर-1, टियर-2 और टियर-3 में बांटा गया है, ताकि यह समझा जा सके कि कहां संघर्ष की संभावना और उसका असर कितना गंभीर हो सकता है। रिपोर्ट यह संकेत देती है कि दक्षिण एशिया आने वाले सालों में एक बार फिर बड़े भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बन सकता है, जिसमें भारत-पाकिस्तान और पाकिस्तान-अफगानिस्तान दोनों मोर्चों पर हालात बिगड़ने का खतरा बना हुआ है।

### दुनिया के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध समेत 4 और बड़े खतरे

**रूस-यूक्रेन युद्ध:** 2026 में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध और तेज हो सकता है। दोनों देश एक-दूसरे के शहरों और अहम ढांचों पर हमले बढ़ा सकते हैं। इससे यूरोप की सुरक्षा पर बड़ा असर पड़ेगा और अमेरिका के सीधे दखल की आशंका भी बनी रहेगी।

**गाजा और वेस्ट बैंक में हिंसा:** इजराइल-फिलिस्तीनियों के बीच गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक में संघर्ष बढ़ने की संभावना है। हमास और इजराइली सेना के बीच टकराव से मानवीय संकट और गहराएगा, जिससे पूरा मध्य पूर्व अस्थिर हो सकता है।

**चीन-ताइवान तनाव:** चीन का ताइवान पर बढ़ता दबाव 2026 में बड़े सैन्य संकट का रूप ले सकता है। रिपोर्ट के अनुसार यह टकराव अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को सीधे युद्ध में खींच सकता है, इसलिए इसे उच्च प्रभाव वाला खतरा माना गया है।

**ईरान-इजराइल टकराव:** ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके समर्थित संगठनों के कारण इजराइल से सीधा युद्ध छिड़ने की आशंका है। रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा संघर्ष पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध की आग में झोंक सकता है और अमेरिका के हितों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।

**यह है थिंक टैंक:** सीएफआर अमेरिका का प्रमुख और प्रभावशाली थिंक टैंक है। 1921 में इसकी स्थापना हुई। संस्था अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर रिसर्च कर रिपोर्ट जारी करती है। सीएफआर में पूर्व राजनयिक, सैन्य अधिकारी, प्रोफेसर और नीति विशेषज्ञ होते हैं। इस थिंक टैंक की रिपोर्ट्स और सुझावों का असर अमेरिकी सरकार, व्हाइट हाउस और कांग्रेस की नीतियों पर भी पड़ता है। यह थिंक टैंक दुनियाभर के संकटों, युद्धों और भू-राजनीतिक हालात का आकलन कर भविष्य की संभावनाओं को लेकर चेतावनी देता है।

## सीबीएसई: 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में बदलाव

**नईदिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं, 12वीं के टाइम टेबल में बदलाव किया है। बोर्ड ने उन पेपर के टाइम टेबल बदले हैं, जो 3 मार्च को होने थे। बोर्ड के अनुसार, यह फैसला प्रशासनिक कारणों से लिया गया है। 3 मार्च के अलावा अन्य पेपर पहले से निर्धारित समय अनुसार होंगी। नए टाइम टेबल के अनुसार, 10वीं का 3 मार्च को होने वाला पेपर अब 11 मार्च, जबकि 12वीं का 3 मार्च को होने वाला पेपर 10 अप्रैल को होगा। 3 मार्च को 10वीं में कई भाषाओं का पेपर होना था, जिसमें तिब्बती, जर्मन, एनसीसी, भोटी, बोडो, तांगखुल, जापानी, भूटिया, स्पैनिश, कश्मीरी, मिजो आदि भाषाएं शामिल हैं। 12वीं में 3 मार्च को विधि अध्ययन का पेपर होना था, जो 1 महीने से ज्यादा वक्त बाद होगा। बोर्ड ने स्कूलों को सूचित कर दिया गया है कि टाइम टेबल को अपडेट किया जा रहा है। बोर्ड के मुताबिक, जो प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे, उसमें अपडेटेड टाइम टेबल अंकित होगा।

चोटिल जोफ्रा आर्चर और जॉश टंग टी-20 विश्व कप के लिए संभावित टीम में शामिल (पेज : 11)



## फसलों को पाला लगने से बचाएः डॉ. अखिलेश

**रीवा।** कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा के पौधे सरंक्षण वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से रीवा का तापमान रात में काफी नीचे जा रहा है इस स्थिति में कृषकों को सलाह दी जाती है कि खेत में आवश्यकता अनुसार हल्की सिंचाई करें, खेत की मेड़ों पर धुआं करें, उत्तर-पश्चिम दिशा में वायु अवरोधक पेड़ लगाएं साथ ही साथ तापमान नियंत्रित करने के लिए मिट्टी में मल्चिंग करें जिससे पाला का असर कम हो। सब्जियों की पौधशाला टाट, पूआल या प्लास्टिक शीट से ढकना चाहिए, पाला की आशंका होने पर फसलों तथा उद्यान की फसलों में घुलनशील गंधक 80 प्रतिशत डब्ल्यू पी का दो से ढाई ग्राम मात्रा को प्रति लीटर की दर से पानी में घोल बनाकर डेढ़ से दो सौ लीटर पानी में घोलकर फसलों के ऊपर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करना लाभकारी होता है।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

## दिवंगत कांग्रेस नेता के घर पहुंचे पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल

**रीवा।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य व पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल आज रीवा के स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल हुए। जिसमें रीवा जिले के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी के निज निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की साथ यह भी कहा कि स्व. राकेश तिवारी स्पष्ट वादी व कांग्रेस के प्रति समर्पित नेता थे तथा जीवन पर्यन्त कांग्रेस को ऊंचाइयों में ले जाने के लिए संघर्ष किया। लंबी बीमारी के बाद स्व. तिवारी का इस दुनिया से जाना कांग्रेस पार्टी के लिए आपूर्ति क्षति है कांग्रेस पार्टी ऐसे योद्धा को सलाम करती है तथा आने वाला वक्त हमेशा उन्हें याद रखेगा श्रद्धांजलि अर्पित करने में मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विनोद शर्मा, अन्य पिछड़ा वर्ग के केंद्रीय समन्वयक कुंवर सिंह पटेल, समाजसेवी बिहारी लाल सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश द्विवेदी, दिलीप तिवारी, प्रदीप सिंह गुड्डू, शैलेंद्र सिंह पटेल, अल्केश पटेल सहित समाजसेवी उपस्थित रहे व सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

गुजरता साल 25 यादगार लम्हे

# रीवा ने भरी अंतर्देशीय उड़ान, कई सिने अभिनेताओं का हुआ पदार्पण

**जागरण, रीवा।** साल 2025 अनेक महत्वपूर्ण घटनाओं एवं घटनाक्रमों का गवाह रहा। गुजरा साल प्रशासनिक, राजनीतिक एवं साहित्यिक दृष्टि से गुजरा साल महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विकास के मामलों में रीवा ने अनेक सोपान तय किये। शहर को जहां अनेक सौगातें मिली वहीं कई सेलिब्रिटियों के आगमन के कारण साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी वर्ष रीवा में टूरिज्म रीजनल कांक्लेव का आयोजन भी किया गया जिसमें विकास से संबंधित अनेक उल्लेखनीय कार्यों के रास्ते खुले हैं। इस साल विंध्य ने अंतर्देशीय उड़ान भरी। रीवा से दिल्ली व रीवा से इंदौर के लिए हवाई सेवाएं शुरू हुईं। रीवा से दिल्ली के लिए सप्ताह में तीन दिन वायु सेवा शुरू हुई वहीं रीवा से इंदौर के लिए प्रतिदिन नियमित उड़ान सेवा शुरू हुई। इस सेवा के शुरू होने के साथ ही रीवा से दिल्ली दूर है का मिथक टूक गया और लोग कहने लगे अब दिल्ली दूर नहीं। महज डेढ़ घंटे में दिल्ली यात्रा पूरी हो रही है तो रीवा से इंदौर की यात्रा 1:10 घंटे में पूरी हो रही है। हवाई चप्पल वालों का हवाई जहाज में चढ़ने का सपना पूरा हुआ। यह सब रीवा के विकास शिल्पी उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के अथक प्रयासों के बदौलत संभव हो पाया।



## अटल पार्क की सौगात और प्रतिमा स्थापना का विवाद

शहर को सिविल लाइन क्षेत्र में नवनिर्मित अटल पार्क कि जहां सौगात मिली और लोगों के लिए घूमने फिरने की एक अच्छी जगह उपलब्ध हो गई वहीं पार्क में भारत तक अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा स्थापना को लेकर उठा विवाद भी चर्चा का केंद्र रहा। नगर निगम द्वारा 94 लाख की लागत से मेटल की प्रतिमा बनाने का टेंडर दिया गया लेकिन उनके जन्मदिवस 25 दिसंबर को अचानक प्लास्टिक की प्रतिमा निर्माण कराकर स्थापित करने की कोशिश के चलते विवाद उठने पर अंततः प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम टाल दिया गया। इस मामले को लेकर महापौर अजय मिश्रा बाबा और नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय के बीच हुई जुबानी जंग भी चर्चाओं में रही।

## धन्य हुई विंध्य की धरा, जब दो रक्षा कमानों के प्रमुखों ने एक साथ मंच किया साझा

विंध्य की पावन धरा उस समय धन्य हो गई जब देश के दो प्रमुख रक्षा कमानों के प्रमुख सैनिक स्कूल की धरा पर एक साथ मंच साझा किया। यहां उल्लेखनीय पहलू यह रहा कि दोनो कमानों के प्रमुख विंध्य की माटी में जन्मे और रीवा की सैनिक स्कूल में दोनो एक साथ पढ़े भी। दोनो एक साथ थल और जल सेना के प्रमुख भी बने। हमारे लिए गौरव की बात यह रही कि दोनो एकसाथ रीवा पहुंचे और विंध्य की मांटी को नमन किया। सैनिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में आल इंडिया सैनिक स्कूल गेम्स में पहुंचे थे। उल्लेखनीय है कि जल सेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी सतना जिले के महुडर गांव के है जबकि थल सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी रीवा जिले के मढ़ी मुड़िला अब मऊगंज जिले के निवासी है। उल्लेखनीय है यह है कि भविष्य में जब-जब आपरेशन सिंदूर की चर्चा होगी तब-तब विंध्य की माटी के दोनो सपूतों एडमिरल दिनेश त्रिपाठी व जनरल उपेंद्र द्विवेदी का नाम गर्व से लिया जायेगा। आने वाले साल 2026 में भी दोनो जाबांज देश की रक्षा की रक्षा में डटे रहेंगे।




## विवाद के बाद स्थापित हुई श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा पुलिस लाइन चौराहे में स्थापित की जानी थी। उनकी प्रतिमा का निर्माण पूर्ण होने के बाद उनके जन्म दिवस पर अनावरण करने का निर्णय लिया गया और इसके लिए जब स्थल पर निर्माण कर प्रारंभ किया गया तो अचानक पुलिस ने सामने आकर यह कहकर निर्माण रोक दिया कि यह जमीन उनकी है। इसको लेकर रीवा से लेकर भोपाल तक दहचाल हुई और अंत में सरकार के सख्त निर्देश के उपरांत शांति पूर्ण ढंग से प्रतिमा का अनावरण किया गया।

## महाकुंभः वैश्विक पटल पर उभरा रीवा, मिली नई पहचान

144 वर्ष बाद तीर्थ राज प्रयाग में महाकुंभ का आयोजन हुआ। महाकुंभ में स्नान के लिए लिए इस बार देश के कोने-कोन के साथ ही देश विदेश से भी लोग पहुंचे। रीवा प्रयाग राज का समीवर्ती पड़ोसी जिला है। जब प्रयागराज में श्रद्धुलओं की भीड़ बढ़ी और वहां पांव रखने को जगह नहीं थी तब दक्षिण भारत के लाखों श्रद्धालुओं को रीवा में ही रोक दिया गया। अतिथि देवो भव की परंपरा का पालन करते हुए न केवल प्रदेश की भाजपा सरकार व जिला प्रशासन अपितु जिले के हर व्यक्ति ने मेजबानी का दायित्व निभाया। श्रद्धालुओं को उनके रहने भोजन आदि की व्यवस्था में सभी ने हाथ बढ़ाया। इससे रीवा का देश में मान बढ़ा। भारत के नक्शे पर रीवा मजबूती के साथ उभरा। जो केवल प्रकृतिक धरोहरों के कारण नहीं अपितु ऋषि अगस्त का मान रखते हुए अतिथि देवो भव की भूमिका निभाने के लिए। परिणामतःआज रीवा विश्व के पर्यटन नक्शे में नजर आने लगा है।



## एक गाने से मशहूर हुईं राखी द्विवेदी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में उनके प्रति आत्मिक स्नेह का भाव दिखाते हुए गायिका राखी द्विवेदी ने 'दिलदारों के दिलदार मोहन जीजा जी हमार गाना क्या गाया,' इस गाने से मुख्यमंत्री जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्हें 50000 रुपये का इनाम दे डाला और इस गाने के कारण ही वे इतनी मशहूर हुईं कि उन्हें बड़े-बड़े कार्यक्रमों में ऑफर मिलने लगे और वह गायकी के मामले में स्टार बन गईं।



## सुपर को मिली आधुनिक मशीनें

सुपर स्पेशलिटी में इस वर्ष हृदय रोग विभाग में कई उपलब्धियां हासिल की, ओपन हार्ट सर्जरी के नए रिकार्ड बनाए गए। सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में एमआरआई जांच की सुविधा भी शुरू हो गई है। कॉर्डियोलॉजी विभाग लगातार उपचार के नए तरीके अपनाकर हृदयरोगियों की जान बचा रहा है। पेसमेकर प्रत्यारोपण, डिवाइस से दिल के छेद का उपचार होने लगा है। सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी वार्ड की फॉल सीलिंग का गिरना और मेडिकल रिकॉर्ड ऑफिसर भर्ती में अनियमितता के आरोपों ने भी काफी किरकिरी कराई। चिकित्सकों का स्थानांतरण भी चर्चा में रहा।

### जिला अस्पताल में बढ़ी सुविधाएं

कुछ वर्षो पूर्व तक केवल रेफरल सेंटर की पहचान बना चुके जिला अस्पताल में लगातार वर्षवार सुविधाओ का विस्तार हो रहा है। वर्ष 2025 भी जिला अस्पलाल के लिए सौगात भरा रहा। जहां नवीन ओपीडी सहित 100 बेड बिल्डिंग का शुभारंभ हुआ। नेत्र रोगियों के लिए आईटी माड्यूलर ओटी की शुरुआत की गई। इसके अलावा ही यहां अस्थि रोग विभाग में डॉ.भागवत यादव द्वारा ट्रामा ओटी सेंटर में कई बड़ी सर्जरी कर मरीजों को राहत दी गई। नेत्र रोग विभाग में डॉ.नेहा तिवारी ने कई जटिल सर्जरी की जो प्रदेश के किसी जिला अस्पताल में नहीं हुई। सर्जरी विभाग के डॉ.सिद्वार्थ सिंह व डॉ.अलोक दुबे ने कई बड़ी सर्जरी कर मरीजों को राहत दी। सिविल सर्जन व आरएमओ की कुर्सी में बदलाव से जरूर व्यवस्थाएं लड़खड़ाई और मरीजों को परेशान होना पड़ा।



## पूर्व सांसद डॉ रामविलास वेदांती का परलोक गमन

श्री राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख स्तंभों में से एक पूर्व सांसद डॉ रामविलास वेदांती का साल के अंत में परलोक गमन भी सभी को झकझोर कर रख दिया। यह भी एक संयोग ही था कि इसी वर्ष राम मंदिर का लोकार्पण हुआ और इसी वर्ष के अंत में उनका परलोक गमन। राम मंदिर निर्माण उनका सपना था, इसके लिए उन्होंने जीवन भर लगातार संघर्ष किया और राम मंदिर निर्माण का सपना पूरा होने के बाद उन्होंने इस दुनिया से विदाई लेकर अनंत यात्रा के लिए चले गए, जहां से लौटकर कोई नहीं आता।

### ग्रामीण अंचल पर सुविधाओं का विस्तार

बता दें कि इस वर्ष सीएमएचओ डॉ.सजीव शुक्ला के प्रयासों से ग्रामीण अंचल पर भी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ, पोर्टेबल सोनोग्राफी सहित जांच व टीकाकरण की सुविधाओं का विस्तार हुआ। शहरी क्षेत्र को नवीन संजीवनी क्लीनिक, ग्रामीण अंचल में मऊगंज को 200 बिस्तरों के जिला अस्पताल की सौगात, सेमरिया, सिरमौर व जवा को सिविल अस्तपाल का दर्जा के बाद सुविधाएं, 9 समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित 124 उप स्वास्थ्य केन्द्रों को नवीन भवन का निर्माण कार्य, जिला क्षय केन्द्र के लिए जिला अस्पताल के समीप भूमि चिंहित की गई। लंबे समय से इसका निर्माण अटका हुआ था। इसके अलावा राष्ट्रीय मानक को पूरा करते हुए 12 स्वास्थ्य केन्द्रों ने एनक्वास सर्टिफिकेट हासिल किया।

"स्वास्थ्य विभाग के लिए वर्ष 2025 उपलब्धियों भरा रहा। प्रदेश स्तर पर शासकीय स्वास्थ्य सुविधाओं ने अपनी अलग पहचान बनाई। कई गंभीर बीमारियों की उपचार सुविधा यहां शुरू हुई, अब मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ता। ग्रामीण अंचल पर भी सुविधाओं और संसाधनों का विस्तार हुआ है। मरीजों को हर संभव उपचार प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।"

**डॉ.संजीव शुक्ला, सीएमएचओ रीवा**

## अभिनेता राज कपूर का मनाया गया जन्म शताब्दी समारोह

कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में इस वर्ष अभिनेता राज कपूर का जन्म शताब्दी समारोह मनाया गया। इसी स्थल पर उनका विवाह हुआ था, लिहाजा वहीं पर उनकी स्मृति में ऑडिटोरियम का निर्माण किया गया है और उनके जन्म शताब्दी समारोह में अभिनेता सोनू सूद एवं मुकेश तिवारी आदि का आगमन भी शहर के लिये यादगार रहेगा। सोनू सूद का आगमन पहली बार हुआ। कोरोना कल के दौरान सोनू सूद द्वारा रीवा के लोगों की भरपूर मदद की गई थी, जिस कारण रीवा में उन्हें बड़े आदर और श्रद्धा के भाव से देखा जाता है।

## रामायण शोध पीठ की स्थापना करने वाला पहला विवि बना एपीएसयू, टीआरएस ने डीम्ड के लिए बढ़ाया कदम

### वर्ष 2025 में छात्रों को मिली नए पाठ्यक्रमों की सौगात, नैक जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धि भी मिली



**जागरण, रीवा।** छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए वर्ष 2025 कई सौगाते लेकर आया। जिले के सबसे बड़े शैक्षणिक संस्थान अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया के कुशल मार्गदर्शन में इस वर्ष छात्रों को 32 नए पाठ्यक्रमों की सौगात की गई, नए पाठ्यक्रमों में बीटेक (डाटा साइंस), एमटेक (एआई एवं मशीन लर्निंग)व माइनिंग जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने कई पाठ्यक्रम सहित अर्हमू जैन शोध पीठ की स्थापना के साथ एमए में जैनोलॉजी, प्राकृत एवं बीए में जैनोलॉजी/प्राकृत पाठ्यक्रम शुरु किए गए। इसके अलावा गौसर्वधन एवं सात्विक आहार दो सर्टिफिकेट कोर्स शुरु कराए गए। विवि में कौशल विकास की दृष्टि से डिजाइनिंग, हार्डवेयर, सर्टिफिकेटपाथन, बेव डिजाइनिंग, ब्यूटी केयर, गार्डनिंग आदि रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों को शुरु कराया गया। इन पाठ्यक्रमों में छात्रों ने रूचि भी दिखाई। वर्ष 2025 में एपीएसयू ने रामायण शोध पीठ व महाराजा मार्तंड सिंह बघेली शोध पीठ की स्थापना की गई। रामायण शोध पीठ स्थापित करने वाला एपीएसयू पहला विवि बना। राष्ट्रीय स्तर की 8 कार्यशालाएं कुलगुरु के प्रयास से हुई, शोध पत्रों का राष्ट्रीय व अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशन किया गया। ई-गवर्नेंस प्रणाली को लागू किया गया, परीक्षा प्रणाली का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। छात्रों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन पोर्टल तैयार किया जा रहा है, जिसमें छात्र घर बैठे अपनी समस्या का निदान कर सकेंगे। चार एमओयू किए, जनजातीय कल्याण के लिए जनजातीय कल्याण केन्द्र बरगांव जिला डिंडोरी से, पतंजलि विवि हरिद्वार से एमओयू, एडब्लिट्ज क्रियेटिव कम्युनिकेशन इंडिया और यूएसए से एमओयू किया गया। विवि को कई वर्षो बाद नर्सिंग पाठ्यक्रमों की मान्यता देने की जिम्मेदारी दी गई। वर्ष 2025 में विवि के मुख्य पद कुलगुरु और कुलसचिव की जिम्मेदारियों में बदलाव हुआ। बता दें कि शासकीय रणमत सिंह महाविद्यालय को डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाने के लिए मप्र शासन द्वारा चयनित किया गया है, प्रदेश के तीन चयनित कॉलेजों में टीआरएस कॉलेज शामिल हुआख इसके अलावा मॉडल साइंस कॉलेज जबलपुर व एक्सीलेंस कॉलेज भोपाल से प्रस्ताव मांगा गया है। टीआरएस कॉलेज को तीसरी बार नैक में ए ग्रेड का दर्जा मिला। यहां खुद के वित्तीय संसाधनों से 23 करोड़ की स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों के लिए भवन निर्माण शुरु किया गया। मॉडल साइंस कॉलेज व जीडीसी में नए पाठ्यक्रम छात्रो के लिए शुरु किए गए। राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाओं का आयोजन हुआ। महाविद्यलीन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने परचम लहराया। विवि को 25 वर्ष बाद राज्य स्तरीय वॉलीबाल चैंपियन का खिताब मिला। हॉकी मैदान का निर्माण विवि प्रबंधन द्वारा कराया जा रहा है।

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

कॉस्मेटिक स्किन एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक
डॉ. सौरभ सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सर्जरी), MCH (प्लास्टिक सर्जरी)
समयः 4:00 PM से 7:30PM सोमवार से शनिवार, रविवार 12 PM- 02:00PM
• स्किन टैन, तिल, मस्से का उपचार टैटू रिमूवल
• झुरियां, मुंहासे के दाग के लिए
• सफेद दाग का इलाज • फिलर ट्रीटमेन्ट
• लेजर द्वारा नॉन सर्जिकल एवं सर्जिकल उपचार
• त्वचा संबंधी सभी विकृतियों का उपचार
• स्ट्रेच मार्क चोट, सर्जरी के दाग का उपचार
• हेयर लेजर रिमूवल (अनचाहे बाल) केमिकल पीलिंग से (झाइयों)
• कार्बन पीलिंग • Prp थैरेपी, GFC थैरेपी
• मेडिफेशियल, वैंपायर फेसियल
• हेयर ग्रोथ ट्रीटमेन्ट
• स्किन व्हाइटनिंग एण्ड ग्लो ट्रीटमेन्ट
07662.352194, 9827268788, 9825935433 (एमरजेन्सी नंबर)
पता-साक्षी मेडिकोज के बगल में, LIC क्र.-1 के नीचे, सिरमौर चौराहा, रीवा (म.प्र.)

2025 गुजरता साल यादगार लम्हे

# बढ़ते अपराध, निर्भय अपराधी, खौफजदा आमजन: हत्या, लूट और नशे ने बदली तस्वीर

## गड़रा कांड दे गया गहरा जख्म, जाति विभेद की गहरी हुई खाई

**जागरण, रीवा।** पिछले एक वर्ष में रीवा और मऊगंज जिले में आपराधिक घटनाओं का ग्राफ लगातार चिंता बढ़ाता नजर आया है। हत्या, लूट, चोरी, नशा तस्करी और महिला अपराध जैसी घटनाओं ने न सिर्फ कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किए है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता पैदा की है। इस अवधि में दर्ज मामलों का विश्लेषण यह दर्शाता है कि अपराध के तरीके बदले हैं, लेकिन डर और असुरक्षा की भावना गहराती चली गई है। मऊगंज जिले में हुए बहुचर्चित गड़रा कांड ने न भरने वाला गहरा जख्म दिया है। इस घटना ने जिले में जाति विभेद की गहरी खाई बना दी है। दो परिवारों ने अपने लोगों को खोया है। एक पुलिस अधिकारी की जान गई तो एक पिता ने अपना बेटा खोया। महीने भर अदने से गांव में कर्फ्यू लगा रहा। प्रदेश पुलिस डीजीपी व सीआईडी डीजीपी को आना पड़ा। प्रभारी मंत्री सहित कई नेता पहुंचे। हुआ यह कि होली दूसरे दिन एक युवक को आदिवासियों ने अगवा कर उसकी पीटपीटकर हत्या कर दी जब पुलिस बचाव अभियान में पहुंची तो ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला कर दिया। इस हिंसा में एक एएसआई अधिकारी की मौत के साथ कई पुलिस बल व तहसीलदार घायल हुए थे, प्रशासन ने इलाके में 163 लागू किया और विशेष बल तैनात किया। पुलिस ने घटना के बाद 32 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस घटना ने जहां मऊगंज जिले के एसपी-कलेक्टर को बदलने का कारण बनी तो तत्कालीन प्रभारी आइजी साकेत पांडेय को रीवा छोड़ना पड़ा। यह घटना प्रशासन के लिए बड़ा सबक है। भले ही घटना के लिए परोक्ष जिम्मेदार मानते हुए तत्कालीन अधिकारियो को हटा दिया गया हो या फिर घटना में सम्मिलत आरोपियों को जेल भेज दिया गया हो लेकिन जो दाग जिले के माथे में लगा है उसे मिटाने में लंबा समय लगेगा।



## सराहनीय रही नशे पर लगाम की कोशिश

नशे पर लगाम लगाने की दिशा में पुलिस का प्रयास सराहनी कहा जा सकता है। रीवा और मऊगंज पुलिस ने नशा तस्करों पर अच्छी कार्रवाई की। प्रायः हर थाने में कार्रवाई चोरहटा पुलिस ने मेडिकल नशे की बड़ी तस्करी का खुलासा किया था। 27 जून 2025 को चोरहटा पुलिस ने ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 3,34,368 नशीले कैप्सूल बरामद किए थे जिसकी अनुमानित कीमत 23 लाख रुपए से अधिक थी। ये टैबलेट्स (जैसे ट्रामाडोल सहित अन्य नियंत्रित दवाइयाँ) एक मेडिकल एजेंसी के नाम पर चल रहे अवैध नशा कारोबार से जुड़े थे। मामले में आरोपी सज्जन पटेल, पुष्पेंद्र नमदेव और मनोज गुप्ता को पुलिस ने पकड़ा था। जिसके बाद भोपाल से भी मेडिकल नशे के मामले में फरार तस्कर पकड़ा गया था। यह कार्रवाई रीवा शहर में चल रहे नशा वितरण नेटवर्क को उजागर करने वाली बड़ी सफलता मानी गई, क्योंकि यहां बड़ी मात्रा में टैबलेट की सप्लाई पकड़ी गई और मुख्य सप्लाई चेन की पहचान के प्रयास किए गया। रीवा ज़िले में मादक दवाओं और नशीले टैबलेट्स के बड़े जखीरे का खुलासा व गिरफ्तारी हुई। इसके अलावा मऊगंज, रीवा विभाग का हिस्सा होने के नाते, सीमावर्ती यूपी से आने वाले नशे के नेटवर्क का प्रभाव भी पुलिस के लिए चुनौती था, यूपी से मेडिकल नशे की सप्लाई करने वाले आरोपियों पर भी पुलिस ने कार्रवाई की।

## सड़क हादसे ने लील ली 4 सौ से अधिक जिंदगी



वर्ष 2025 में सड़क हादसों ने 400 से अधिक लोगों की जिंदगी लील ली। करीब 1350 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं जिले में सामने आई। सबसे अधिक सड़क दुर्घटना रीवा प्रयागराज चाकघाट मार्ग तक सामने आई इसके साथ ही रीवा से डभौरा तक 90 किलोमीटर दूरी वाले मार्ग दूसरे नंबर पर रहा तो वहीं रीवा-गुढ़ से मोहनिया घाटी व गोविंदगढ़ से छुहिया घाटी तक हुई सड़क दुर्घटनाओमें कई लोगों काल के गाल मे समा गए। नवंबर 2025 में, गढ़ थाना क्षेत्र के तेंदुआ-कोठार गांव के पास एक तेज रफ्तार स्कार्पियों ने सड़क किनारे खड़े लोगों के साथ बाइक सवारों को टक्कर दी। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। एक घायल की अस्पताल में मौत हो गई थी। वहीं सोहागी पहाड़ के पास एक सीमेंट-लोडेड ट्रक पलटने से ऑटो सवार लोगों की जान चली गई। यह हादसा भी जिले के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं था। इसी अवधि में, एक कार पुल से टकरा कर नीचे गिर गई इस दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हुई, जबकि दो अन्य घायल हुए। मार्च 2025 में, एक ट्रक की टक्कर में क्षेत्र में चार लोगों की मृत्यु हुई थी। चालू वर्ष 2025 में अकेले कुछ प्रमुख दुर्घटनाओं में जान माल का नुकसान हुआ था। इसी तरह मऊगंज के दामोदरगढ़ घाटी में भारी दुर्घटना, जहाँ केमिकल से भरा ट्रक 100 फीट खाई में गिर गया। इससे इलाके में बचाव और यातायात प्रभावित हुआ था। इसी के साथ स्थानीय स्तर पर मेडिकल स्टोर से ली गई दवा की वजह से एक 5-महीने के बच्चे की मौत जैसी दिल दहला देने वाली घटना ने भी स्वास्थ्य सेवाओं को आइना दिखाया था।

## शर्मशार हुई मानवता, पत्नी के साथ अंतरंग वीडियो को किया वायरल

रीवा जिले में रिश्तों को शर्मशार करने वाला एक ऐसा वीडियो सामने आया जहां पति ने अपनी पत्नी के साथ अंतरंग संबंधों को सोशल मीडिया में सार्वजनिक कर पत्नी का जीवन बर्बाद करने की कोशिश की। वीडियो सामने आने के बाद पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ आईजी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। चर्चा है कि पॉर्न स्टार बनने की चक्कर में पति ने अपनी पत्नी का अश्लील वीडियो उसके बिना जानकारी के बनाया और वायरल कर दिया। इसी प्रकार मऊगंज में एक आरोपी ने रेप कर अश्लील वीडियो वायरल किया, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की। इसके साथ ही 8 वर्ष की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई, जिसने स्थानीय समुदाय को झकझोर दिया। इसके साथ ही सोशल मीडिया फेम के लिए 17 वर्षीय लड़की द्वारा नकली आत्महत्या पोस्ट ने भी पुलिस और परिवार को तनाव में डाला। वहीं मोबाइल गेम को लेकर हुआ विवाद दिसम्बर 2025 में एक पति जिसे कथित रूप से मोबाइल गेम की लत थी ने अपनी नई विवाहिता पत्नी की हत्या कर दी। पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच के बाद उसे गिरफ्तार किया था।

## 35 जिम्मेदारों के रिश्वत से रंगे हाथ लोकायुक्त ने किया ट्रैप

**रीवा।** लोकायुक्त की टीम ने रीवा सहित संभागभर में रिश्वत मांगने की मिली शिकायत के बाद वर्ष 2025 में 35 अधिकारी- कर्मचारियों को रिश्वत लेते ट्रैप किया। इनके खिलाफ भ्रष्टचार निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। दो कर्मचारी पद का दुरुपयोग करते पाए गए, जिनके विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। रीवा लोकायुक्त की प्रमुख कार्रवाइयों की बात करें तो जनवरी 2025 में एक क्लर्क को पकड़ा गया जो 50,000 रुपए और 5 लाख के चेक के साथ ट्रैप हुआ। यह कार्रवाई मऊगंज विकासखंड, शिक्षा विभाग के कार्यालय में की गई थी। आरोप था कि आरोपी क्लर्क एक रिटायर्ड प्रिंसिपल से अवकाश/एरियर्स भुगतान में सहायता के नाम पर रिश्वत मांग रहा था। इसके अलावा साथ ही राजस्व विभाग के कई पटवारी भी रिश्वत लेते पकड़े गए। 5,000 रुपये सतना में पटवारी को ट्रैप किया गया था। भूमि से संबंधित कार्य के लिए पटवारी 15,000 रिश्वत की मांग किया थ्ना। 2,500 पहले ही ले चुका था। लोकायुक्त टीम ने उसे 5,000 लेते रंगे हाथों पकड़ा। इसके साथ ही रिक्ति नामांतरण के लिए पटवारी नवीन गुप्ता जमीन नामांतरण के फ़ाइल को पारित करने के लिए रिश्वत मांगने के आरोप में पटवारी को ट्रैप किया गया था। इसी तरह शहडोल में रोज़गार सहायक को 10,000 रुपये रिश्वत लेते लोकायुक्त की टीम ने गिरफ्तार किया था, जो संबल व आवास योजनाओं में लाभ दिलाने के नाम पर रिश्वत की मांगकर रहा था। इसके साथ पंचायत सचिव, एसडीएम का स्टेनों सहित कई अधिकारी कर्मचारियों के हाथ रिश्वत के पैसे से रंगे मिले। लोकायुक्त की टीम ने वर्ष 2025 में जनवरी माह में 3, फरवरी में 1, मार्च में 1, अप्रैल में 1, मई में 2, जून में 1, जुलाई में 3, अगस्त में 3, सितंबर में 4, अक्टूबर में 4, नवंबर में 6 व चालू दिसंबर माह में 6 ट्रैप कार्रवाई की है।



## साल की इन घटनाओं पैदा किया खौफ

### गैंगवार व फायरिंग

अगस्त 2025 में रीवा के इंदिरा नगर मोहल्ले में बाइक सवार हथियारबंद युवकों के बीच झड़प हुई। दो गुटों के बीच मारपीट हुई और कुछ आरोपियों ने कट्टे से फायरिंग भी की। घटना में दो युवक घायल हुए थे।



### दोस्त ने दोस्त का काटा गला



मई 2025 में एक युवक ने रुपये के लेन-देने को लेकर विवाद के बाद अपने दोस्त की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने चाकू से वार किया और पूरी वारदात वीडियो बना ली। बाद में पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी और वीडियो बनाने वाले साथी को गिरफ्तार किया था।

### किशोर की हत्या: पत्थर बाँधकर शव कुएँ में फेंका

सितंबर 2025 में सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कपुरी गांव के 17 वर्षीय किशोर अर्पित विश्वकर्मा की हत्या हुई। पांच दिन बाद उसकी लाश कुएं में पत्थर बाँधकर मिली। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसियों ने मिलकर हत्या की थी। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था।



### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म



नवंबर 2025 में सेमरिया थाना क्षेत्र में एक 16-वर्षीय नाबालिग लड़की को आम के बगीचे में बेहोशी की हालत में पाया गया। उसके सिर पर गंभीर चोट थी, और परिजनों ने दुष्कर्म की आशंका जताई थी। पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में लिया था।

### अपहरण की कोशिश

2025 में रीवा में एक युवक को फिल्मी अंदाज़ में अपहरण (बाइक रोक कर, मार-पीट कर बोलेरो में बिठा लेने) की कोशिश की गई। अबतक सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन आरोपित पकड़े गए।



### टॉपर छात्रा से दुष्कर्म



2025 में सेमरिया थाना क्षेत्र की एक छात्रा जो बोर्ड परीक्षा में टॉपर थी को अगवा कर बंधक बनाकर 8 से 9 दिन तक दुष्कर्म का शिकार बनाया गया। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद पुलिस पूरी घटना की विवेचना कर रही है।

## इन सनसनीखेज मामलों का पुलिस ने किया खुलासा

वर्ष 2025 में घटित गंभीर व सनसनीखेज मामलो में विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में 26 सितंबर को इटौरा दयालू नगर में नेहा सिंह की हत्या का मामला सामने आया था। मृतका नेहा सिंह पत्नी रावेन्द्र सिंह उम्र 35 साल निवासी इटौरा दयालूनगर का शव उसके घर अंदर कमरे में रक्त रंजित हालत में बेड पर पड़ा था। पुलिस ने पीएम पंचनामा कार्यवाही के बाद अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 103(1), 332 (ए) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने घटना के 24 घण्टे के अंदर मृतका के रिस्ते के देवर पुष्पेन्द्र सिंह, पिता कमल सिंह उम्र 36 साल निवासी पल्हरी नरैनी पो0 पचोखर जिला बांदा उ0प्र0 को गिरफ्तार कर लूटा गया सोने चांदी का जेवरात व 17 लाख नकद सहित सामग्री जब्त की थी। मामला जघन्य एवं सनसनीखेज होने से चिन्हित श्रेणी में लिया जाकर महत्तपूर्ण साक्ष्य संकलन विवेचना जारी है।

## क्राइम सेंसेक्स 2025

आज से वर्ष 2025 के यादे शेष रह जाएगी। बीते वर्ष की तुलना में 25 दिसंबर तक दर्ज आपराधिक प्रकरणों पर नजर डाली जाए तो बीते वर्ष की तुलना में हत्या के दो मामले बढ़े है, वहीं चोरी, गृहभेदन व वाहन चोरी के मामले भी बढ़े है। इसके साथ ही लूट के मामले पहले से कम हुए है तो वही पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अधिक कार्रवाई की है।

| | |
|---|---|
| हत्या | 36 |
| चोरी | 874 |
| डकैती | 01 |
| साईबर क्राइम | 21 |
| महिला अपराध | 1803 |
| नशा तस्करी | 155 |

## ईओडब्लू ने 5 ट्रैप कार्रवाई कर पकड़ी आय से अधिक संपत्ति

ईओडब्लू ने वर्ष 2025 में 5 ट्रैप कार्रवाई कर आय से अधिक संपत्ति कर अकूत धन अर्जित करने वाले लोगों के ठिकाने पर छापेमारी कर कार्रवाई की। रीवा, सतना और सीधी में की गई कार्रवाई में सीधी जिले के एक प्राचार्य अभिमन्यू सिंह के घर से 3.31 करोड़ की अकूत संपत्ति मिली थी साथ ही अवैध पिस्टल भी बरामद हुई थी। इसके अलावा सतना में बिरिसिंहपुर तहसील के राजस्व निरीक्षक को सीमांकन एवं बटनवारा के एवं में रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था। इसके साथ ही रोजगार सहायक, सचिव भी ईओडब्लू की रडार पर रहे।

## बाइकर्स गैंग के लुटेरों ने कबूली लूट की 26 घटनाएं

बाइकर्स गैंग के लुटेरे लगातार वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चैलेंज दे रहे थे, जिस पर एक्टिव हुई पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट /छपटमारी की 26 घटनाओं का खुलासा किया। एक सप्ताह पूर्व से अचानक तेजी आई थी। 27 अगस्त को चोरहटा में झपटमारी कर लूट की दो घटनाए सामने आई थी। इसके बाद आरोपी नौवस्ता रोड में ग्राम कौआढान के पास से पकड़े गए। पुलिस ने आरोपियों से अलग अलग बाइको से माह जनवारी से लेकर अब तक जिले में 26 घटनाएं कबूल करवाई। सिविल लाइन थाना अंतर्गत 07, विवि. थाना अंतर्गत 04, गुढ व रायपुर में हुई घटनाओं का खुलासा किया था। आरोपी के साथी पंकज साकेत एवं लूट का माल खरीदने वाले सचिन सोनी निवासी मनगवां एवं माल छुपाने में सहयोग करने वाले उसके भाई गो0 सलीम खान को भी चोरहटा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। आरोपी रमप्रान के अन्य साथी राजेश साकेत को थाना सिविल लाइन में नशीले मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया है जिसके संबंध में थाना सिविल लाइन में पृथक से कार्यवाही की गई है।

## विद्युत तार चोरी के मामले में अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ाया



विद्युत तार एवं सामग्री चोरी करने वाले अन्तर्गराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश विगत दो वर्षो से रीवा जिले के विभिन्न थाना अन्तर्गत आरडीएसएस योजना अन्तर्गत एमपीईबी विभाग के विद्युत तार, रैबिट कंडक्टर व इंसुलेटर एवं अन्य सामग्री की हो रही चोरी के करीब 60 से अधिक चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए श्री उदित मिश्रा उपुअ मु0 के नेतृत्ताय में टीम का गरान किया गया। टीम द्वारा विभिन्न स्तरों पर जांच करके सीसीटीव्ही फुटेज व मुखबिर सूचना के आधार पर जिला प्रदेश स्तर पर एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया जाकर करीब 17 आरोपियों को गिरप्तार कर चोरी गये गरारूका में से 1-06 क्विंटल एल्युमीनियम तार कीमती लगभग 1.5 लाख रूपए 2. 2.5 क्विंटल कॉपर स्ट्रिंग गायर कीमती लगभग 3.5 लाख रूपए 3. 01 नग स्कॉर्पियो वाहन कीमती लगभग 10 लाख रूपए 4. 02 नग बोलेरो वाहन कीमती लगभग 20 लाख रूपए 5. 02 लोडर वाहन कीमती लगभग 15 लाख रूपए कुल कीमती करीबन 50 लाख से अधिक का मसरूका जप्त कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाकर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया गया है।

## ट्रक में मिला था 31 लाख का गांजा



विश्वविद्यालय पुलिस ने 5 जुलाई को अजगरहा बाईपास मोड़ के पास रेड कार्यवाही कर दौरान ट्रक चालक रोहित सिंह को पकड़ा। ट्रक की तलाशी पर पुलिस को उसके केबिन में कुल 16 बोरियों में 448 पेकेट गांजा के मिले पुलिस ने 14 क्विंटल 48 किलो गांजा जब्त किया था जिसकी करीब 31 लाख रुपए से अधिक थी। पुलिस ने मामले में चालक रोहित सिंह एवं वीरेन्द्र पटेल के मेमोरण्डम लेख कर दोनों ट्रक गांजा सहित जप्त कर अभियुक्तो की गिरप्तारी कर एनडीपएस एक्ट के तहत कार्रवाई की थी साथ ही इसी मामले में फरार आरोपी उमेश सिंह को पुलिस ने 6 जुलाई को गिरप्तार किया गया तथा फरार अभियुक्त शिवबालक की पता तलाश विवेचना जारी है।

## एसजीएमएच के गायनी ओटी में लगी आग

**रीवा।** जिले के स्वास्थ्य विभाग के लिए वर्ष 2025 ने कई उपलब्धियां दी। हालांकि कई बड़ी घटनाओं ने राष्ट्रीय पर चर्चा का विषय बनी रही। मेडिकल कॉलेज रीवा में प्रसूताओं और बच्चों के बेहतर इलाज के लिए 287 करोड़ की लागत से मदर एंड चाइल्ड विंग को स्वीकृति मिलना सबसे बड़ी उपलब्धि रही। विंध्य में पहली बार स्किन बैंक की शुरुआत हुई। इसके साथ ही सीएलएमसी मिल्क बैंक की स्थापना का काम लगभग पूर्णता की ओर है। जेनेटिक लैब इसका भी काम शुरू है, इसके लिए 100 लाख की राशि स्वीकृत हुई है। एसजीएमएच में गैस्ट्रो विभाग शुरू करने के लिए 6 करोड़ की राशि मिली है, यह विभाग भी जल्द ही सेवाएं शुरू कर देगा। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का लाभ लेने में रीवा पूरे मध्य प्रदेश में नंबर.1 पर रहा। यहाँ से रिकॉर्ड संख्या में गंभीर मरीजों को एयरलिफ्ट किया गया। 35 मरीजों को सुविधा मिली। संभाग में इनकी संख्या 41 रही। ई.ऑफिस प्रणाली लागू करने वाला यह प्रदेश का पहला संस्थान बना। कई उपलब्धियों के बीच विवादों ने साल भर परेशान किया। सबसे ज्यादा सुर्खियों में इस कॉलेज आंतरिक कलह उजागर गायनी विभाग का आंतरिक कलह भी सामने आ गया। विभागाध्यक्ष के खिलाफ इस विभाग के चिकित्सकों ने खुलेआम मोर्चा खोल दिया। अपने इस्तीफे सौंप दिए। जिले के चिकित्सीय इतिहास में इस तरह का घटनाक्रम शायद ही इससे पहले कभी हुआ। जीएमएच में इस साल गायनी विभाग की साख कई बार दांव पर लगी। प्रसूताओं को दी गई दवाओं के रिएक्शन के कारण याददाश्त जाने के मामले ने पूरे प्रदेश में हलचल मचा दी। प्रसूताओं की हालत देखकर परिजन की धडक़न बढ़ गई थी। कई नवजातों की मौत को लेकर हंगामा होता रहा। ईएनटी विभाग के चिकित्सक डॉ.असरफ पर प्रताड़ना का आरोप लगा, निलंबन की कार्यवाही का सामना करना पड़ा। गायनी ओटी में फायर सेफ्टी के पुख्ता इंतजाम न होने से प्रसव के दौरान आग लगी, इस दौरान मृत नवजात आग में झुलस गया। इस आग के साथ करोड़ो की क्षति भी हुई।



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# फिर चुनौतियों से घिरी नजर आ रही है कांग्रेस

*निस्संदेह, देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस को फिलहाल बेहद मुश्किल दौर से गुजरना पड़ रहा है। चुनाव दर चुनाव उसका दायरा लगातार सिमटता जा रहा है। दिल्ली और बिहार विधानसभा चुनावों में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। हालांकि, पार्टी ने 'वोट चोरी' मुहिम को बड़ा मुद्दा बनाने का पुरजोर प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद उसके परंपरागत वोट फिर लौटकर नहीं आए। बल्कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों को भी सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिल सका। पार्टी के लिए आने वाला साल एक नई चुनौती लेकर आ रहा है।*

*आने वाले साल में असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी के 140वें स्थापना दिवस पर शीर्ष नेतृत्व का आत्मविश्वास से भरा रवैया दिखाना स्वाभाविक ही कहा जाएगा। इस आयोजन के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि 'कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है, जो सदैव हर कमजोर, वंचित और मेहनतकश व्यक्ति के हितों के लिए खड़ी रही है।' वहीं इस दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणा की कि 'कांग्रेस एक विचारधारा का नाम है और विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं।' लेकिन वास्तव में एक कड़वी सच्चाई यह है कि पार्टी के अस्तित्व पर संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। पार्टी संगठन में असंतोष की आहटें साफ तौर पर सुनाई दे रही हैं। यह असंतोष किस हद जा पहुंचा है, हालिया घटनाक्रम इसकी पुष्टि करता है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की कुशल संगठनात्मक रणनीति की प्रशंसा और ट्विटर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी थी।*

*दरअसल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने जमीनी स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। देखा जाए तो गाहे-बगाहे कांग्रेस संगठन से शीर्ष स्तर पर गहरे तक जुड़े रहे दिग्गज कांग्रेस नेताओं के पार्टी लाइन से हटकर दिए गये बयान पार्टी के लिए असहज स्थिति पैदा करते रहे हैं। जब कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह का भाजपा व आरएसएस की संगठनात्मक शक्ति को लेकर चौंकाने वाला बयान सार्वजनिक विमर्श में आया, तो उनके विचारों के प्रति शशि थरूर का संयमित समर्थन करता दृष्टिकोण भी सामने आया, जो यह भी दर्शाता है कि मौजूदा चुनौतियों के बीच कांग्रेस पार्टी संगठनात्मक शक्ति के पुनर्निर्माण के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं कर सकती। अक्सर कांग्रेस यह दावा भी करती रही है कि इतिहास, मूल्य और विचारधारा उसकी मूल पूंजी हैं। इस पूंजी को चुनावी लाभ में परिवर्तित किया जा सकता है या नहीं, यह बयानबाजी से कम और पार्टी में सुधार, संगठन के पुनर्गठन और जनता से प्रभावी ढंग से पुनः जुड़ने की क्षमता पर अधिक निर्भर करता है। ऐसे समय में, जब राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा का वर्चस्व बना हुआ है और यह कह सकते हैं कि सभी क्षेत्रों में इसका दबदबा कायम है, भाजपा ने तो यहां तक कह दिया है कि कांग्रेस 'चापलूसों की सेना' है। साथ ही उसे भारतीय लोकतंत्र की 'सबसे कमजोर कड़ी' तक करार दे दिया है। निस्संदेह, यह आलोचना, जो काफी हद तक सच के करीब है, कांग्रेस को आत्ममंथन करने और मौजूदा स्थिति में बदलाव लाने के लिए भी प्रेरित करेगी। इस बात में दो राय नहीं हो सकती है कि अपने एक सौ चालीस साल के इतिहास में कांग्रेस एक चुनौतीपूर्ण मोड़ पर खड़ी हुई है। ऐसे में इस पार्टी का पुनरुत्थान भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने के लिए विपक्ष की संभावनाओं की कुंजी भी साबित हो सकता है। विश्वास किया जाना चाहिए कि अतीत की विफलताओं से सबक लेकर कांग्रेस पार्टी नये साल में नये तेवरों के साथ जनता के दरबार में जाएगी।*

उत्तर पूर्व

## देश के इस अपेक्षाकृत दूरदराज कोने में बढ़ रही है बेचैनी

# नाजुक मुद्दों को संबोधित करने की जरूरत

**गुरबचन जगत**

देश के उत्तर पूर्व में बढ़ते असंतोष को नियंत्रित नहीं किया गया तो यह बड़ी अस्थिरता का कारण बन सकता है। इस संवेदनशील क्षेत्र में मौजूदा चुनौती को पहचानकर समाधान करने के लिए तत्पर रहने की जरूरत है। खासकर पाकिस्तान, बांग्लादेश, चीन के गठजोड़ के मंसूबों के मद्देनजर। सदियों से, भारत अनगिनत हमलों का निशाना बनता रहा। यह एक प्राचीन सभ्यता थी, जिसके पास बेशुमार दौलत थी, और मध्य एशिया, ईरान, यूनान आदि के राजा सदा भारत पर हमला करने और उसे लूटने की कोशिश करते रहते थे। गौरी, गजनवी, अब्दाली, मुगल... ये सभी उत्तर-पश्चिम की तरफ से, खैबर दर्रे या ईरान और आज के पाकिस्तान के रास्ते आए। उन्होंने लूटा, अपवित्र किया, नरसंहार किया और कुल मिलाकर उस भूमि को बर्बाद कर दिया। मुगलों ने एक कदम और आगे बढ़कर यहां पर अपनी जड़ें जमा लीं और सदियों तक राज किया। हालांकि, हमारे दक्षिणी राज्य और साम्राज्य, अपनी दूरी के कारण, इन हमलों को भुगतने से बचे रहे, और वहां लंबे समय तक समुद्र के रास्ते कोई हमला नहीं हुआ। उन्होंने नजदीकी एवं सुदूर पूर्व के देशों के साथ व्यापार किया; उस व्यापार से आखिरकार जो आया, वह था यूरोपीय लोगों के रूप में एक कहीं ज़्यादा घातक हमलावर।

पुराने उत्तर-पूर्वी राज्य (अहोम, मैतेई, कचारी, त्रिपुरी, वगैरह) लंबे समय तक निरंतर आपसी संघर्ष और अशांति की स्थिति में थे। अंग्रेजों ने जो वर्गीकरण थोपा उससे यह पुरानी दरारें और ज्यादा चौड़ी हो गईं। इसमें और इजाफा हुआ बर्मा साम्राज्य के साथ युद्ध और संघर्ष से।

आज मैं जिस पर ध्यान केंद्रित करना चाहूंगा वह है उत्तर-पूर्व,क्योंकि भारतीय उपमहाद्वीप के इस अपेक्षाकृत दूरदराज कोने में एक बेचैनी पनप रही है, जिसे अगर थामा नहीं गया, तो आने वाले समय में यह इस क्षेत्र में बहुत अस्थिरता का स्रोत बन जाएगा। प्रकृति को शून्यता पसंद नहीं और यह तब और भी ज़्यादा लागू है जब बात शक्ति और अधिकार की शून्यता भरने की आए। जो आग आज एक छोटी सी झाड़ी की लग रही है, ऐसे में जब कतिपय 'तत्वों' द्वारा हवा दी जा रही हो, तो कल को वह एक बेकाबू दावानल बन सकती है जिसे बुझाने में भारी संसाधन खपाने पड़ेंगे और यह हमें और कमजोर करेगी। यही वह कमजोरी है जो सदियों से हमलावरों को लाती रही है।

आज की तारीख में, दक्षिण अभी भी सुरक्षित है, सिवाय समुद्र के रास्ते होने वाली बड़े पैमाने की तस्करी के। इस समस्या से निपटने के लिए हमारे पास तट रक्षक बल और नौसेना है। उत्तर और उत्तर-पश्चिम में नियंत्रण रेखा के पार से पाकिस्तान और लद्दाख में चीन की लगातार चुनौती बनी हुई है। यहां संघर्ष की सीमाएं पुरानी हैं, और नागरिक तथा हमारे रक्षा बल हमलावरों और घुसपैठियों की परेशान करने वाली लहरों के उतार-चढ़ाव के आदी हैं। मैं ऐसा नहीं कहूंगा कि यह एक तेज़ी से क्रमिक विकास करती चुनौती नहीं है, लेकिन शायद समय के साथ यह अपनी मौजूदगी में स्थिर रही है।




पूर्वोत्तर की बात करें तो, हमें इस मोर्चे पर जिस गंभीर और आसन्न खतरे का सामना करना पड़ सकता है, उसे पहचानना होगा। क्योंकि आज हमारे पास पड़ोसी के तौर पर एक अस्थिर म्यांमार है, साथ ही बांग्लादेश भी है, जो पहले हमारा दोस्त था लेकिन अब हमारे प्रति बहुत ज़्यादा बैर पाले हुए है। बांग्लादेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अलग-थलग करने और चीन की मदद से उग्रवाद को बढ़ावा देने की ज़रूरत के बारे में नियमित बयान दे रहे हैं। पाकिस्तान, चीन की गुप्त मदद से उनके साथ है और उन्हें जन, सामान और नैतिक समर्थन दे रहे हैं। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को भारत के प्रति अपनी बुरी भावना और कश्मीर के लिए अपने मंसूबे ज़ाहिर करने में जरा हिचक नहीं है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर गंभीर अत्याचार हो रहे हैं और निशाना बनाकर हत्याएं हो रही हैं। चीनी ड्रैगन की लगातार बढ़ती मौजूदगी एक खतरा है जो हर दिन बढ़ रहा है पेंटागन की रिपोर्ट से पता चलता है कि ताईवान की तरह चीन के लिए अरुणाचल प्रदेश बहुत अहम इलाका है। अरुणाचल सीमा के पार चीन अपने मिलिट्री ठिकानों को तेज़ी से बढ़ा रहा है, जिसमें अग्रिम इलाकों में हवाई अड्डे और हैंगर शामिल हैं। उसने इस इलाके में गांव भी बसाए हैं। याद रखें कि लद्दाख इलाके में हमारी चीन के साथ आमने-सामने की टक्कर हुई है। चीन लगातार ऐसे इलाकों की तलाश में है जहां अग्रिम ठिकाने बनाए जा सकें। इस बीच, ऐसी खबरें आई हैं कि उल्फा के कई गुट चीन से निकलकर बांग्लादेश जा रहे हैं और अपने जैसी अन्य ताकतों के साथ गठजोड़ कर रहे हैं। ये गुट पश्चिम बंगाल, असम, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में विगत के आंदोलनों के बचे-खुचे हिस्से को हवा देंगे। हमारे इन राज्यों में पहले से ही अंदरूनी समस्याएं हैं जो हाल के सालों में और बढ़ गई हैं। मसलन, मणिपुर में मैतेई और पहाड़ी जनजातियां- कुकी, नागा वगैरह ऐतिहासिक मतभेदों के कारण आपस में बंटी हुई हैं। ये पहाड़ी जनजातियां मिजोरम, मेघालय और नगालैंड में भी फैली हुई हैं। मणिपुर में हिंसा लगातार जारी है और जबकि वहां सेना, अर्धसैनिक बल और पुलिस की भारी मौजूदगी है। इस समस्या को हल करने की ज़रूरत है, और बलों को कार्रवाई की एक स्पष्ट योजना दी जानी चाहिए। मिजोरम, मेघालय और नगालैंड में शरणार्थी कैंप हैं, जो विस्थापित जनजातियों के प्रति सहानुभूति दर्शाते हैं। इस समस्या में और वृद्धि यह हो सकती है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, चीन और म्यांमार की सक्रिय मदद से पुरानी आंतरिक गड़बड़ी फिर से शुरू हो सकते हैं। यहां सनद रहे कि इन विद्रोहों को पहले पहल लोगों का समर्थन मिला था। इन इलाकों में लंबे समय तक सामान्य राजनीतिक गतिविधियों पर रोक रही, और इन्हें काबू में लाने में सेना, कूटनीति और नागरिक प्रशासन को दशकों तक मेहनत करनी पड़ी। इन संगठनों के संयुक्त प्रयासों से राजनीतिक प्रक्रिया बहाल हो पाई। अभी भी कुछ सेवानिवृत्त सेना, नागरिक और पुलिस अधिकारी हैं, जिन्हें उस समय की कई खौफनाक कहानियां याद हैं। दशकों से बहुत खून बह चुका है- हमारे सुरक्षाकर्मियों और इन राज्यों में रहने वाले हमारे लोगों का खून। आइए अब हम अपने राजनीतिक और नागरिक समाज के तमाम संसाधनों का इस्तेमाल इस समस्या को हल करने में करें, ताकि हमें फिर से हथियारों का सहारा न लेना पड़े। आइए हम दुश्मन का दृढ़ता से सामना करें, जिस भी तरह से सही लगे, लेकिन उन्हें अपनी नापाक योजनाओं को पूरा न करने दें।

पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और चीन का आपसी गठजोड़ कोई कल्पना न होकर एक सच्चाई है। यदि इसे नहीं रोका गया, तो यह गठजोड़ विद्रोही ताकतों से मिल जाएगा, तब हालात और भी खराब हो जाएंगे। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि आज अमेरिका अपनी ही रणनीति पर चल रहा है- हमारे हित उससे मेल खाते हैं या नहीं, इससे अमेरिकियों को कोई फर्क नहीं पड़ता। कार्रवाई करने का समय अभी है।

क्या हम इस चुनौती को पहचानने और उसका डटकर सामना करने के लिए तैयार हैं? जैसा कि शेक्सपियर ने लिखा था, 'इंसानों के मामलों में एक ऐसा मोड़ आता है, इसका सही समय पर फायदा उठा लिया जाए, तो किस्मत बदल देता है...।'

खुला मंच

# वैदिक घड़ी और कालगणना

**लोकेन्द्र सिंह**

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री आवास के बाहर लगी 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' सांस्कृतिक पुनरुत्थान का केंद्र बन गई है। 'वैदिक घड़ी' का अनावरण करके कालगणना की परंपरा को फिर से लोक प्रचलन में लाने के प्रयासों का केंद्र बिन्दु भी मध्यप्रदेश को बना दिया है। उम्मीद है कि भविष्य में पंचांग पर आधारित यह 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' लोक प्रचलन में आ जाएगी और तिथि, मुहूर्त, माह, व्रत, त्योहार की सटीक जानकारी प्राप्त करने की हमारी कठिनाई को दूर कर देगी। इसके साथ ही, डिजिटल घड़ियों में भी जल्द ही यह सुविधा आ जाएगी कि हम उनमें 'भारत का समय' देख सकें।

भारतीय कालगणना पर आधारित आधुनिक घड़ी की आवश्यकता हमारे नित्य जीवन में इसलिए भी है क्योंकि वर्षों से बाहरी आक्रमणों के साथ संघर्ष में बहुत कुछ भूलने के बाद भी हम अपने शुभ कार्यों को अपनी कालगणना के आधार पर ही सम्पन्न करते हैं। बच्चे के नामकरण, विवाह, त्योहार, नये कार्य का शुभारंभ, संपत्ति क्रय-विक्रय इत्यादि में हम अपने पंचांग का ही सहारा लेते हैं। लेकिन सामान्य नागरिकों को कालगणना की समझ नहीं होने के कारण अक्सर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर, तिथियों की गणना में आम नागरिक भ्रमित होता है। जब उसके सामने यह वैदिक घड़ी होगी तो वह स्वयं ही आसानी से ज्ञात कर लेगा कि इस समय कौन-सी तिथि और मुहूर्त है। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी में एक दिन (सूर्योदय से अगले सूर्योदय तक) में 30 मुहूर्त होते हैं। प्रत्येक मुहूर्त में 30 कला और प्रत्येक कला में 30 काष्ठा होती हैं। यह घड़ी किसी भी स्थान के अक्षांश, देशांतर और स्थानीय सूर्योदय के आधार पर वैदिक समय की सटीक गणना करती है। वैदिक घड़ी में विक्रम सम्वत्? पंचांग, तिथि, पक्ष, मास और संवत्? वर्ष का प्रदर्शन प्रमुखता से होता है। घड़ी में चंद्र चरण प्रदर्शित होता है, जिससे हमें जानकारी मिलती है कि अभी शुक्ल पक्ष चल रहे हैं या कृष्ण पक्ष, अमावस्या है या पूर्णिमा। घड़ी देखकर हम यह भी जान सकते हैं कि इस समय कौन-सा नक्षत्र है। मुहूर्त और उसके नाम का प्रदर्शन भी वैदिक घड़ी में होता है। घड़ी के शीर्ष पर मध्य भाग में सूर्य राशि प्रदर्शित होती है, जो दर्शाती है कि सूर्य वर्तमान में किस राशि में स्थित है। यह घड़ी में प्रचलित भारतीय मानक समय, दिन, दिनांक भी दिखाती है। इसके साथ ही शहर का नाम भी प्रदर्शित होता है।

प्रसंगवश

# वैश्विक पर्यावरण संकट और उसका समाधान

**कुलभूषण उपमन्यु**

*पिछली डेढ़ शताब्दी, जब से औद्योगिक क्रांति ने विकास की गति तेज की और प्रकृति को जीतने की होड़ मच गई, मशीनों ने बंधक-निर्माण शक्ति मानव के हाथ में दे दी, तब से विकास की परिभाषा भी धीरे धीरे बदल गई। गुणात्मक जीवन के बजाय बाहुल्य को विकास माना जाने लगा। प्रकृति के साथ दुर्व्यवहार का एक अंतहीन सिलसिला आरंभ हो गया। प्रकृति के दोहन से ही बाहुल्य के लिए सामान बनाए जा सकते थे, इसलिए प्राकृतिक संसाधनों के असीमित दोहन की शुरुआत हो गई। किन्तु यह आधुनिक सभ्यता अब अपने ही भार से भस्मासुर की तरह नष्ट होने की दिशा में बढ़ती प्रतीत हो रही है। इसने अपने ही मूल पर आघात शुरू कर दिया है।*

*संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सातवें अधिवेशन में नैरोबी में प्रस्तुत की गई ग्लोबल आउटलुक 2025 रिपोर्ट पर्यावरण के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार को संरेखित करती है और अपने तौर तरीकों पर मानव समाज को पुनर्विचार करके संशोधित करने की दिशा दिखलाती है। जलवायु परिवर्तन, प्रकृति के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया के रूप में एक बड़े खतरे के रूप में चुनौती पेश कर रहा है। मशीनीकरण को चलाए रखने के लिए जिस ऊर्जा की बड़े पैमाने पर जरूरत है, वह जीवाश्म इंधन से पैदा की जा रही है। इस उत्पादन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धुआं और जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं जो हरित प्रभाव पैदा करके वायुमंडल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि कर रही हैं। तापमान वृद्धि से पूरा जलवायु का संतुलन हिल गया है। कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं अनावृष्टि हो रही है। ग्लेशियर पिघल कर समाप्त होने की ओर अग्रसर हैं जो आसन्न जल संकट का कारण बनेंगे। यदि तापमान वृद्धि को रोका नहीं गया तो इसके कारण जैवविविधता पर भी बुरा असर पडने वाला है, जिससे 10 लाख प्रजातियों के लुप्त हो जाने का खतरा पैदा हो गया है। 20 से 40 प्रतिशत भूभाग वैश्विक स्तर पर अनुपजाऊ होने के कगार पर है जिससे 300 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। आर्थिक रूप में वार्षिक 14300 करोड़ डॉलर की हानि पिछले दो दशकों से हो रही है। वायु प्रदूषण के कारण 2019 में स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक नुकसान 8.1 ट्रिलियन डॉलर आंका गया, जो वैश्विक अर्थ व्यवस्था का 6.1 प्रतिशत है। 90 लाख मौतें प्रदूषण संबंधी कारणों से हुईं। 80 हजार लाख टन प्लास्टिक कचरा फैला हुआ है, जिससे गंभीर रासायनिक तत्वों से संपर्क हो रहा है और इससे 1.5 ट्रिलियन डॉलर की आर्थिक हानि प्रति वर्ष हो रही है। नैनो प्लास्टिक तत्व मनुष्य शरीर तक पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर रहे हैं। अनुमान है कि यदि 2040 तक तापमान वृद्धि 2 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गई तो जलवायु परिवर्तन के कारण पारिस्थितिक-व्यवस्था का अपूरणीय विनाश हो सकता है, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन होगा। अर्थव्यवस्थाएं चौपट हो सकती हैं और बेरोजगारी, गरीबी और अस्थिरता बढ़ेगी। उपजाऊ जमीनों के नष्ट होने से भूख, विविधता विनाश, पौष्टिक आहार की कमी, अकाल और सामाजिक असंतोष के हालात बनेंगे। इस स्थिति से निपटने के लिए तत्काल गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। किन्तु जलवायु नियंत्रण समझौतों के विषय में बहुत से देश विमुखता दिखा रहे हैं। जो मान भी रहे हैं वे भी हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लिए स्व घोषित लक्ष्य ही मानने तक सीमित रहना चाहते हैं। इस स्थिति से बाहर निकल कर कुछ आवश्यक कदम उठाने होंगे। खास कर हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में भारी कटौती करनी होगी, जिसके लिए कार्बनमुक्त ऊर्जा विकल्पों की ओर मुडना होगा। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हाइड्रो काईनैटीक ऊर्जा आदि विकल्प उपलब्ध और विकसित करने होंगे। पेट्रोल, डीजल पर दी जा रही सब्सिडी को हरित ऊर्जा की ओर मोडना पड़ेगा।*

*अत्यधिक संसाधन दोहन और दुरुपयोग को नियंत्रित करने के लिए 'यूज एंड थ्रो' उत्पाद पद्धति को बदल कर टिकाऊ और मरम्मत किए जाने योग्य उत्पाद बनाने होंगे। बेकार पदार्थों और कचरे के पुनः चक्रीकरण की व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करना संसाधनों के अत्यधिक दोहन को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वायु प्रदूषण को रोकना और पारिस्थितिक तंत्र को बचाना और पुनर्जीवित पर जोर देना पड़ेगा। जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के लिए जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने के साथ-साथ जलवायु अनुकूलन की विधियां तलाशनी होंगी। परिवहन के कारण होने वाले भारी प्रदूषण से निपटने के लिए टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आरामदायक बनाते हुए विकसित करना पड़ेगा। समस्याएं तो आती ही रहेंगी, किन्तु समाधान के लिए प्रकृति आधारित हल प्राथमिकता से ढूंढे जाएं तो हालत सुधरने में मदद जरूर मिलेगी।*

ठाकरे पुनर्मिलन

## यह पारिवारिक विवाद का अंत नहीं, चुनावी गणित के हिसाब से महत्वपूर्ण घटनाक्रम

# भाजपा के लिए अब चुनौतीपूर्ण हो सकता है बीएमसी चुनाव

**के एस तोमर**

अब, जब उद्धव और राज ठाकरे दोनों एकजुटता का संदेश दे रहे हैं, तो भाजपा को एक पुनर्जीवित नैरेटिव का सामना करना पड़ रहा है, जो मराठी पहचान और गौरव को ठाकरे परिवार के पास वापस लाने की कोशिश करता है। उद्धव और राज ठाकरे के पुनर्मिलन का मतलब पारिवारिक विवाद का अंत नहीं है, बल्कि यह राजनीति, चुनावी गणित और संगठनात्मक बदलावों से जुड़ा महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। भाजपा, जो शिवसेना के आंतरिक विभाजन से लाभ उठाकर महाराष्ट्र में अपनी स्थिति मजबूत कर रही थी, अब इस घटनाक्रम से अपनी रणनीति में अनिश्चितता का सामना कर सकती है। इस पुनर्मिलन से भाजपा के लिए चुनावी खेल और जटिल हो सकता है।

'मराठी अस्मिता' की राजनीति की वापसी भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बन गई है। शिवसेना ने हमेशा मराठी गौरव और हिंदुत्व का मिलाजुला दृष्टिकोण पेश किया। जब राज ठाकरे ने एमएनएस बनाई और उद्धव ने शिवसेना का नेतृत्व किया तो यह एकाधिकार बिखर गया। इस बिखराव का फायदा भाजपा को मिला, जिसने मुंबई और अन्य शहरी इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत की और खुद को एक अनुशासित, राष्ट्रीय पार्टी के रूप में प्रस्तुत किया।

अब, जब उद्धव और राज ठाकरे दोनों एकजुटता का संदेश दे रहे हैं, तो भाजपा को एक पुनर्जीवित नैरेटिव का सामना करना पड़ रहा है, जो मराठी पहचान और गौरव को ठाकरे परिवार के पास वापस लाने की कोशिश करता है। हालांकि, तुरंत वोटों का स्थानांतरण दिखाई न दे, लेकिन यह नैरेटिव भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। भाजपा को उन क्षेत्रों में अपने राजनीतिक आधार को मजबूती से बनाए रखने के लिए भावनात्मक लाभ के लिए संघर्ष करना पड़ेगा, जहां स्थानीय प्रतीक और अस्मिता की राजनीति नीतियों से कहीं ज्यादा प्रभावी होती है।



बीएमसी पर ठाकरे परिवार की मजबूत पकड़ रही है। भाजपा के लिए इसे अपने पक्ष में करना अहम था ताकि वह शिवसेना के जमीनी नेटवर्क को कमजोर कर सके और मुंबई में खुद को स्वाभाविक शासक के रूप में स्थापित कर सके। अब जब ठाकरे खेमे का पुनर्मिलन हो रहा है तो उनका उद्देश्य वोटों का बंटवारा रोकना है, जो पहले भाजपा के फायदे में था। हालांकि, भाजपा के पास मजबूत संगठन और संसाधन हैं, लेकिन अब यह लड़ाई पहले से ज्यादा कठिन हो सकती है।

शरद पवार की एनसीपी ने उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की एमएनएस के साथ मिलकर 15 जनवरी को होने वाले बीएमसी चुनावों में भाग लेने का निर्णय लिया है। पवार की योजना कांग्रेस को भी गठबंधन में शामिल करने की है, ताकि कांग्रेस मुंबई में अलग-थलग न पड़े। यदि कांग्रेस जुड़ती है तो गठबंधन की ताकत और नेतृत्व संतुलन बढ़ जाएगा, जो भाजपा के लिए चुनौती होगी। बीएमसी में भाजपा की हार उसकी शहरी राजनीतिक पकड़ को कमजोर कर सत्तारूढ़ गठबंधन में असंतोष बढ़ा सकती है, खासकर एकनाथ शिंदे गुट में।

अगर कांग्रेस उद्धव-एमएनएस गठबंधन से बाहर रहती है तो यह स्थिति बीएमसी चुनाव में बदल सकती है। कांग्रेस के पास मुस्लिम बहुल इलाकों, दक्षिण मुंबई और झुग्गी बस्तियों में असर है। उसके न होने से वोटों का अलग-अलग तरीके से उपयोग हो सकता है, जिससे ठाकरे गठबंधन की एकजुटता कमजोर हो सकती है। हालांकि, एनसीपी के साथ गठबंधन से ताकत बढ़ती दिखती है, लेकिन कांग्रेस के बिना वार्ड-स्तर पर निर्णायक वोट ट्रांसफर रुक सकता है। ऐसे में भाजपा को वोट विभाजन का फायदा मिल सकता है, जो करीबी मुकाबलों में परिणाम बदल सकते हैं।

यह पुनर्मिलन इस बात को दर्शाता है कि राजनीति केवल टूट-फूट और जोड़-तोड़ पर लंबे समय तक नहीं चल सकती। भाजपा का महाराष्ट्र मॉडल मुख्य रूप से विरोधियों को तोड़ने, गुटों को जोड़ने और क्षेत्रीय नेतृत्व को कमजोर करने पर केंद्रित था, जिससे उसे अल्पकालिक लाभ मिला। हालांकि, इससे यह धारणा भी बनी कि जनादेश का पुनर्गठन नैतिक सहमति से नहीं, बल्कि जोड़-तोड़ से हो रहा है। ठाकरे परिवार का पुनः एकजुट होना इस रणनीति के खिलाफ एक प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा सकता है। इस समय भाजपा के पास राष्ट्रीय नेतृत्व, कल्याणकारी योजनाएं, शहरी मध्यमवर्ग का समर्थन और अनुशासित चुनावी मशीनरी—ये सभी उसकी प्रमुख ताकतें हैं। दूसरी ओर, उद्धव और राज ठाकरे के सामने संगठनात्मक कमजोरी, पुरानी असहमति और नेतृत्व शैलियों के टकराव जैसी चुनौतियां हैं।

राजनीति सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह गति, धारणा और मनोवैज्ञानिक माहौल का भी सवाल है। भाजपा नेताओं को बार-बार यह कहना पड़ रहा है कि पुनर्मिलन का 'कोई असर नहीं' पड़ेगा—यह अपने आप में एक प्रकार की रक्षात्मकता को दर्शाता है। यदि ठाकरे मुंबई में वैकल्पिक शहरी नेतृत्व के रूप में अपनी विश्वसनीयता स्थापित कर पाते हैं, तो भाजपा का मनपसंद नैरेटिव चुनौती में पड़ सकता है। मध्यम अवधि में इसका असर बीएमसी तक सीमित नहीं रहेगा। यहां के चुनावी नेटवर्क और पहचानें विधानसभा की राजनीति को भी प्रभावित कर सकती हैं। यदि ठाकरे ब्रांड पुराने समर्थकों और युवा मराठी मतदाताओं से जुड़ने में सफल रहते हैं तो भाजपा के लिए मुकाबला कठिन हो सकता है। भाजपा को समझदारी से शासन, बुनियादी सेवाओं और शहरी ढांचे पर ध्यान देना होगा। यदि ठाकरे बंधुओं की एकता बनी रहती है और जमीनी ढांचा मजबूत होता है तो बीएमसी चुनाव अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएगा। यदि एकता टूटती है तो भाजपा की स्थिति मजबूत हो सकती है।

**लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं।**

जीवन दर्शन

# सफलता की पहली शर्त है आंतरिक स्पष्टता

आप अपने भीतर जितनी ताकत, क्षमता और संभावना रखते हैं, शायद आपने अभी तक उसका अंदाजा भी नहीं लगाया। आप असीमित कौशल, ऊर्जा व प्रतिभा के साथ इस दुनिया में आए हैं और वे इतने अधिक हैं कि यदि आप उसे पूरी तरह से उपयोग करना शुरू करें, तो सौ जन्म भी कम पड़ जाएं। आज स्वास्थ्य, खुशी, सफलता तथा समृद्धि प्राप्त करने के जितने अवसर एवं नवाचार मौजूद हैं, उतने मानव इतिहास के किसी भी दौर में नहीं थे। लेकिन इन अवसरों को वास्तविक उपलब्धियों में बदलने की पहली व सबसे महत्वपूर्ण शर्त है-अपने भीतर पूर्ण स्पष्टता लाना। जब आप गहराई से समझ लेते हैं कि आप कौन हैं, और वास्तव में क्या चाहते हैं तथा आपको कहां पहुंचना है, तभी आप सामान्य व्यक्ति की तुलना में दस गुना अधिक और तेज उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

हर इन्सान के जीवन में सफलता के चार केंद्रीय स्तंभ होते हैं-स्वस्थ रहना, ऐसा कार्य करना, जिसमें आनंद मिले और जो आर्थिक रूप से फलदायी हो, अपने प्रिय और सम्मानित लोगों के साथ मजबूत और प्रेमपूर्ण संबंध रखना, तथा वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करना। जब आप इन चार क्षेत्रों में खुद को एक से दस तक अंक देकर ईमानदारी से आकलन करते हैं, तो आपको तुरंत दिखने लगता है कि आपके जीवन की ज्यादातर समस्याएं उसी क्षेत्र से जुड़ी हैं, जहां आपका स्कोर सबसे कम है। और यही वह स्थान है, जहां सुधार की शुरुआत करते ही आपके जीवन में सबसे तेज, स्पष्ट तथा उत्साहजनक परिवर्तन दिखाई देते हैं। इन चार लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ते हुए आप दो तरह की मानसिकता अपना सकते हैं, पहला, समृद्धि का दृष्टिकोण और दूसरा, अभाव का दृष्टिकोण। पहला दृष्टिकोण अपनाने पर आप आत्मविश्वासी, सकारात्मक एवं समाधान-केंद्रित बन जाते हैं। आप दुनिया को अवसरों से भरी जगह मानते हैं और यह विश्वास रखते हैं कि यह जीने व आगे बढ़ने का सबसे अच्छा समय है। यह जागरूकता बनी रहती है कि दुनिया में चुनौतियां हमेशा थीं, हैं और रहेंगी, पर आप अपनी ऊर्जा इस बात पर केंद्रित रखते हैं कि क्या बेहतर किया जा सकता है, न कि किसकी गलती थी या अतीत में क्या हो चुका है। यह सोच आपको अधिक रचनात्मक, सक्रिय और लक्ष्य-उन्मुख बनाती है।



इसके विपरीत, दूसरा दृष्टिकोण आपको सीमित कर देता है। इस सोच में आप मानने लगते हैं कि सफलता भाग्य का खेल है, दूसरों की समृद्धि धोखे या पक्षपात का परिणाम है, तथा यह कि अमीर और अमीर बनते हैं, गरीब गरीब ही रहते हैं। यह नजरिया पुराने बहानों को सच मानने की आदत डाल देता है, जो धीरे-धीरे आपकी क्षमता को जकड़ लेता है। याद रखें, जो भी दृष्टिकोण आप विकसित करते हैं, समय के साथ वही आपके जीवन की दिशा तय करता है। अंततः आपका बाहरी संसार हमेशा आपके आंतरिक संसार का प्रतिबिंब होता है।

**सूत्रः संतुलन बनाए रखें :** आपके भीतर असीम शक्ति और प्रतिभा है। उसे दिशा देने की कुंजी है यह जानना कि आप कौन हैं, क्या चाहते हैं और आपको कहां पहुंचना है। स्वास्थ्य, आनंद, रिश्ते और वित्तीय स्वतंत्रता- ये जीवन के चार स्तंभ हैं, जिन्हें संतुलित करके आप असाधारण सफलता पा सकते हैं।

**ब्रायन ट्रेसी**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः**
**ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति॥**

**भावार्थ**

जितेन्द्रिय, साधनपरायण और श्रद्धावान मनुष्य ज्ञान को प्राप्त होता है तथा ज्ञान को प्राप्त होकर वह बिना विलम्ब के, तत्काल ही भगवतप्राप्तिरूप परम शान्ति को प्राप्त हो जाता है ।

## अमेरिका से आए वैज्ञानिक का एपीएसयू में हुआ व्याख्यान

# 3-बीपी दवा एवं प्रोटॉन रेडिएशन थेरेपी का संयोजन अत्यंत प्रभावी : डॉ.शुक्ला

### नई दवाओं की खोज, उपचार एवं उपयोग की दी जानकारी



**जागरण,रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार में पर्यावरण जीव विज्ञान विभाग एवं रसायन विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता अमेरिका के जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी बाल्टीमोर (मैरीलैंड यूएसए) के सीनियर रिसर्च साइंटिस्ट डॉ.हेमदत्त शुक्ला रहे। उन्होंने 'उन्नत अग्नाशय कैंसर के उपचार के लिए नवीन चिकित्सा पद्धतियों का विकासः सटीक चिकित्सा का एक मॉडल' विषय पर महत्वपूर्ण शोध जानकारी साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय कुलगुरु डॉ.राजेंद्र कुड़रिया ने की, विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो.सुरेन्द्र सिंह परिहार तथा संयोजक रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.आरएन पटेल एवं पर्यावरण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार तिवारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ.शुक्ला का सम्मान शॉल, श्रीफल एवं भगवद्गीता भेंट कर किया गया। उन्होंने नई दवाओं की खोज, उपचार एवं उपयोग इन तीन चरणों में विषयवस्तु प्रस्तुत की। कैंसर पर वर्तमान उपचारों की अपर्याप्तता एवं उनके दुष्प्रभाव। इस पर उन्होंने बताया कि ट्रायल की जा रही नई दवा 3.ब्रोमो पाइरुवेट (3.बीपी) कैंसर कोशिकाओं में हेक्सोकाइनेज के सिस्टीन रेज़िड्यू से बाइंड होकर उसके कार्य को रोक देती है। साथ ही प्रोटॉन रेडिएशन के माध्यम से कैंसर कोशिकाओं के डीएनए में म्यूटेशन उत्पन्न कर उन्हें जी2 फेज में रोककर उनकी वृद्धि को कम करती है। डॉ. शुक्ला ने समझाया कि कैस्पेस-3, जो कि सामान्य सेल में प्रोग्राम्ड सेल डेथ के लिए उत्तरदायी होता है, 3-बीपी दवा द्वारा सक्रिय होकर यह कैस्पेस-3 कैंसर कोशिकाओं की मृत्यु को बढ़ावा देती है। उन्होंने यह भी बताया कि 3.बीवी दवा इम्यून सिस्टम को सशक्त करती है। कैंसर रोगियों में सीडी 8 कोशिकाओं की मात्रा लगभग 3.19 प्रतिशत तक घट जाती है, जिसे 3.बीपी उपचार द्वारा बढ़ाकर लगभग 8.03 प्रतिशत किया जा सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि इस दवा के क्लिनिकल ट्रायल (फेज-3) में लगभग 1000 मरीजों पर प्रयोग के लिए ग्रीन सिग्नल मिल चुका है। डॉ.शुक्ला ने बताया कि प्रोटॉन रेडिएशन थेरेपी एक टार्गेटेड टिश्यू रेडिएशन थेरेपी है, जो सीधे ट्यूमर को नष्ट करती है। 3-बीपी दवा एवं प्रोटॉन रेडिएशन थेरेपी का संयोजन अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने प्रिसीजन मेडिसिन की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पेशेंट.स्पेसिफिक मेडिसिन है, जिसमें मरीज के रक्त या टिश्यू को बायोप्सी अथवा थेरेपी के दौरान एकत्र कर इन-विट्रो ग्रोथ के माध्यम से ट्यूमर ऑर्गेनॉइड्स विकसित किए जाते हैं और उन पर उपयुक्त दवा की सांद्रता के साथ परीक्षण किया जाता है। साथ ही उन्होंने रेडिएशन द्वारा कैंसर स्टेम सेल्स की पुनरावृत्ति पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में कुलगुरु डॉ. राजेंद्र कुड़रिया ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ.शुक्ला की वैज्ञानिक यात्रा पर प्रकाश डाला और कहा कि यह व्याख्यान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने विभिन्न देशों की प्रयोगशालाओं के साथ एमओयू करने तथा भविष्य में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की भी बात कही। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य गण, सह प्राध्यापक, अतिथि शिक्षकगण, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शिक्षिका वंदना तिवारी बेस्ट म्यूजिक टीचर के पुरस्कार से सम्मानित



**जागरण, रीवा।** गांधी आदर्श विद्यालय की प्रतिभाशाली शिक्षिका वंदना तिवारी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बेस्ट म्यूजिक टीचर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वंदना तिवारी ने अपने शिक्षण करियर में संगीत के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है और अपने छात्रों को संगीत की शिक्षा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय की प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर मनोकामना तिवारी ने वंदना तिवारी की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि वंदना की मेहनत और समर्पण ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर डिप्टी सी एम राजेंद्र शुक्ला के पीए राजीव तिवारी, कवियत्री स्नेहा त्रिपाठी और पार्षद गण उपस्थित थे। शिक्षक प्रद्युम्न तिवारी के मार्गदर्शन मे पिरामिड जैसे कई कार्यक्रम कराये गए जो बच्चों और दर्शकों मे ऊर्जा का संचार कर रहे थे। वंदना तिवारी की इस सफलता से उनके पिता राम अवतार तिवारी सहित विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।

# 60 अंक लिखित के और 40 आंतरिक मूल्यांकन दिए जाएंगे

### स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश

**जागरण, रीवा।** सरकारी और निजी स्कूलों में पांचवीं एवं आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू होंगी। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक विषय में 60 अंक का लिखित प्रश्न पत्र होगा, जबकि 40 अंक आंतरिक मूल्यांकन के रूप में दिए जाएंगे। आंतरिक मूल्यांकन में 20 अंक स्कूल स्तर पर तथा 20 अंक छमाही और तिमाही परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के अधिभार के रूप में जोड़े जाएंगे। स्कूलों को प्रकिया जनवरी तक पूरी कर पोर्टल पर जानकारी अपडेट करना अनिवार्य किया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार पांचवीं कक्षा की परीक्षाएं 20 से 26 फरवरी तक आठवीं कक्षा की परीक्षाएं 20 से 28 फरवरी तक होगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से 4.30 बजे तक एक ही पाली में होंगी सरकारी स्कूलों में परीक्षाएं एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के आधार पर होंगी। वहीं जिन निजी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित भाषा की पाठ्य पुस्तकें लागू है, वहां प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय भाषा की परीक्षा एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार ली जाएगी।

### टाटपट्टी पर बैठाकर परीक्षा नहीं

रीवा सहित सभी जिलों के जिला परियोजना समन्वयकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी परीक्षा केंद्र पर बच्चों को टाट पट्टी पर बैठाकर परीक्षा न ली जाए। इसके लिए समय रहते फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## अरावली पहाड़ियों को बचाने आनंद मार्ग स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली



**जागरण, रीवा।** अनंद मार्ग स्कूल उपरहटी रीवा के बच्चों द्वारा प्राचीन अरावली पहाड़ियों के संरक्षण के मुद्दे को लेकर शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण तथा अरावली पर्वतमाला को बचाने के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना था। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने पर्यावरण बचाओ, भविष्य बचाओं जैसे नारे लगाए और आम नागरिकों से प्रकृति संरक्षण में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या आनंद कुशला आचार्य तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनंद स्नेहमय आचार्य ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और अरावली पर्वतमाला को बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## अटल स्मृति पर्व के अन्तर्गत मॉडल साइंस कालेज में भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न



**रीवा।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत आयोजित अटल स्मृति पर्व में अटल जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व विषय पर छात्रों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी यशस्वी जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता रहे। भाषण प्रतियोगिता में कुल 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। छात्रो ने अटल जी की कविताओं का उनकी उपलब्धियों का उनके राजनैतिक जीवन का व्यवस्थित विषय बिन्दुवार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य माननीय जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि छात्रों की इस प्रकार की प्रस्तुति को सुनकर मन भाव विभोर हो गया और मुझे लगता जिस प्रकार छात्रों ने अटल जी के बारे में अध्ययन किया है, उससे कहीं न कहीं उनको अपने जीवन एक दिशा व दशा मिलेगी। साथ ही अटल जी जैसे महान व्यक्तित्व में अपने जीवन मे व आचरण में उतारने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, जिला महमंत्री एवं अटल स्मृति पर्व के जिला संयोजक उमाशंकर पटेल, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्या मोर्चा गुलाब खान टोली के सदस्य प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा सूर्य प्रताप तिवारी, अमित तिवारी, महाविद्यालय के प्राचार्य आरएन तिवारी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# 1986 में बनी कॉलोनी को अवैध बता रहवासियों पर निकाली राशि

### बकिया बैराज डूब प्रभावित हो रहे परेशान



**जागरण, रीवा।** शहर के पड़रा स्थित चाणक्यपुरी कॉलोनी जिसका निर्माण 1986 के पूर्व हुआ था को नगर निगम द्वारा अवैध कॉलोनी करार देकर कॉलोनी में रहने वाले लोगों में से किसी पर एक लाख तो किसी पर सवा लाख रुपए राशि निकाल दी, जो उन्हें जमा करवाना है। कॉलोनी में रहने वाले सीताराम तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, शीतला तिवारी आदि ने बताया कि कॉलोनी में अधिकतर लोग बकिया बैराज के डूब प्रभावित लोग हैं, जिनके द्वारा 1986 में यहां मकान बनाए गए थे। उस समय पड़रा ग्राम पंचायत गोड़हर के अधीन आता था। नगर निगम इतने वर्षों बाद कॉलोनी के रहवासियों पर राशि निकाल रहा है, जबकि कार्रवाई करना है तो जिसने यहां कॉलोनी काटी उस पर करे। इसमें रहने वालों की क्या गलती। जिस समय उन्होंने यहां मकान बनाए थे उसी समय मकान बनाने वालों को नियम बता दिए जाना थे।

**अनेकों बार कर चुके कॉलोनी के रहवासी शिकायत :** इस संबंध में कॉलोनी के रहवासी नगर निगम व जिला प्रशासन को भी अनेकों बार शिकायत कर चुके हैं, किन्तु कोई सुनने को तैयार नहीं। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि जब बकिया बैराज का निर्माण शुरू करवाया था उसके पूर्व डूब में आने वाली भूमि खाली करवाई गई थी।उन्हें मुआवजे के तौर पर प्रति एकड़ भूमि के एवज में महज 10 हजार रुपए दिए गए थे। नगर निगम वाले रहवासियों पर राशि थोप रहे हैं, अब लोग राशि कहां से भरें।

## राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा का समापन



**रीवा।** संस्था एस.पी. मेमोरियल कॉन्वेंट एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल, रतहरी में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। यह आयोजन एस.पी. मेमोरियल कॉन्वेंट एकेडमी, हैंडबॉल संघ रीवा एवं जिला ओलंपिक एसोसिएशन, रीवा के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय खेल के महाकुंभ में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं हैंडबॉल बालक बालिकाओं की प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं जिसमें टीमों के नाम एस. पी. एम. वॉरियर्स, बघेली वॉरियर्स, द ग्रेट लॉर्ड बुद्धा, सी.एस. एम. हीरोज, सरदार पटेल लीजेंट, रीवा रॉयल्स, व्हाइट टाइगर, ब्लैक पैंथर, टीमों के साथ खेल प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक एस.पी. मेमोरियल कॉन्वेंट एकेडमी परिसर, रतहरी में किया गया जिसमें कई टीमों ने अपने स्थान अर्जित करने वाली टीमों को ट्रॉफी मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित साथ ही सभी प्रतिभागियों को किट भी वितरित किया गया एवं आए हुए कोचेस को भी उपहार सह मोमेंटो से सम्मानित किया गया। खेल प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 8 बजे तक आयोजित किए गए, इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 22 जिलों से बालक एवं बालिकाओं उनके कोच ने भी ने सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों एवं रेफरीज, कोचेस, ऑफिशियल लगभग 500 लोगों की रहने की खाने की व्यवस्था स्कूल परिसर में ही की गई। प्रतियोगिता के तृतीय दिवस खेलो का भव्य समापन हुआ जिसमें देश की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि अर्जुन अवॉर्ड से सुशोभित दर्शना बागड़े रहीं अध्यक्षता सरदार पटेल ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन मास्टर बुद्धसेन पटेल ने की। मुख्य अतिथि दर्शना बागड़े ने अपने उद्बोधन में कहा इन खेलों को आपकी स्कूल के माध्यम से विश्व पटल पर ले जाने का प्रयास करेंगे खेल के आखिरी दिन कई प्रतिष्ठित हस्तियां को सम्मानित किया गया जिनमें शैक्षणिक /चिकित्सकीय / देशसेवा/सामाजिक/पत्रकार बंधु प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक/ व्यवसाई। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं दिशानिर्देश एस.पी. मेमोरियल कॉन्वेंट एकेडमी के संचालक एड. अभिषेक पटेल ने तैयार कर संस्था में आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रगट किया। मंच का संचालन उमेश मिश्रा बिहान सह, क्रीड़ा अधिकारी वीरेन्द्र शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में सम्मानित हुए अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, यातायात प्रभारी अखिलेश कुशवाहा,आशीष काकवानी संचालक बिलाबॉन्ग, पूर्व पार्षद अशोक पटेल (झब्बू) रीवा शहर अध्यक्ष कांग्रेस, परमजीत सिंग डंग, पूर्व पार्षद रामराज पटेल, चंदन सिंह परिहार अन्य उपसित रहे।

## नन्हें मुन्नों की किलकारियों से गूंजा स्पोर्ट्स डे



**रीवा।** विंध्य विहार कॉलोनी स्थित लिटिल बैम्बिनोज स्कूल, रीवा में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने बड़े उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ स्पोर्ट्स डे मनाया। विद्यालय प्रांगण रंग-बिरंगे परिधानों, तालियों की गूंज और बच्चों की किलकारियों से जीवंत हो उठा। आयोजन विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. गायत्री शुक्ल के निर्देशन में किया गया, जिनके मार्गदर्शन में यह आयोजन पूरी तरह सफल एवं अनुकरणीय रहा। स्पोर्ट्स डे के अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा छठवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों का उद्देश्य बच्चों में शारीरिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करना रहा। नर्सरी कक्षा में आयोजित बॉल रेस गेम में अभिजीत सोहगौरा और वान्या सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं एल.के.जी. के बॉल रेस गेम में काव्यांश पाण्डेय एवं आयांश पाण्डेय विजेता रहे। नर्सरी एवं एल.के.जी. के लिए आयोजित म्यूजिकल चेयर रेस में शानवी यादव और वान्या सिंह ने अपनी फुर्ती और सजगता से सबका मन मोह लिया। यू.के.जी. कक्षा के बच्चों के लिए आयोजित लेमन रेस में अत्रिता दुबे तथा कंगारू रेस में दिवम आशीष और श्रुतिका गुप्ता ने सफलता प्राप्त की। कक्षा पहली और दूसरी की छात्राओं के लिए आयोजित ट्रायंगल बैलेंस रेस में नियति नामदेव और रूदाक्षी नामदेव विजयी रहीं। कक्षा दूसरी के नॉर्मल रेस (बॉयज) में आकर्ष मिश्रा एवं प्रियांश द्विवेदी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं जिग-जैक रेस में आदर्श कुशवाहा और आरव मिश्रा ने अपनी गति और संतुलन से दर्शकों की प्रशंसा अर्जित की। कक्षा तीसरी, चौथी, पाँचवीं एवं छठवीं के विद्यार्थियों के लिए सामूहिक खेलों का आयोजन किया गया। कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिताओं में अंश, कुलदीप, संकल्प, रोशनी, वैदिक, स्नेहा एवं आराध्या ने टीम भावना और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस सफल आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा। खेल प्रतियोगिताओं के संचालन एवं सहयोग में प्रज्ञा श्रीवास्तव, सुधा सोनी, श्वेता मिश्रा, श्वेता सिंह तिवारी, रश्मी मिश्रा, रूपमाला पांडे, श्रेया सोनी, स्वाति सोनी तथा विवेक चतुर्वेदी का सराहनीय सहयोग रहा।

## गांधीआदर्श उमावि में वार्षिकोत्सव संपन्न



**रीवा।** गांधी आदर्श उमा विद्यालय रतहरा-रीवा का वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ डॉ. चंद्रिका प्रसाद 'चन्द' एवं अमोल प्रसाद मिश्र 'बटरोही' ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित कर माँ वंदना से आरम्भ हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्य मंत्री के निज सहायक राजीव तिवारी एवं राजीव पाठक, वार्ड 15 के पार्षद अशोक कुमार पटेल, वार्ड 15 के पूर्व पार्षद रामराज पटेल, प्रदीप पाण्डेय उपस्थित रहे। इसके अलावा, आरके शर्मा एवं प्रदीप तिवारी उपस्थित रहे। जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष मनीषा पाठक ने अपना भरपूर सहयोग एवं समय दिया एवं कवयित्री सुश्री स्नेहा त्रिपाठी ने अपनी कविताओं से लोगों का मनमोहा। छात्रों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियाँ उपस्थित हजारों की संख्या को मंत्रमुग्ध किया। नशामुक्ति से संबंधित नाटक की लोगों से भरपूर सराहना की। रामायण कथा, कव्वाली, मध्यप्रदेश गीत, पंजाबी, गुजराती, मराठी, बसंती गीत एवं नृत्य द्वारा छात्रों ने उपस्थित जनों को मंत्र मुग्ध किया। डॉ0 चंद्रिका प्रसाद चन्द्र एवं राजीव तिवारी ने छात्रों की प्रशंसा की तथा पुरस्कार वितरण कर छात्रों को प्रोत्साहित किया। संगतिकार प्रणव मिश्रा, दिवाकर तिवारी, वंदना शर्मा, आकांक्षा सोनी, रूचि अविधिया एवं समस्त विद्यालय के शिक्षकों का सहयोग प्रशंसनीय रहा। अंत में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष निवास मिश्र एवं प्राचार्य मनोकामना तिवारी ने उपस्थितजनों का आभार प्रदर्शित किया।

# छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों से बांधा शमां




**रीवा।** पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का वर्ष 2025 का वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज, पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट तथा पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ लॉ ने संयुक्त रूप से करहिया कैंपस में शिरकत की। इस दौरान विभिन्न संकायों के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गई जिसमें समूह नृत्य, एकल नृत्य, समूह गायन, एकल गीत, क़व्वाली तथा नाटक आदि रंगमंचीय विधाओं का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। वार्षिक उत्सव में महाविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए लोगों को सम्मानित किया गया जिसमें से मुख्यतः उत्कर्ष द्विवेदी जिनका चयन राजस्थान न्यायिक सेवा में हुआ है तथा साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर चंद्रकांत तिवारी प्रांताध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद तथा शिवानंद तिवारी ज़िलाध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद जो शासकीय प्रवीण कुमारी विद्यालय रीवा में पदस्थ है को भी सम्मानित किया गया। आयोजन संस्था के मुख्य प्रबंध संचालक बी.एन.त्रिपाठी द्वारा तथा संचालन पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के एकेडमिक डायरेक्टर एस के त्रिपाठी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम में सभी संकायों के प्राचार्यों, विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों ने अपनी सहभागिता प्रदान की। सफल आयोजन पर संस्था के मुख्य प्रबंध संचालक बी.एन.त्रिपाठी जी द्वारा संस्था के सदस्यों का आभार व्यक्त किया साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का सम्मान कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. राजेंद्र कुड़रिया कुलपति अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, डॉ. राकेश कटारे, श्रीमती सीमा कटारे, डॉ. सुरेंद्र सिंह परिहार प्रोफेसर जीडीसी कॉलेज रीवा, डॉ. वी.डी. त्रिपाठी कार्डियोलाजिस्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा, डॉ. लोकेश त्रिपाठी, डॉ.चंद्रमणि तिवारी, शुभ्रांशु पयासी संचालक आदर्श स्कूल, कुलदीप मिश्रा संचालक द वंडर स्कूल, आरती मेमोरियल स्कूल के संचालक, चंद्रकांत तिवारी प्रांत अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद, शिवानंद तिवारी ज़िलाध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जयचंद तिवारी भूतपूर्व सरपंच हर्दी, ओमप्रकाश द्विवेदी, उमादत्त सिंह, डॉ महेंद्रमणि द्विवेदी, उत्कर्ष द्विवेदी तथा पेंटियम प्वाइंटग्रुप आफ़ इंस्टिट्यूशन के संरक्षक राममिलन त्रिपाठी, चेयरपरसन नंद कुमार त्रिपाठी, पेटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ सीमा शुक्ला, पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट की प्राचार्य डॉ मोना तिवारी, आशुतोष गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजीव मिश्रा, रविप्रकाश गुप्ता, सीमा शुक्ला, अर्चना पटेल, गिरीश भाई पटेल सहित सभी कॉलेजों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक गण तथा छात्र-छात्राएँ व उनके परिजन मौजूद रहे।

## जेके सीमेंट ने रीवा में साथ मिलकर रचा इतिहास, सफल हुए तीन साल



**रीवा।** भारत के अग्रणी सीमेंट निर्माताओं में से एक, जेके सीमेंट लिमिटेड द्वारा होटल समदड़ीया गोल्ड रीवा में एक दिवसीय विक्रेता सह विक्रेता बन्धुओं का सम्मान कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माण उद्योग के क्षेत्र में नवीनतम सीमेंट तकनीकों और लगातार तीन साल की मेहनत का परिणाम का उत्सव मनाया गया। शुरुआत मुख्य अतिथियों स्टेट हेड राजकुमार द्विवेदी, एरिया मेनेजर राकेश तिवारी, एरिया टेक्निकल मैनेजर गुलशन विश्वकर्मा, रीवा जिले के बीओ रामनाथ सिंह परिहार, सीधी जिले के बीओ अंकित सिंह चंदेल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। जिले के समस्त विक्रेता एवं सह विक्रेता बन्धुओं का धन्यवाद ज्ञापन रीवा जिले के बीओ रामनाथ सिंह परिहार (रामू जी) द्वारा सभी अपने एसोसिएट्स एवं सभी नगर जिला वासियों को नए वर्ष की अग्रिम बधाई दी गई। एरिया मैनेजर राकेश तिवारी द्वारा सभी अतिथियों को जेके सीमेंट की बिक्री पर सभी फायदे और उनके प्रयास की सराहना की। इवेंट के सफल आयोजन पर, रीवा जेके सीमेंट के विपणन ब्रांच मैनेजर राकेश तिवारी सहित जेके सीमेंट की पूरी टीम ने उपस्थित गणमान्य विक्रेता एवं सह विक्रेता बन्धुओं को बधाई दी। बधाई देने वालों में टीम सदस्य शिवम् मिश्रा, सतीश तिवारी, उपेन्द्र द्विवेदी, शशांक सिंह, आशीष तिवारी, राहुल कुशवाहा, सिद्धार्थ सिंह, शुभम , विवेक, विनय तिवारी, अजीत तिवारी, स्नेह सिंह, अजीत सिंह रहे।

**Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute**
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
(An Autonomous Institute of the Govt. of Uttar Pradesh)
Website: http://cancerinstitute.edu.in/Email: executiveregistrar.ksssci@gmail.com
Mob. No. : 7839008062

**VACANCY NOTICE FOR FACULTY POSTS ON CONTRACTUAL BASIS AT KSSSCI, LUCKNOW**
(Advertisement No. KSSSCI/Rectt/ER-05/2025-26, Dated 23.12.2025)

| Recruitment of Faculty in various Departments on Contractual basis at KSSSCI, Lucknow. | |
|---|---|
| Start date of online payment of fees to start the application process | 08-JAN-2026 |
| Last date for online payment of fees to start the application process | 07-FEB-2026 |
| Last date for filling and submitting online application process | 12-FEB-2026 |
| Last date for receipt of hard copy of application | 20-FEB-2026 |

Web link to see advertisement and fill application online: www.ksssci.com
Advt No. : KSSSCI/Rectt./ER-05/2025-26 Director

**मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग**
पंचम तल, मेट्रो प्लाजा, ई-5 अरेरा कालोनी, बिटटन मार्केट, भोपाल - 462016
दूरभाष: 0755. 2463585ए2430154, फैक्स: 0755-4004137
ई-मेल: secretary@mperc.nic.in वेबसाइट: www.mperc.in

क्रमांकः मप्रविनिआ / डी(टी) / 2025 / 2514 दिनांक : 24 / 12 / 2025

**सार्वजनिक सूचना**

जय प्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड (जेपीवीएल) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपने 2 x 660 मेगावाट जेपी निगरी कोयला आधारित सुपर थर्मल पावर प्लाण्ट, जिला सिंगरौली, मध्यप्रदेश के लिए आयोग के 28.02.2025 दिनांकित आदेश से अवधारित उत्पादन टैरिफ के सत्यापन के लिए एक याचिका दायर की है। यह याचिका विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 और 86 (1)(ए) के साथ पठित मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (उत्पादन टैरिफ के अवधारण संबंधी निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2024 के तहत दायर की गई है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आयोग के अवधारित उत्पादन टैरिफ के सत्यापन के उद्देश्य से दोनों इकाईयों के लिये वार्षिक स्थायी (क्षमता ) प्रभार के दावे का विवरण निम्नानुसार है :-

(रु. करोड में)

| विवरण | आयोग के 28.02.2025 दिनांकित आदेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये एएफसी का अवधारण | याचिकाकर्ता के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एएफसी का दावा | सत्यापन राशि |
|---|---|---|---|
| | अ | ब | ब-अ |
| अंश पूंजी पर प्रतिलाभ | 372.72 | 459.79 | 87.07 |
| ऋण पर ब्याज | 301.36 | 311.10 | 9.74 |
| अवमूल्यन / अवक्षयण | 545.94 | 555.42 | 9.48 |
| कार्यशील पूंजी पर ब्याज | 54.46 | 103.53 | 49.07 |
| प्रचालन तथा संधारण व्यय | 362.06 | 361.15 | (0.91) |
| प्रचालन तथा संधारण व्यय (400 केवी पारेषण लाइन और बे) | - | 1.41 | 1.41 |
| भूमि के लिए देय पट्टा किराया | - | 0.47 | 0.47 |
| **कुल वार्षिक स्थायी प्रभार (एएफसी)** | **1,636.55** | **1,792.87** | **156.32** |
| **कम**: गैर-टैरिफ आय | 3.84 | 0.67 | (3.17) |
| **शुद्ध वार्षिक क्षमता स्थायी प्रभार** | **1,632.71** | **1,792.20** | **159.49** |
| **स्थापित क्षमता के 30: के लिए शुद्ध वार्षिक क्षमता (स्थायी) प्रभार** | **489.81** | **537.66** | **47.85** |

आयोग ने याचिका स्वीकार कर इसे याचिका संख्या 133 / 2025 के रूप में दर्ज कर लिया है ।

इस संदर्भ में आपत्ति / टिप्पणी / सुझाव देने के इच्छुक व्यक्ति उनके तथ्यों की पुष्टि में दस्तावेजों और साक्ष्यों की प्रतियों के साथ अपने मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आई.डी. सहित अपनी आपत्ति / टिप्पणी / सुझाव सीधे सचिव, म.प्र. विद्युत नियामक आयोग, "मेट्रोप्लाजा", तल-5, ई-5 अरेरा कॉलोनी, बिट्टन मार्केट, भोपाल-462016 को इस प्रकार भेज दें कि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **21 दिनों** के अंदर आयोग कार्यालय पहुँच जाएं । इसकी एक प्रति निदेशक, जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड, "जेए हाउस" 63, बसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली- 110057 को भी भेज दें। आपत्तियों / टिप्पणियों / सुझावों की अग्रिम प्रति को फैक्स अथवा ई-मेल से भी भेजा जा सकता है। शपथ पत्र की आवश्यकता नहीं है।

इच्छुक व्यक्ति' याचिका (अंग्रेजी संस्करण) की प्रति किसी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक आयोग कार्यालय या निदेशक कार्यालय, जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड, नई दिल्ली से प्राप्त कर सकते है। इसके लिए 200 रू. नकद या किसी अनुसूचित बैंक का 200 रू. का डिमाण्ड ड्राफ्ट एमपीईआरसी के नाम भोपाल में देय या जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड (यूनिटः जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लाण्ट) के नाम से नई दिल्ली में देय देना होगा। याचिका की प्रति 50 रू. अतिरिक्त डाक शुल्क भुगतान कर डाक से भी प्राप्त की जा सकती है। यह याचिका आयोग की वेबसाइट www.mperc.in पर भी उपलब्ध है ।

इस प्रकरण में जन सुनवाई का आयोजन (हाईब्रिड मोड) दिनांक 03.02.2026 को प्रातः 12:00 बजे किया जायेगा। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने निर्धारित समय सीमा में अपने लिखित आपत्ति / टिप्पणी / सुझाव प्रस्तुत किये हैं, उनके मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल आई.डी. पर उक्त जन सुनवाई हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध गाईडलाईन्स के अनुसार उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सूचना दी जायेगी।

आयोग के आदेशानुसार
**(डॉ. उमाकान्ता पाण्डा)**
सचिव

## संक्षिप्त खबरें

### स्वदेशी मार्ट की स्थापना के प्रस्ताव के साथ संपन्न हुई कैट की मुहिम



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ और देश को समृद्ध करो के नारे के साथ कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चलाया जा रहा अभियान मंगलवार को संपन्न हो गया। 1 दिसंबर को पांढुर्णा से शुरू हुई यह यात्रा प्रदेश के विभिन्न जिलों से होते हुए राजधानी पहुंची। राजधानी में यात्रा के अंतिम पढ़ाव पर मानसरोवर कॉलेज से न्यू मार्केट तक एक रैली निकाली गई और न्यू मार्केट के व्यापारियों ने पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया। यह अभियान हर घर स्वदेशी- घर-घर स्वदेशी के संकल्प के साथ समाप्त हुआ। मुहिम के समापन अवसर पर केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और विधायक भगवानदास सबनानी मौजूद रहे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि स्वदेशी आर्थिक विषय से ज्यादा राष्ट्र की आत्मा से जुड़ा आंदोलन है।

### मिड डे ट्रेनिंग पूरी कर लौटे अफसरों ने की डीजीपी से मुलाकात



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत विदेश यात्रा से लौटे राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों की डी-ब्रीफिंग मंगलवार को पीएचक्यू में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने अधिकारियों को नववर्ष में पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। डीजीपी ने कहा कि थानों को जनता के प्रति उत्तरदायी और संवेदनशील बनाना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और निष्ठा ही जनता में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करती है। जन सुनवाई के मामलों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। भीड़ प्रबंधन व वीआईपी सुरक्षा प्रोटोकॉल, संगठित अपराध पर तकनीक के जरिए नियंत्रण, इंदौर और भोपाल के लिए कैम्ब्रिज मॉडल पर क्राइम हार्म इंडेक्स बनाने, सिंहस्थ और उज्जैन महाकाल के लिए क्राउड मैनेजमेंट एवं महिला अपराधों की रोकथाम को लेकर भी निर्देश दिए।

# जीतू के बयान पर सियासत, भाजपा ने दी नसीहत

## पटवारी बोले-वे वनवास भोग रहे हैं, भाजपा ने कहा- राम बनने की न करें कोशिश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस में सबकुछ अच्छा नहीं चल रहा है। राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह अपने बयान को लेकर जहां अपनो से घिर गए है,तो वहीं प्रदेश कांग्रेस के मुखिया जीतू पटवारी के एक बयान ने प्रदेश में सियासी हलचल मचा दी है।

पटवारी ने कहा कि वे वनवास भोग रहे हैं, तो भाजपा ने कहा कि राम बनने की वे कोशिश नहीं करें। दरअसल मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर में बयान दिया कि वे स्वयं वनवास भोग रहे है। उनका यह बयान सोशल मीडिया में वायरल होते ही सियासी बयानों का दौर जारी हो गया। पटवारी के इस बयान को कांग्रेस जहां भावनात्मक संघर्ष और राजनीतिक लड़ाई से जोड़कर देख रही है, वहीं बीजेपी इसे नाटकीयता और आत्ममुग्धता करार दे रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने जीतू पटवारी के बयान का समर्थन करते हुए उनके बयान को भगवान राम से जोड़ दिया।





पीसी शर्मा ने कहा कि वनवास में रहकर भगवान राम ने रावण का वध किया था और आज मध्यप्रदेश की परिस्थितियां भी कुछ ऐसी ही हैं। उनका कहना है कि जीतू पटवारी संघर्ष के रास्ते पर हैं और उसका परिणाम सकारात्मक होगा। बीजेपी ने शर्मा के इस बयान पर कड़ा एतराज जताया है। बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि जीतू पटवारी की तुलना श्री राम से करना पूरी तरह से गलत है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने ही जीतू पटवारी को वनवास दिया है। उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी राम बनने की कोशिश नहीं करें,बल्कि उनकी पैरों की धूल बनें।

### एआई की तस्वीर से जीता पुरस्कार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि सरकार ने एआई की तस्वीरों का उपयोग कर राष्ट्रीय जल पुरस्कार जीता। उन्होंने कहा कि खंडवा को जो पुरस्कार मिला, वह गलत जानकारी के आधार पर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि खंडवा जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कार जीतने के लिए एआई से निर्मित तस्वीरों का गलत तरीके से इस्तेमाल किया। पटवारी ने सोशल मीडिया एक्स में लिखा कि जहां भाजपा सरकार को हमारे बच्चों को एआई का सदुपयोग सिखाना चाहिए, वहीं वह खुद एआई से भ्रष्टाचार कर रही हैं। खंड़वा में भाजपा सरकार के अधिकारियों ने जल संरक्षण के नाम पर दो फीट के गड्ढों को एआई से कुआं बना दिया और पूरे क्षेत्र में तरह तरह के विकास कार्यों की एआई से बनाई गई तस्वीरें पोर्टल पर अपलोड कर दीं। इन्हीं तस्वीरों के आधार पर राष्ट्रपति से पुरस्कार भी ले लिया गया। जब जमीनी हकीकत सामने आई, तो वहां खेत और खाली मैदान निकले।

### जिला प्रशासन ने आरोपों को नकारा

इधर कांग्रेस के इस आरोप पर स्थानीय जिला प्रशासन ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। खंडवा जिला पंचायत मुख्य कार्यकारी अधिकारी नागार्जुन बी. गौड़ा ने कहा कि एआई-जनित तस्वीरों का राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रक्रिया से कोई संबंध नहीं है। हकीकत यह है कि खंडवा जिले में 'जल संचय, जन भागीदारी' अभियान के तहत कुल 1,29,046 वास्तविक जल संरक्षण कार्यों की सत्यापित फोटो जेएसजेबी पोर्टल पर अपलोड की गईं, जिन्हें केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने जांचा और निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि उन फोटो को अपलोड करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कैच द रेन पोर्टल, जल संचय जन भागीदारी पोर्टल से पूरी तरह अलग है, और कैच द रेन पोर्टल पर अपलोड की गई शैक्षणिक फोटो को जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार के लिए विचार में नहीं लिया जाता है।

## जन्मशताब्दी वर्ष पर सुशासन सम्मेलन

**जागरण, भोपाल।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर निगम, भोपाल द्वारा आईएसबीटी स्थित निगम सभाकक्ष में सुशासन सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के प्रारंभ में स्व. वाजपेयी के चित्र पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। महापौर राय ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य वक्ता अग्रवाल का सम्मान किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता रजनीश अग्रवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, आदर्श, विचारों के साथ ही सुशासन एवं उसके महत्व पर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, निगम आयुक्त संस्कृति जैन, महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती, महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर ने भी अपने विचार व्यक्त किए, जबकि निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पीडब्ल्यूडी के काम पर सवाल, खस्ता सड़क को लेकर मंत्री बोले- जीवनभर चलेगा काम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं मंडला जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने खराब सड़कों को लेकर लोकनिर्माण विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि एनएच-30 का काम जीवन भर चलेगा। मंत्री जायसवाल अपने प्रभार के जिले में मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। जब उनसे मंडला जिले में खराब सड़कों और लंबे समय से अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को लेकर सवाल किया गया,तो उन्होंने विभाग और संबंधित ठेकेदारों को इसके लिए दोषी ठहराया। वर्ष 2014-15 में शुरू हुआ नेशनल हाईवे-30 का निर्माण कार्य के अधूरे रहने पर कहा कि यह काम तो पूरी जिंदगी चलता रहेगा। हालांकि उन्होंने बाद में अपनी बात को संभालते हुए कहा कि हम सिर्फ एक सड़क की बात नहीं कर रहे हैं, हर



जगह सड़कें बन रही हैं, इसलिए यह काम आगे भी चलता रहेगा। मंत्री जायसवाल ने कहा कि सड़क निर्माण में ठेकेदारों की भूमिका एक बड़ी समस्या है। कई बार टेंडर प्रक्रिया में अच्छे ठेकेदार मिल जाते हैं, लेकिन कई जगह ऐसे ठेकेदार भी आ जाते हैं, जिनके कारण काम समय पर पूरा नहीं हो पाता। सरकार काम रुकने न पाए, इसके लिए ठेकेदारों को अग्रिम भुगतान तक करती है। इसके बावजूद कुछ ठेकेदार पैसा लेने के बाद भी काम पूरा नहीं कर पाते। कई बार ऐसी स्थिति निर्मित होने पर सरकार एक प्रक्रिया में फंस जाती है, जिसके कारण ठेकेदारों पर कार्रवाई करना आसान नहीं होता। मंत्री ने कहा कि वे कलेक्टर को निर्देश देंगे कि संबंधित ठेकेदार की जानकारी ली जाए और यह पता लगाया जाए कि काम में कहां और क्यों परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा कि कानूनी दायरे में जो भी रास्ता निकले, उसके जरिए सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराया जाएगा।

# किसानों की आय बढ़ाने में दुग्ध उत्पादन की भूमिका अहम: सीएम

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के दुग्ध उत्पादन को औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का भी आधार बनाया जाए। दुग्ध उत्पादन तथा उसकी प्रोसेसिंग व मार्केटिंग में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इसके साथ ही दुग्ध उत्पादन कृषकों की आय बढ़ाने में भी प्रभावी रूप से सहायक है। सीएम मंगलवार को समत्व भवन में हुई राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कई निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि यह समिति मध्यप्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन तथा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य हुए एग्रीमेंट के अंतर्गत गठित की गई है। बैठक में सीएम ने अधिकारियों से कहा कि सभी जिलों में समन्वित रूप से गतिविधियों संचालित करते हुए सांची ब्राण्ड का अधिक से अधिक विस्तार किया जाए। सांची प्रोडेक्ट्स की ब्राण्डिंग में गोवंश और गोपाल को शामिल किया जाए। डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने में दुग्ध उत्पादन की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों की दक्षता और क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम स्तर तक गतिविधियां संचालित की जाएं। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि दुग्ध संकलन व्यवस्था की मजबूत निगरानी हो। दूध खरीदी की कीमतें उत्पादकों के लिए लाभप्रद हों और खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित हो तथा दुग्ध उत्पादकों को उनका भुगतान नियमित रूप से समय-सीमा में प्राप्त हो। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पीपीपी मोड पर निजी भागीदारी और डेयरी सहकारी समितियों के समन्वय से दुग्ध उत्पादन गतिविधियों का विस्तार किया जाए।

### श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति में की पूजा



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मालवीय नगर स्थित युवा सदन में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। यहां श्री अयोध्या धाम में पुनर्निमित श्रीराम मंदिर में श्रीरामलला के विराजमान की द्वितीय वर्षगांठ (तिथि अनुसार) पर आयोजन किया गया। जहां श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति के समक्ष सीएम सहित दूसरे नेता मौजूद रहे। सीएम ने कहा है कि राजधानी भोपाल में प्रदेश का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरव शामिल करने के उद्देश्य से राजधानी के प्रमुख मार्गों पर द्वारों का निर्माण किया जा रहा है। यह द्वार भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, सम्राट विक्रमादित्य और राजाभोज को समर्पित होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक पुनर्उत्थान का पर्व जारी है। बनारस, अयोध्या हो या उज्जैन सभी ओर हमारी आस्था और भावना के अनुरूप समृद्ध संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं का प्रकटीकरण हो रहा है। प्रदेश में गीता जयंती पर बड़े पैमाने पर श्रीमद्भगवतगीता पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# भड़के शिवराज, जीरामजी पर पंजाब सरकार के निंदा प्रस्ताव को बताया संविधान का अपमान

## राहुल गांधी को दी कल्पना लोक से बाहर आने की सलाह

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में मंगलवार को केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब विधानसभा द्वारा विकसित भारत-जी राम जी कानून के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव को सीधे तौर पर भारत के संघीय ढांचे पर हमला करार दिया है। शिवराज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी तीखा पलटवार करते हुए उन्हें हकीकत से कटा हुआ नेता कहा। चौहान ने संवैधानिक मर्यादाओं का हवाला देते हुए आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब सरकार के कदम पर सवाल उठाते हुए कहा कि संसद से पारित कानून को चुनौती देना और उसके खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव लाना लोकतंत्र और संघीय ढांचे की आत्मा के विरुद्ध है। अगर विधानसभाएं संसद के खिलाफ प्रस्ताव लाएंगी तो कल को जिला और ग्राम पंचायतें भी विधानसभा के कानूनों के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने लगेंगी. इससे देश में अराजकता की शुरुआत हो जाएगी।



### शिवराज ने जीरामजी की खूबियां भी गिनाईं

शिवराज ने मनरेगा के स्थान पर लागू होने वाली जीरामजी योजना की खूबियां गिनाते हुए कहा कि इससे अब 100 के बजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा और फंड सीधे मजदूरों के खातों में जाएगा जिससे बिचौलियों का खेल खत्म होगा। उन्होंने कहा कि नई योजना के तहत पिछड़ी पंचायतों को अधिक फंड और प्राथमिकता दी जाएगी।

### मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार की खोली फाइलें

भोपाल स्थित सरकारी आवास में प्रेस वार्ता में केंद्रीय कृषि मंत्री ने पंजाब सरकार को आईना दिखाते हुए राज्य में मनरेगा से जुड़े भ्रष्टाचार के आंकड़ों की झड़ी लगा दी। पंजाब में हजारों वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं लेकिन दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पंजाब में ही मनरेगा में 13,304 ग्राम पंचायतों में से केवल 5,915 का ऑडिट हुआ, जिसमें लगभग 10,653 गबन के मामले उजागर हुए। पंजाब सरकार ने इस पर चुप्पी साध रखी है। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी तंज कसते हुए कहा कि वे देश की जमीनी हकीकत से दूर कल्पना लोक में विहार कर रहे हैं। राहुल गांधी भ्रम फैला रहे हैं कि केंद्र में बिना मंत्रिपरिषद के काम चल रहा है। राहुल जिम्मेदार राजनीति के बजाय अंध-विरोध का रास्ता चुन रहे हैं। उन्होंने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा चुनाव आते ही वे त्रिपुण्ड और दुर्गा सप्तशती का सहारा लेते हैं, जबकि आस्था उनके लिए केवल राजनीतिक औजार है।

## हाइटेंशन लाइन में उलझ रहा मांझा, एडवायजरी की जारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल शहर के पतंगबाजों द्वारा उपयोग किया जाने वाला चाइनीज मांझा न केवल आम लोगों के लिए बल्कि पतंगबाजों की जान के लिए भी खतरा बना गया है। एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की ओर से इसके लिए एडवायजरी जारी करते हुए बताया गया कि पतंगबाजी के दौरान चायनीज मांझा के 220 केवी और 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों पर फंसने के कारण पिछले 1 वर्ष में भोपाल क्षेत्र की चार प्रमुख ट्रांसमिशन लाइनों पर व्यवधान हुआ। इससे न केवल बिजली आपूर्ति बाधित हुई, बल्कि पतंगबाजों को भी इसका नुकसार हुआ है। ऐसे में अब एमपी ट्रांसकों को ट्रांसमिशन लाइनों की सुरक्षा के लिए भोपाल में विशेष जागरूकता अभियान चलाएगी। बता दें कि खतरनाक चायनीज मांझा धात्विक लेप युक्त होता है। इसलिए यह ट्रांसमिशन लाइन के लिए इसलिए खतरनाक होता है, क्योंकि यह विद्युत का अच्छा चालक होता है। एमपी ट्रांसको भोपाल के कार्यपालन अभियंता रवि चौरसिया ने बताया कि पिछले तीन सालों में 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों की दो बार ट्रिपिंग के साथ विद्युत दुर्घटनाओं की घटनाएं भी सामने आई हैं। सबसे ज्यादा घटनाएं कलियासोत, आनंद नगर, गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, करोंद, रतनपुर, देवकीनगर, नारियलखेड़ा जैसे इलाकों में हुई हैं।

**पतंगबाजों की जान के लिए बना खतरा, भोपाल के सात इलाकों में सबसे ज्यादा हो रही घटनाएं**

## नई रिसर्च: अकालों से हुआ सिंधु घाटी सभ्यता का पतन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सिंधु घाटी सभ्यता का अंत कैसे और कब हुआ? यह सवाल दशकों से इतिहासकारों और वैज्ञानिकों को उलझाता रहा है। युद्ध, बाढ़, नदी का मार्ग बदलना या अचानक प्राकृतिक आपदा, इन तमाम सिद्धांतों के बीच अब एक नई रिसर्च ने सभ्यता के पतन की अधिक ठोस और क्रमिक तस्वीर पेश की है। ताजा अध्ययन बताता है कि सिंधु घाटी सभ्यता का पतन किसी एक विनाशकारी घटना से नहीं, बल्कि सदियों तक बार-बार पड़े लंबे सूखों (अकालों) की श्रृंखला से हुआ।यह अध्ययन आईआईटी गांधीनगर के शोधकर्ताओं और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों की टीम ने किया है, जो प्रतिष्ठित जर्नल कम्युनिकेशन्स अर्थ एंड एनवॉयरमेंट (नेचर समूह) में प्रकाशित हुआ है।



### सूखों की श्रृंखला, अचानक पतन नहीं

शोध के मुताबिक, सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियां इस सभ्यता की जीवनरेखा थीं। कृषि, व्यापार और शहरी जीवन इन्हीं जल-स्रोतों पर निर्भर था। लेकिन हड़प्पा काल (आज से लगभग 4500-3900 वर्ष पहले) के दौरान चार बड़े सूखे पड़े।

# विदेश जा रहे हैं तो भरें फार्म 6ए, मिलेगा मतदान का अधिकार

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** देश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के दौरान कई ऐसे मतदाताओं के नाम भी काट दिए गए हैं, जो शिक्षा या रोजगार के चलते किसी अन्य देश में जाकर बस गए हैं। भोपाल शहर से भी उच्च शिक्षा हासिल करने विदेश गए छात्रों और रोजगार हासिल करने के लिए विदेश गए लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नो मैपिंग वाले मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करने के दौरान स्वयं विदेश गए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाए थे। इस दौरान परिजनों के मन में सवाल था कि यदि परिजन भोपाल में हैं और परिवार का एक सदस्य विदेश में रहकर पढ़ाई या नौकरी कर रहा है, तो उसका नाम मतदाता सूची से क्यों काटा जा रहा है? जबकि मतदाता के पास अब भी भारत की नागरिकता है और वह कुछ साल बाद भारत आकर चुनाव के दौरान मतदान भी करेगा। तो मतदाता इन आसान स्टेप्स से समझ सकते हैं कि वे विदेश में रहकर भी भारत की मतदाता सूची में कैसे जुड़े रह सकते हैं और शिफ्टेड मतदाताओं के नाम भी यदि मतदाता सूची से काट दिए गए हैं, तो वे मतदाता सूची में नाम कैसे जुड़वा सकते हैं? उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने दैनिक जागरण को इस पर विस्तार से जानकारी दी।

### पते पर मतदाता मौजूद नहीं, तो कटेगा सूची से नाम: उपजिला निर्वाचन अधिकारी

**सवाल: एसआईआर के दौरान ऐसे मतदाताओं के नाम भी काट दिए गए हैं, जो शिक्षा या रोजगार के उद्देश्य से विदेश में बस गए हैं?**

हर उस मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाया गया है, जिसके नाम पर गणना पत्रक जारी हुआ और वह दिए गए पते पर बीएलओ को नहीं मिला। अब भले उस मतदाता के परिवार वाले दिए गए पते पर मौजूद हों। यदि मतदाता स्वयं मौजूद नहीं है, तो उसका नाम काटा जा रहा है।

**सवाल: तो जो मतदाता विदेश चले गए हैं, उन्हें एसआईआर के बाद मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने में परेशानी आएगी।**

बिल्कुल नहीं! मतदाता विदेश में रहकर भी भारत की मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाकर प्रवासी मतदाता बन सकते हैं। लेकिन इस काम की जिम्मेदारी मतदाता की होती है। इसके लिए मतदाता को निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर




जाकर फार्म 6ए अप्लाई करना होता है और उसे प्रवासी मतदाता के रूप में चिन्हित कर लिया जाता है।

**सवाल: विदेश गए मतदाता जब भारत आएंगे, क्या तब वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकेंगे?**

-बिल्कुल वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकेंगे, लेकिन उन्हें 2003 की सूची के अनुसार अपनी मैपिंग भी करवानी होगी। क्योंकि पहले जिला स्तर पर वोटर लिस्ट तैयार होती थी, ऐसे में कई बार मतदाता का नाम दूसरे जिले या राज्य में होने पर उसकी जानकारी नहीं मिल पाती थी। 2014 से वोटर लिस्ट का भारत निर्वाचन आयोग के अधीन हो गई है। तब से ही इसे पूरी तरह से शुद्ध करने का काम किया जा रहा है। इस बार हुए एसआईआर के दौरान मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो जाएगी।

**सवाल: विदेश में बसे मतदाताओं के अलावा ऐसे मतदाता जिनके नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं, लेकिन वे कहीं और शिफ्ट हो गए हैं। उनके नाम कैसे जुड़ेंगे?**

एसआईआर कार्य के दौरान कई मतदाता एक राज्य से दूसरे राज्य या दूसरे शहर या जिले में किसी दूसरी विधानसभा में जाकर बस गए हैं। ऐसे मतदाताओं को अपने वर्तमान पते के मतदान केंद्र पर जाकर बीएलओ से फार्म 6 लेना होगा। साथ ही घोषणा पत्र के माध्यम से जानकारी भरनी होगी कि वे या उनके माता पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में शामिल था। उनके नाम को मतदाता सूची में जोड़ लिया जाएगा।

## जल संसाधन और एमएसएमई मंत्री ने गिनाईं दो साल की उपलब्धियां, बताया विजिन

# प्रदेश में सिंचाई का लक्ष्य पूरा करने परियोजनाओं पर काम शुरू: सिलावट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने सिंचाई का रकबा 1 करोड़ हेक्टेयर करने का जो लक्ष्य तय किया है, उसे पूरा करने के लिए सिंचाई परियोजनाओं पर काम प्रारंभ हो गया है। सरकार ने कच्ची नहरों को पक्की बनाने और जर्जर बांधों की मरम्मत करने का लक्ष्य भी तय किया है। इस दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। यह बात मंगलवार को सूबे जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने अपने दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर पत्रकारों से संवाद करते हुए कही। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सिंचाई और जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के क्षेत्र में अब मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। वर्तमान में सिंचाई का रकबा 54 लाख हेक्टेयर से ज्यादा है, जिसे अगले वर्ष 65 लाख हेक्टेयर तक और 2029 तक 1 करोड़ हेक्टेयर तक बढ़ाने का रोडमैप तय किया गया है। उन्होंने तीन बड़ी नदी लिंक परियोजनाओं केन-बेतवा, पार्वती-कालीसिंध-चंबल और केन-मंदाकिनी लिंक परियोजना की प्रगति पर जोर दिया। इनसे किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी, सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी मिलेगा, और कृषि उत्पादन में ऐतिहासिक बढ़ोतरी आएगी। सिलावट ने बताया कि विभाग ने जल संरक्षण और संवर्धन, नहर नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण और माइक्रो इरिगेशन तकनीकों के उपयोग में भी देश में अग्रणी काम किया है।



### सिंहस्थ की चल रहीं तैयारियां 2027 तक पूरा होगा काम

सिलावट ने कहा कि विभाग की सिंहस्थ को लेकर तैयारियां चल रहीं है और 2027 तक काम पूरा कर लिया जाएगा। सरकार का संकल्प है कि श्रद्धालुओं को क्षिप्रा के जल से स्नान कराया जाए। उन्होंने बताया कि सिंचाई रकबा 1 करोड़ हेक्टेयर ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार तीन तीन बड़ी नदी लिंक परियोजनाओं पर फोकस कर रही है। सिलावट ने बताया कि विभाग ने जल संरक्षण और संवर्धन, नहर नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण और माइक्रो इरिगेशन तकनीकों के उपयोग में भी देश में अग्रणी काम किया है। उनका कहना था कि ये कदम न सिर्फ किसानों की आय बढ़ाएंगे, बल्कि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जल संसाधन को भी मजबूत बनाएंगे। उन्होने कहा कि विभाग की सिंहस्थ को लेकर तैयारियां चल रहीं है और 2027 तक काम पूरा कर लिया जाएगा।

# सभी 230 विधानसभाओं में 3 साल में होंगे इंडस्ट्रियल एरिया: कश्यप

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एमपी के 230 में से 80 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां एक भी इंडस्ट्रियल एरिया नहीं है। प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने मंगलवार को भोपाल के मिंटों हॉल में स्वीकार किया कि इन इलाकों में औद्योगिक क्षेत्र न होने से निवेश की रफ्तार कम हो रही है, यही कारण है कि आने वाले तीन सालों के भीतर प्रदेश के सभी 230 विधानसभाव क्षेत्रों में कम के कम एक इंडस्ट्रियल एरिया बनाने की तैयारी की जा रही है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के महानगरों में इंडस्ट्रियल कॉम्पलेक्स की ज्यादा डिमांड है ऐसे में छोटी यूनिटों के लिए गुजरात की तर्ज पर मल्टी स्टोरी इंडस्ट्रियल कॉम्पलेक्स बनाने की तैयारी की जा रही है। इसकी शुरुआत गोविंदपुरा से होगी। अगले चरण में अन्य शहरों में बसे औद्योगिक क्षेत्रों में कॉम्पलेक्स बनाए जाएंगे। इसके साथ ही एमएसएमई डिपार्टमेंट प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्रों में नए इंडस्ट्रियल प्लॉट विकसित करने पर फोकस कर रहे है। एमएसएमई डिपार्टमेंट ने पिछले दो साल के दौरान प्रदेश में लगी 4865 यूनिटों को ऑनलाइन सिंगल क्लिक के माध्यम से 3,118.44 करोड़ की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई। इसके अलावा दो साल में विभाग ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 16491 युवाओं को 1134.27 करोड़ का लोन दिया है।



### स्टार्टअप के लिए एक साल में 1 लाख 20 हजार की मदद

एमएसएमई मंत्री चेतन्य कश्यप ने बताया कि युवाओं को उद्योगों से जोड़ने के लिए राच्य की स्टार्टअप नीति में नए प्रावधान किए गए हैं। सरकार अब स्टार्टअप के लिए एक साल तक हर महीने 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दे रही है युवाओं को दे रही है, ताकि शुरुआती दौर में मदद की जा सके। कश्यप ने कहा कि अब नए आइडिया को जमीन पर उतारने के लिए सरकार प्रोटोटाइप डेवलपमेंट के लिए 30 लाख रुपए तक की मदद देगी, जबकि स्टार्टअप्स के लिए सरकार ने 100 करोड़ रुपए का सीड फंड बनाया है। इसके अलावा एमएसएमई डिपार्टमेंट प्रदेश मे छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए मेगा इन्क्यूबेशन सेंटर बना रहा है, जिसमें आइडिया डेवलपमेंट के लिए आधुनिक लैब, मेंटरिंग, शेड और वर्क प्लेस दिया जाएगा।

# सेना के ध्रुव-एनजी हेलिकॉप्टर में आम नागरिक कर सकेंगे सफर

## उड्डयन मंत्री नायडू ने दिखाई हरी झंडी




**बेंगलुरु, जेएनएन।** नेक्स्ट जनरेशन सिविल हेलिकॉप्टर ध्रुव एनजी ने मंगलवार को बेंगलुरु हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हाल) के फैसिलिटी सेंटर से पहली उड़ान भरी। इसे हाल ने ही बनाया है। ध्रुव हेलिकॉप्टर अब तक सिर्फ सशस्त्र बलों की जरूरतें पूरी करता रहा है। आगे आम नागरिक भी इसमें सफर कर सकेंगे। इसका मकसद मेडिकल इमरजेंसी, पर्यटन, दूरदराज के इलाकों की कनेक्टिविटी और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में हेलिकॉप्टर सेवाओं को बढ़ाना है। इस मौके पर केंद्रीय सिविल एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू भी मौजूद थे। इससे पहले, भारतीय सेना ध्रुव हेलिकॉप्टर का पहाड़ों, रेगिस्तान और समुद्री इलाकों में अपने ऑपरेशन के लिए इस्तेमाल करती रही है। हाल तेजी से बढ़ रहे सिविल और यूटिलिटी हेलिकॉप्टर बाजार पर फोकस कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, एयर एम्बुलेंस, ऑफशोर ऑपरेशंस, आपदा राहत और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में मांग बढ़ रही है। इसी को देखते हुए सरकारी एयरोस्पेस कंपनी सैन्य प्लेटफॉर्म से आगे अपने दायरे का विस्तार करना चाहती है।

# देश में एटीएम का उपयोग हुआ कम, 2300 हुए बंद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डिजिटल पेमेंट की बढ़ती पॉपुलैरिटी के कारण अब एटीएम का इस्तेमाल कम हो रहा है। इसका सीधा असर देश भर में लगे ऑटोमेटेड टेलर मशीनों की संख्या पर पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक की ट्रेंड एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग इन इंडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में देश में कुल एटीएम की संख्या 2,360 यूनिट तक कम हो गई है। 31 मार्च 2025 तक देश में कुल एटीएम की संख्या 2,51,057 रह गई, जबकि पिछले साल (वित्त वर्ष 2024) यह आंकड़ा 2,53,417 था। आरबीआई ने कहा कि ग्राहक रोजमर्रा के लेन-देन के लिए नकदी निकालने के बजाय डिजिटल चैनलों का इस्तेमाल ज्यादा कर रहे हैं, जिससे एटीएम की जरूरत कम हो गई है।




**एटीएम बंद करने में प्राइवेट सेक्टर सबसे आगे**-प्राइवेट सेक्टर की एटीएम की संख्या 79,884 से घटकर 77,117 हो गई, जो सबसे तेज गिरावट है। वहीं पब्लिक सेक्टर बैंकों का नेटवर्क अब भी सबसे बड़ा है, लेकिन इनकी संख्या भी कम हुई है।

**2,53,417** एटीएम थे 2024 में
**2,51,057** एटीएम बचे हैं 2025 में
**2,360** एटीएम कम हुए 2025
**79,884** एटीएम प्राइवेट सेक्टर के
**77,117** एटीएम रह गए हैं
**34,602** व्हाइट लेबल (इंडिपेंटडेंट) एटीएम थे
**36,216** व्हाइट लेबल (इंडिपेंटडेंट) एटीएम बढ़े

### ब्रांच खोलने में पब्लिक सेक्टर बैंक आगे

एटीएम कम होने के बावजूद बैंकों की कुल शाखाएं बढ़ी हैं। 31 मार्च 2025 तक देश में कुल शाखाओं की संख्या 1.64 लाख हो गई, जो पिछले साल के मुकाबले 2.8 प्रतिशत ज्यादा है। पब्लिक सेक्टर बैंक इस विस्तार में सबसे आगे रहे। नई शाखाएं खोलने में पब्लिक सेक्टर बैंकों का हिस्सा बढ़ा, जबकि प्राइवेट बैंकों का हिस्सा पिछले साल के 67.3 प्रतिशत से घटकर 51.8 प्रतिशत रह गया। पब्लिक सेक्टर बैंकों ने अपनी दो-तिहाई से ज्यादा शाखाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोलीं।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा के बीच मयमन सिंह जिले से चौंकाने वाली घटना सामने आई है। भालुका उपजिला स्थित गारमेंट फैक्ट्री में सुरक्षा ड्यूटी के दौरान बजेंद्र बिस्वास



(42) की गोली लगने से मौत हो गई। मामले में उनके ही साथी नोमान मिया(29) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वारदात सोमवार, शाम करीब 6.45 बजे मेहराबारी इलाके में स्थित सुल्ताना स्वेटर्स लि. (लाबीब ग्रुप) में हुई। बजेंद्र और नोमान फैक्ट्री में अंसार बैरक में तैनात थे। बातचीत के दौरान नोमान ने सरकारी शॉटगन को मजाक में बजेंद्र की ओर तान दिया। गोली बजेंद्र की बाईं जांघ में लगी। उन्हें तुरंत भालुका उपजिला स्वास्थ्य परिसर ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि,बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के बीच अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या मजाक में गोली चली या पीछे कोई साजिश थी? मृतक बजेंद्र बिस्वास सिलहट सदर के कादिरपुर गांव के रहने वाले थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य बताए जा रहे हैं। वहीं आरोपी नोमान सुनामगंज जिले के ताहेरपुर थाना क्षेत्र का निवासी है।

# शाह बोले-ममता घुसपैठ नहीं रोक सकतीं
# क्या पहलगाम हमला आपने कराया : ममता

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि शकुनि का चेला दुशासन बंगाल में जानकारी जुटाने आया है। जैसे ही चुनाव आते हैं, दुशासन और दुर्योधन दिखाई देने लगते हैं। आज बीजेपी कह रही है कि ममता बनर्जी ने जमीन नहीं दी, तो फिर पेट्रापोल और अंडाल में जमीन किसने दी? बांकुरा में आयोजित कार्यक्रम में ममता ने कहा- बीजेपी कहती है कि घुसपैठिए सिर्फ बंगाल से ही आते हैं। अगर ऐसा है तो क्या पहलगाम में हमला आपने कराया था? दिल्ली में जो घटना हुई, उसके पीछे कौन था? बीजेपी एसआईआर के नाम पर लोगों को परेशान कर रही है। ममता का ये बयान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर आया है। पश्चिम बंगाल दौरे के दूसरे दिन आज शाह ने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता सरकार घुसपैठ को रोक नहीं पा रही



है। अगर राज्य में भाजपा सरकार बनी तो यहां परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। बंगाल में सभी योजनाएं डेड एंड पर पहुंच गई हैं।

**मार्च-अप्रैल 2026 में होने हैं चुनाव:** शाह बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर यहां पहुंचे हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा का कार्यकाल 7 मई 2026 तक है। चुनाव मार्च-अप्रैल 2026 में होना लगभग तय है। यहां कुल 294 सीटें हैं, टीएमसी की सरकार है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं।

### घुसपैठ और महिला सुरक्षा पर बोले अमित शाह

टीएमसी के 15 साल के शासन में लोग भयभीत हैं। ममता बनर्जी सरकार चुनावी फायदे के लिए बांग्लादेशियों की घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। मोदी सरकार देश में गरीबी का उन्मूलन कर रही है। बंगाल की जनता घुसपैठियों से त्रस्त है। क्या कोई सरकार ऐसी हो सकती है कि जो घुसपैठियों की पनाहगार बने। ये राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। दूसरी तरफ बंगाल सरकार महिलाओं को उनका अधिकार देने में विफल रही है। संदेशखाली, आरजी कर अस्पताल रेप केस समेत और भी मामले हैं। ममता सरकार इन्हें सुरक्षा देने में विफल रही है।

#### अमित शाह के ममता से सवाल

- कौन सरकार है जो बॉर्डर पर फेसिंग के लिए जगह नहीं दे रही है, वह सरकार आपकी है।
- घुसपैठिया गांव में घुसता है तो उस पर किसी तरह का एक्शन क्यों नहीं लिया जाता।
- आपकी सरकार क्या कर रही है, घुसपैठियों को वापस क्यों नहीं भेज रही।
- बंगाल की तरह कश्मीर, असम, त्रिपुरा के बॉर्डर पर घुसपैठ क्यों नहीं हो रही है।

**घुसपैठियों को पालने-पोसने वाली पार्टी से भाजपा नहीं करेगी समझौता**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मैं भरोसा दिलाना चाहता हूं कि बीजेपी किसी भी हालत में उस राजनीतिक पार्टी के साथ कोई समझौता नहीं करेगी, जो अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देती है और अपने पक्के वोट बैंक को बचाने के लिए घुसपैठियों को पालती-पोसती है। घुसपैठ एक बहुत गंभीर मुद्दा है, क्योंकि इस खतरे की वजह से राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। जब तक घुसपैठ को रोका नहीं जाता तो आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल के लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाएंगी।

## किसान की आंखों में मिर्ची झोंककर लूटे 25 लाख

**जागरण अशोकनगर।** जिले में एक किसान की आंखों में लुटेरों ने मिर्ची झोंक दी और 25 लाख रुपए से भरे दो बैग ले उड़े। मामला देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तमोइया चक्क और और मोहरी गांव के बीच की है। देहात पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मालूम हो कि कुछ ही दिनों पहले शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के ग्राम नगऊखेड़ी और रेलवे फाटक के बीच भी एक गल्ला व्यापारी से भी लूट की घटना हुई थी। तमोइया चक गांव के रहने वाले लखविंदर सिंह ने पुलिस को बताया है कि उन्हें कुछ लोगों के रुपए देने थे। वह और कुछ अन्य लोग धान मक्का बेंचने का काम करते हैं। इससे जो रुपये आए थे वे रुपए अशोकनगर के रामपुरा मोहल्ला में रहने वाले जज्जी को देने जा रहा था।



लखविंदर के अनुसार उसके पास दो बैगों में पच्चीस लाख रुपये रखे थे। जब वह अपनी बाइक से यह रुपये देने के लिए अपने तमोइया स्थित घर से निकला तो मोहरी और तमोइया के बीच तीन लोगों ने उसे रोका। लखविंदर पलट कर गया तो उन्होंने एक खेत के बारे में पूछा कि क्या यह जमीन बिक रही है तो उसने इसकी जानकारी नहीं होने की बात कही। इसी बीच लुटेरों ने उसकी आंखों में मिर्च पावडर डाल दिया। लखविंदर के मुताबिक उन तीनों बदमाशों में से दो नकाबपोश थे जबकि तीसरा आदमी गेहूंआ रंग का था जिसने काले रंग की पैंट पहन रखी थी। घटना के बाद किसान ने चिल्ला-चिल्लाकर लोगों से मदद की गुहार लगाई थी पर किसी ने मदद नहीं की।

**2025 गुजरता साल यादगार लम्हे**

"यह साल भोपाल के लिए मेट्रो विस्तार, औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के साथ-साथ कई स्थानीय और राष्ट्रीय चर्चाओं का वर्ष रहा। साल के शुरूआत में भोपाल में निवेश के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की गई और साल के अंत तक भोपाल में मेट्रो का सफर शुरू हो गया।"

# भोपाल में विकास और उपलब्धियों के साथ भ्रष्टाचार के बड़े मामलों ने भी ध्यान खींचा

### भोपाल-इंदौर में मेट्रो



इसी साल प्रदेश के दो बड़े शहरों इंदौर और भोपाल में मेट्रो चल पड़ी। मई के अंत में इंदौर में और दिसंबर में भोपाल से मेट्रो का कमर्शियल रन शुरु हुआ। भोपाल में मेट्रो ट्रेन का कमर्शियल रन शुरू होने के साथ ही शहरी परिवहन के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया। इसके साथ ही भोपाल प्रदेश का दूसरा और देश का मेट्रो सुविधा वाला 19वां शहर बन गया।

### शाकिर मछली कांड



भोपाल में लव जिहाद और उससे जुड़े लड़कियों के यौन शोषण, ब्लैकमेलिंग, ड्रग्स तथा धार्मिक दबाव के आरोपों का मामला व्यापक रूप से सुर्खियों में रहा। भोपाल में सकल हिंदू समाज नामक संगठन ने शारिक मछली को लव जिहाद और दुष्कर्म केस का मास्टरमाइंड बताया। कुछ युवतियों ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें प्यार के जाल में फंसाकर नशा देकर शारीरिक शोषण किया गया। इतना ही नहीं उनके अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया गया और शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया गया। साथ ही साथ धर्म परिवर्तन का भी दबाव बनाया गया। अगस्त में भोपाल प्रशासन ने मछली परिवार की कथित अवैध 10 करोड़ की कोठी पर बुलडोजर चलाया जिसे आरोपियों की अवैध गतिविधियों से जोड़ा गया था।



### अवैध ड्रग्स फैक्ट्रियां

भोपाल में दो बड़ी अवैध ड्रग्स फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ हुआ, जिनमें करोड़ों रुपये की ड्रग्स जब्त की गई राजस्व खुफिया निदेशालय ने ऑपरेशन क्रिस्टल ब्रेक के तहत भोपाल के जगदीशपुर (इस्लाम नगर) इलाके में एक गुप्त एमडी ड्रग्स निर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में करीब 61.2 किलोग्राम एमडी ड्रग्स और 541 किलोग्राम से अधिक कच्चा माल बरामद किया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 92 करोड़ रुपये आंकी गई। इस फैक्ट्री का संचालन विदेश में अंडरवर्ल्ड से जुड़े हैं। धन हस्तांतरण के लिए हवाला चैनलों का इस्तेमाल किया गया था।

### रेड सिग्नल पर बस हादसा

12 मई को बाणगंगा चौराहे पर रेड सिग्नल पर जेब्रा क्रासिंग के अंदर खड़े वाहनों को पीछे से तेज गति में आई स्कूल बस रौंद दिया। स्कूल बस का ब्रेक फेल होने से वह अनियंत्रित हो गई थी और चालक ने कंट्रोल खो दिया था। बस दो फोर व्हीलर और 6 टू व्हीलर वाहनों को टक्कर मारते हुए आगे निकल गई. इसकी चपेट में आने से जूनियर महिला डॉक्टर आयशा खान की मौके पर ही मृत्यु हो गई। बस के अगले पहिए में आयशा की स्कूटी भी फंस गई थी। जिसके कारण आयशा स्कूटी के साथ करीब 50 फीट तक घिसटती रही। लेकिन कुछ दूर बाद आयशा बस के पहिए के नीचे आ गई, डॉ आयशा की 15 दिन बाद शादी होने वाली थी।





## चिकित्सा क्षेत्र की उपलब्धियां

### हमीदिया अस्पताल



राजधानी के हमीदिया अस्पताल में कैंसर, हार्ट और फेफड़ों से संबंधित बीमारी की जांच के लिए मार्डन सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन लगाई गई। इसके लिए अस्पताल में 24 करोड़ रुपये से दो हाईटेक मशीनें खरीदी गई। हमीदिया अस्पताल में दिल के रोगियों की गहन जांच और इलाज के लिए अत्याधुनिक कैथ लैब शुरू की गई।

### भोपाल एम्स में पहला हार्ट ट्रांसप्लांट



राजधानी भोपाल के एम्स में पहली बार सफल हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया। 23 जनवरी को ट्रांसप्लांट के लिए ब्रेन डेड मरीज के हार्ट को जबलपुर से पीएम श्री एयर एंबुलेंस के जरिए भोपाल लाया गया था। कमाल की बात यह भी रही कि इस ट्रांसप्लांट के लिए जबलपुर, भोपाल और इंदौर में तीन ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। इंदौर में ट्रांसप्लांट के लिए लिवर भेजा गया था। प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि इतने ग्रीन कॉरिडोर एक साथ बनाए गए हों। सागर जिले के ग्राम मानक्याई के रहने वाले बलिराम कुशवाहा (61 साल) की ब्रेन डेथ के बाद परिजनों ने उनके अंगदान का संकल्प लिया था।

## भ्रष्टाचार के मामले



भोपाल में भ्रष्टाचार के कई बड़े मामले सामने आए, जिनमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर विभाग (आईटी), आर्थिक अपराध शाखा और लोकायुक्त संगठन द्वारा विभिन्न रसूखदार व्यक्तियों और कंपनियों पर छापे मारे गए।

### पीडब्ल्यूडी के पूर्व चीफ इंजीनियर जीपी मेहरा

अक्टूबर 2025 में, लोकायुक्त संगठन ने रिटायर्ड पीडब्ल्यूडी इंजीनियर जीपी मेहरा के कई ठिकानों पर छापा मारा। उन पर आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप थे। इस कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

### एसबीआई धोखाधड़ी मामला

प्रवर्तन निदेशालय ने 1266 करोड़ रुपये के भारतीय स्टेट बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच की। जांच के आधार पर, दुबई में स्थित 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की गई।

**दिलीप गुप्ता छापा :** नवंबर 2025 में कथित तौर पर 35.37 करोड़ रुपये हड़पने के आरोप में कारोबारी दिलीप गुप्ता (संभवतः दिलीप बिल्डकॉन से जुड़े) के ठिकानों पर छापे मारे। आयकर विभाग ने भी दिलीप बिल्डकॉन और उसके सहयोगियों पर छापेमारी की।

### रियल एस्टेट कारोबारी राजेश शर्मा

राजधानी में भोपाल रियल एस्टेट कारोबारी राजेश शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू कर दी है। फर्जीवाड़ा आइसीआइसीआइ बैंक में खाता खोलकर किया है। इसमें कई बैंककर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध मिली। अंगूठा किसी का और अन्य डिटेल किसी और की होने पर बैंककर्मियों ने आपत्ति दर्ज क्यों नहीं कराई। बैंक अकाउंट से 12 दिन में 1.36 करोड़ से ज्यादा राशि राजेश शर्मा ने अपने करीबी के खाते में ट्रांसफर करवा दी।

### गुटखा कंपनियों पर छापा

आर्थिक अपराध शाखा ने भोपाल में तीन नामी गुटखा कंपनियों राजश्री, विमल और ब्लैक लेबल की फैक्ट्री पर छापेमारी की। गुटखे में मिलावट के साथ, बाल श्रम और करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी भी पकड़ी गयी। तीनों कंपनियों के यहां पड़े छापे में 100 करोड़ से अधिक का स्टॉक मिला। अनुमान के अनुसार 400 से 500 करोड़ रूपए के टैक्स चोरी का मामला सामने आया।






### साइंस हाउस मामला

सितंबर 2025 में, ईडी और आईटी की टीमों ने एक ऑटोमोबाइल कंपनी से जुड़े 40 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में भोपाल में कई स्थानों पर तलाशी ली। इसके अलावा, साइंस हाउस से जुड़े परिसरों पर भी लंबी आयकर छापेमारी हुई।




# विजयी पंच के साथ भारत ने किया साल का यादगार अंत

## पांचवें टी-20 में भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को 15 रन से हराया

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** भारत ने पांचवें और अंतिम महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंगलवार को श्रीलंका को 15 रन से हराकर पांच मैच की सीरीज में 5-0 से क्लीनस्वीप किया। भारत के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम हसिनी परेरा (65 रन) और इमेशा दुलानी (50 रन) के अर्धशतक और दोनों के बीच दूसरे विकेट की 79 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 160 रन ही बना सकी। भारत की तरफ से दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, वैष्णवी शर्मा, श्री चरणी और अमनजोत कौर ने एक-एक विकेट चटकाया। इससे पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 43 गेंद में नौ चौकों और एक छक्के से 68 रन की पारी खेलने के अलावा अमनजोत (21) के साथ छठे विकेट के लिए 61 रन जोड़कर भारत को सात विकेट पर 175 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। अरुंधति ने अंत में 11 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 27 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से कविशा दिलहारी (11 रन पर दो विकेट), कप्तान चामरी अटापट्टू (21 रन पर दो विकेट) और रश्मिका सेवांडी (42 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट लिए। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ओवर में ही उन्होंने ओपनर शेफाली वर्मा का विकेट गंवा दिया था। लगातार तीन अर्धशतक के बाद शेफाली इस मैच में केवल पांच रन बना सकी। अंतरराष्ट्रीय डेब्यू कर रही 17 साल की जी कमालिनी के लिए भी ये मैच बहुत अच्छा नहीं रहा और 12 गेंद में उनके बल्ले से केवल 12 रन ही निकले। भारत ने अपने पांच विकेट केवल 77 के स्कोर पर ही गंवा दिए थे। हालांकि एक छोर पर हरमनप्रीत की मौजूदगी जरूर उन्हें राहत का एहसास दिला रही थी। हरमनप्रीत ने संभलकर बल्लेबाजी की और 35 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

**152** विकेट 133 मैचों में दीप्ति शर्मा के टी-20 अंतरराष्ट्रीय में हो गए हैं। इसके साथ ही वे सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मेगन शट का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जिनके 123 मैचों में 151 विकेट हैं।

**प्लेयर ऑफ द मैच**
**हरमनप्रीत कौर 63 रन**
**प्लेयर ऑफ द सीरीज**
**शेफाली वर्मा 241 रन**

### टी-20 रैंकिंग: शीर्ष पांच के करीब शेफाली-रेणुका

**दुबई, जेएनएन।** भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्विंग गेंदबाज रेणुका सिंह आईसीसी टी-20 बल्लेबाजी और गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका के खिलाफ चल रही द्विपक्षीय सीरीज में शेफाली सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। उनके 236 रन दूसरे नंबर पर मौजूद स्मृति मांधना के 120 रनों से करीब दोगुने हैं। रेणुका भी सीरीज की सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों में शामिल हैं। उनके चार विकेट साथी दीप्ति शर्मा, वैष्णवी शर्मा और श्री चरणी के बराबर हैं। वहीं रेणुका ने आठ स्थान की उछाल के साथ संयुक्त छठा स्थान हासिल किया, जहां वह दक्षिण अफ्रीका की न्कुलेको म्लाबा के साथ हैं। इसमें खास भूमिका उनकी सीरीज के तीसरे मैच में 21 रन देकर चार विकेट की शानदार गेंदबाजी की रही। दीप्ति पिछले हफ्ते गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच चुकी हैं। शेफाली और रेणुका दोनों ने इस सीरीज में एक-एक प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी जीता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### आरएनटीयू की महिला टीम ने हॉकी में जीता रजत पदक




**भोपाल।** रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की महिला टीम ने वेस्ट जोन हॉकी टूर्नामेंट में रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई भी कर लिया। टूर्नामेंट के अंतिम लीग मुकाबले में आरएनटीयू ने महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी (अजमेर) को 8-1 से शिकस्त दी। पलक गुप्ता और करमनप्रीत कौर गिल ने दो-दो गोल किए, जबकि भूमिक्षा साहू, योगिता वर्मा, आयुषी पटेल और खुशी कटारिया ने एक-एक गोल किया। दूसरे निर्णायक मुकाबले में टीम ने सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी को 3-1 से पराजित किया। इस मैच में गिल, अश्रिता ठाकुर और उषा कुमारी ने एक-एक गोल कर टीम की जीत और रजत पदक सुनिश्चित किया। उप-कप्तान अश्रिता प्लेयर ऑफ द मैच और भूमिक्षा बेस्ट स्ट्राइकर रही।

### शूटिंग: शहर के करांशु ने दो स्वर्ण पदक पर साधा निशाना

**भोपाल, खेप्र।** शहर के करांशु मस्तकर ने 68वीं राज्य स्तरीय शालेय शूटिंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक अर्जित किए। अंडर-14 बालक वर्ग में उन्होंने 10 मीटर पिस्टल में 400 में से 371 स्कोर कर सोने का तमगा हासिल किया, जबकि टीम इवेंट में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जिताया। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर मॉडल स्कूल के करांशु का चयन स्कूल नेशनल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ।। शूटिंग नेशनल कैंप का आयोजन 30 दिसंबर से किया जा रहा है तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 5 जनवरी से भोपाल में होगी। विजेता खिलाड़ी को विद्यालय की प्राचार्य रेखा शर्मा, उप प्राचार्य आरके श्रीवास्तव और खेल अधिकारी दीवान चंद मौली ने बधाई दी।

### मप्र के अमृत गुप्ता नेशनल चैंपियनशिप के फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्केबाजी अकादमी के खिलाड़ी अमृत गुप्ता ने 69वीं स्कूल नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-14 बालक वर्ग के सेमीफाइनल में उन्होंने राजस्थान के मुक्केबाज को 5-0 से हराया। इससे क्वार्टर फाइनल में उन्होंने मणिपुर के खिलाड़ी को 5-0 से और तेलंगाना के मुक्केबाज खिलाड़ी को 5-0 से एकतरफा शिकस्त दी थी।

# चोटिल जोफ्रा आर्चर और जॉश टंग टी-20 विश्व कप के लिए संभावित टीम में शामिल

जेएनएन, लंदन

तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को एशेज सीरीज के एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में चोटिल होने के बावजूद अगले साल फरवरी मार्च में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए मंगलवार को इंग्लैंड की 15 सदस्यीय संभावित टीम में शामिल किया गया। एडिलेड टेस्ट के दौरान आर्चर के बाएं पांव में खिंचाव आ गया था, जिसके कारण वह अगले दो टेस्ट मैच से बाहर हो गए थे। अन्य तेज गेंदबाज जोश टंग को हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने सीमित ओवरों के क्रिकेट में अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। आर्चर हालांकि श्रीलंका के खिलाफ 22 जनवरी से होने वाली तीन वनडे और इतने ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि आर्चर को टी-20 विश्व कप की संभावित टीम में शामिल किया गया है, लेकिन वह श्रीलंका दौरे पर नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट के दौरान चोटिल होने के बाद वह




रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। आर्चर के 8 फरवरी को मुंबई में नेपाल के खिलाफ विश्व कप ग्रुप-सी के पहले मैच से पहले टीम से जुड़ने की संभावना है। ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों टीमों में लौटे हैं। जैक क्रॉली की भी वनडे टीम में वापसी हुई है, जिन्हें 2023 के बाद पहली बार चुना गया है। जॉर्डन कॉक्स और तेज गेंदबाज साकिब महमूद को जगह नहीं मिली है, जो घुटने की सर्जरी के बाद अब भी रिकवरी में हैं। इंग्लैंड टी-20 विश्व कप में आठ फरवरी को मुंबई में नेपाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

**एशेज के बाद श्रीलंका के खिलाफ सीरीज**

एशेज के बाद बेहद कम समय होने के बावजूद इंग्लैंड ने अपने टेस्ट खिलाड़ियों को आराम न देने का फैसला किया है। टीम 18 जनवरी को श्रीलंका के लिए रवाना होगी। वनडे टीम के सात खिलाड़ी पूरे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर थे, जिनमें जो रूट भी शामिल हैं, जो मंगलवार को 35 साल के हो गए।

**श्रीलंका में टी-20 सीरीज के लिए टीम:** ब्रूक (कप्तान), रेहान, बैंटन, बेथेल, बटलर, ब्रायडन कार्स, कुरेन, डॉसन, डकेट, जैक्स, ओवरटन, राशिद, साल्ट, टंग, ल्यूक वुड।

**वनडे सीरीज के लिए टीम:** ब्रूक (कप्तान), रेहान, बैंटन, बेथेल, बटलर, कार्स, जैक क्रॉली, कुरेन, डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, ओवरटन, राशिद, जो रूट, वुड।

**टी-20 विश्व कप के लिए टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, सैम कुरेन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जोश टंग, ल्यूक वुड।

### 12 साल का अंतर और 195 वनडे

# घरेलू लिस्ट-ए क्रिकेट मैच से दूर होती अंतरराष्ट्रीय पीढ़ी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पिछले बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 की शुरुआत हुई और पहले ही दिन 22 बल्लेबाजों ने शतक लगाए। इनमें रोहित शर्मा और विराट कोहली के शतक भी शामिल थे, जो लंबे समय के बाद यह टूर्नामेंट खेल रहे थे। रोहित ने इससे पहले भारत की घरेलू वनडे प्रतियोगिता 2018 में खेली थी, जबकि कोहली ने तो आखिरी बार 2010 में विजय हजारे ट्रॉफी में खेला था। कोहली की वापसी का एक और खास पहलू यह था कि उन्होंने पिछला गैर वनडे-लिस्ट ए मैच 2013 में खेला था। तब उन्होंने चैलेंजर ट्रॉफी में दिल्ली की कप्तानी की थी। यह आंकड़े दिखाते हैं कि अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर कितना व्यस्त है और स्थापित खिलाड़ियों के लिए घरेलू वनडे क्रिकेट का महत्व लगातार कम होता गया है। इसके अलावा अब विदेशी दौरों पर भी लिस्ट ए मैच लगभग खत्म हो चुके हैं। इंग्लैंड में 2002 तक हर सत्र में तीन घरेलू वनडे टूर्नामेंट आयोजित होते थे, लेकिन 2010 के बाद से केवल एक ही होता है। अब यह इंग्लिश समर में द हंड्रेड के साथ चलता है, जिससे कई प्रमुख खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में खेलने से चूक जाते हैं। इंग्लिश बल्लेबाज जेकब बेथेल ने इस साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में अपना पहला लिस्ट ए शतक लगाया। बेथेल से पहले इंग्लैंड के लिए वनडे शतक लगाने वाले 50 बल्लेबाजों में से केवल कीथ फ्लेचर ऐसे थे, जिन्होंने घरेलू शतक से पहले देश के लिए खेला था। बेथेल की तुलना में रितुराज गायकवाड ने इस महीने की शुरुआत में अपना पहला वनडे शतक लगाने से पहले ही 17 लिस्ट ए शतक बना लिए थे। उन्होंने 50 ओवर फॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसमें फरवरी 2017 में लिस्ट ए डेब्यू पर लगाया गया बड़ा शतक भी शामिल है।

### भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट मैच: ईडन गार्डंस की पिच को संतोषजनक रेटिंग

**दुबई, जेएनएन।** कोलकाता की जिस पिच पर पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीन दिन के अंदर हरा दिया था उसे आईसीसी के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने संतोषजनक रेटिंग दी है। इस रेटिंग का मतलब है कि ईडन गार्डन की पिच पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं होगी। संतोषजनक आईसीसी की चार-स्तरीय पिच रेटिंग प्रणाली का दूसरा स्तर है, जो बहुत अच्छा और असंतोषजनक के बीच आता है, जबकि सबसे निचले स्तर पर अनफिट रखा गया है। इस हफ्ते ये रेटिंग्स काफी चर्चा का विषय बनी हुई हैं, खासकर इसलिए क्योंकि एमसीजी की पिच को बॉक्सिंग डे ऐशेज टेस्ट के बाद असंतोषजनक रेटिंग और एक डिमेरिट पॉइंट मिला, जो महज दो दिन में ख़त्म हो गया था। कोलकाता टेस्ट की पिच पर पहले ओवर से ही असमान उछाल देखने को मिला, और जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, तेज टर्न भी ज्यादा दिखने लगा। इस पिच ने सीमर्स और स्पिनर्स दोनों को हथियार बना दिया। ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई, जबकि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पहले दिन पांच विकेट झटके। दोनों ही टीमें एक बार भी 200 का आंकड़ा पार नहीं कर सकीं और चौथी पारी में 124 के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 93 रन पर ढेर हो गया। मैच के दौरान और उसके बाद तक पिच बहस का केंद्र बनी रही।

### ब्रैडमैन की भारत के खिलाफ सीरीज में पहनी गई बैगी ग्रीन कैप होगी नीलाम

**सिडनी, जेएनएन।** महान बल्लेबाज सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने भारत के 1947-48 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जो बैगी ग्रीन कैप पहनी थी उसकी अगले महीने नीलामी की जाएगी। ब्रैडमैन ने उस सीरीज के दौरान भारतीय ऑलराउंडर श्रीरंगा वासुदेव सोहोनी को कैप उपहार में दी थी। वह एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दौरा था। ब्रैडमैन के युग की बची हुई अधिकांश बैगी ग्रीन कैप विभिन्न संग्रहालयों या निजी संग्रहों में रखी गई हैं, लेकिन इस कैप को कभी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया गया या बिक्री के लिए नहीं रखा गया। ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार यह कैप 75 वर्षों से अधिक समय से लगातार एक ही परिवार के स्वामित्व में रही है। लॉयड्स ऑक्शंस के ली हेम्स ने कहा कि यह क्रिकेट इतिहास की एक वास्तविक वस्तु है, जिसे सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने व्यक्तिगत रूप से उपहार में दिया था। ब्रैडमैन के युग के टेस्ट क्रिकेटर प्रत्येक सीरीज के लिए अलग-अलग कैप पहनते थे। इस कैप की सार्वजनिक नीलामी की जाएगी। ब्रैडमैन को खेल के इतिहास का महानतम बल्लेबाज माना जाता है।

**मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग**

पंचम तल, मेट्रो प्लाजा, ई-5 अरेरा कालोनी, बिटटन मार्केट, भोपाल – 462016
दूरभाष: 0755. 2463585ए2430154, फैक्स: 0755–4004137
ई-मेल: secretary@mperc.nic.in वेबसाइट: www.mperc.in

क्रमांक: मप्रविनिआ/डी(टी)/2025/2510 दिनांक : 24/12/2025

**सार्वजनिक सूचना**

जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड (जेपीवीएल) ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अपने 2 x 250 मेगावॉट कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट, बीना जिला सागर, मध्यप्रदेश के लिए आयोग के 28.02.2025 दिनांकित आदेश से अवधारित उत्पादन टैरिफ के सत्यापन के लिए याचिका दायर की है। यह याचिका विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 और धारा 86(1)(ए) के सहपठित मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (उत्पादन टैरिफ के अवधारण संबंधी निबंधन एवं शर्ते) विनियम, 2024 के तहत दायर की गई है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए आयोग के अवधारित उत्पादन टैरिफ के सत्यापन के उद्देश्य से दोनों इकाईयों के लिये वार्षिक स्थायी (क्षमता ) प्रभार के दावे का विवरण निम्नानुसार है :–

(रु. करोड में)

| विवरण | आयोग के 28.02.2025 दिनांकित आदेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये एएफसी का अवधारण | याचिकाकर्ता के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए एएफसी का दावा | सत्यापन राशि |
|---|---|---|---|
| | (अ) | (ब) | (स)=(ब-अ) |
| पूंजी पर प्रतिलाभ | 164.00 | 203.00 | 39.00 |
| ऋण पर ब्याज | 38.92 | 43.05 | 4.13 |
| अवमूल्यन/अवक्षयण | 179.43 | 181.77 | 2.34 |
| कार्यकारी पूंजी पर ब्याज | 51.04 | 51.72 | 0.68 |
| प्रचालन एवं संधारण व्यय | 217.80 | 217.67 | (0.13) |
| प्रचालन एवं संधारण व्यय (400 केवी पारेषण लाइन एवं बे) | - | 0.37 | 0.37 |
| भूमि के लिए देय पट्टा किराया | - | 0.43 | 0.43 |
| **कुल वार्षिक क्षमता (स्थायी) प्रभार** | **651.19** | **698.02** | **46.83** |
| कम: गैर टैरिफ आय | 0.54 | 1.40 | 0.86 |
| **शुद्ध वार्षिक क्षमता (स्थायी) प्रभार** | **650.65** | **696.62** | **45.97** |
| **शुद्ध वार्षिक स्थायी प्रभार (स्थापित क्षमता के 65% के लिए)** | **422.92** | **452.80** | **29.88** |

आयोग ने याचिका स्वीकार कर इसे याचिका संख्या 132/2025 के रूप में दर्ज किया है ।

इस संदर्भ में आपत्ति/टिप्पणी/सुझाव देने के इच्छुक व्यक्ति उनके तथ्यों की पुष्टि में दस्तावेजों और साक्ष्यों की प्रतियों के साथ अपने मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. सहित अपनी आपत्ति/टिप्पणी/सुझाव सीधे सचिव, म.प्र. विद्युत नियामक आयोग, "मेट्रोप्लाजा", तल–5, ई–5 अरेरा कॉलोनी, बिट्टन मार्केट, भोपाल–462016 को इस प्रकार भेज दें कि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **21 दिनों** के अंदर आयोग कार्यालय पहुँच जाएं । इसकी एक प्रति निदेशक, जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड, जेए हाउस, 63, बसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली – 110057 को भी भेज दें। आपत्तियों/टिप्पणियों/सुझावों की अग्रिम प्रति को फैक्स और ई–मेल से भी भेजा जा सकता है। किसी शपथ पत्र की आवश्यकता नहीं हैं।

इच्छुक व्यक्ति' याचिका (अंग्रेजी संस्करण) की प्रति किसी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक आयोग कार्यालय या निदेशक कार्यालय, जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड, नई दिल्ली से प्राप्त कर सकते है। इसके लिए 200 रू. नकद या किसी अनुसूचित बैंक का 200 रू. का डिमाण्ड ड्राफ्ट एमपीईआरसी के नाम से भोपाल में देय या जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड (यूनिट: जेपी बीना थर्मल पावर प्लांट) के नाम से नई दिल्ली में देय देना होगा। याचिका की प्रति 50 रू. अतिरिक्त डाक शुल्क भुगतान कर डाक से भी प्राप्त की जा सकती है। यह याचिका आयोग की वेबसाइट www.mperc.in पर भी उपलब्ध है।

इस प्रकरण में जन सुनवाई का आयोजन (हाईब्रिड मोड) दिनांक 03.02.2026 को प्रातः 12:00 बजे किया जायेगा। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने निर्धारित समय सीमा में अपने लिखित आपत्ति/टिप्पणी/सुझाव प्रस्तुत किये हैं, उनके मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. पर उक्त जन सुनवाई हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध गाईडलाईन्स के अनुसार उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सूचना दी जायेगी।

आयोग के आदेशानुसार
**(डॉ. उमाकान्ता पाण्डा)**
सचिव

## 2025 गुजरता साल यादगार लम्हे

# भारतीय खेलों में नारी शक्ति ने दिखाया

जेएनएन, नई दिल्ली

चाहे वह क्रिकेट के मैदान की गहमागहमी हो या मुक्केबाजी का क्रूर रिंग, या फिर शतरंज के बोर्ड पर दिमागी खेल हो या निशानेबाजी और तीरंदाजी में सटीक लक्ष्य लगाना, वर्ष 2025 में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने प्रत्येक खेल में अपनी खास छाप छोड़ी। शतरंज में 19 वर्षीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख भारत की पहली महिला विश्व कप विजेता बनीं। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली क्रिकेट टीम ने मुश्किल दौर से उबरकर और सोशल मीडिया पर हो रहे ताने-बाने को नजरअंदाज करते हुए महिला वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचा। फुटबॉल के मैदान पर जहां पुरुष टाम एक के बाद एक झटके झेलती रही, वहीं महिला टीम ने अगले साल के एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालिफाई करके आशा की किरण जगाई। भारतीय महिला फुटबॉल टीम का यह प्रदर्शन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस बीच भारतीय पुरुष टीम ने लगातार निराशाजनक प्रदर्शन किया, जबकि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ में भी अव्यवस्था बनी रही। भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम भी श्रीलंका से विश्व चैंपियन बनकर लौटी। दीपिका टीसी के नेतृत्व में इन महिलाओं ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सफलता हासिल की। उन्होंने दिल दहला देने वाली कहानियां सुनाईं कि कैसे विश्व कप जीतने की चाह में उनके लिए दिन में तीन बार का भोजन भी किसी विलासिता से कम नहीं था।



दिव्या देशमुख

तीरंदाजी में 18 साल की शीतल देवी न केवल बिना हाथ वाली पहली पैरा विश्व चैंपियन बनीं, बल्कि उन्होंने सक्षम शरीर वाले खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय टीम में भी जगह बनाई।




निशानेबाजी में 19 साल की सुरुचि सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में तीन व्यक्तिगत पदकों सहित चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतकर उस स्पर्धा में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें अब तक दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर का दबदबा रहा था।



भारोत्तोलन में मीराबाई चानू की श्रेष्ठता को इस साल भी कोई चुनौती नहीं दे सका। टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली मणिपुर की यह खिलाड़ी भले ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन इसके बावजूद वह इस खेल में भारत की अग्रणी खिलाड़ी बनी हुई हैं। पीठ की लगातार समस्या से जूझने के बावजूद मीराबाई ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के साथ-साथ विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता। उनका पसंदीदा 49 किलोग्राम वर्ग अब ओलंपिक सूची का हिस्सा नहीं है। ऐसे में यह देखना बाकी है कि वह 2028 में लॉस एंजिल्स खेलों के लिए किस तरह से तैयारी करती हैं।



कुश्ती में महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने यह सुनिश्चित किया कि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत का निराशाजनक प्रदर्शन ही इस वर्ष चर्चा का एकमात्र विषय न हो। अंतिम ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता जो इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस साल कुश्ती डोपिंग विवादों और कुछ पहलवानों के अधिक वजन वर्ग के कारण प्रतियोगिताओं से बाहर होने के लिए अधिक चर्चा में रही थी।



# डभौरा वेयरहाउस धान खरीदी केंद्र में बिक रही यूपी से लाई गई धान

### खरीदी केंद्र में किसानों से 41.5 किलो 500 ग्राम जबरन तौली जा रही धान



**त्योंथर।** जिले की सीमाओं पर यूपी की धान को आने से रोकने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर नाके स्थापित किये गये है। इसके बावजूद धड़ल्ले से न केवल यूपी से धान लाई जा रही है बल्कि यहां खरीदी केन्द्रों में बेची भी जा रही है। डभौरा वेयरहाउस धान खरीदी केंद्र में बड़े पैमाने पर यूपी की धान खपत हो रही है। कटिया दंडी निवास यूपी के धनिया महाराज का धान लदा हुआ ट्रैक्टर एमपी प्रवेश किया। अभी कुछ दिन पहले जिस मामले को ले देकर रफा दफा कर दिया गया। इसी तरह से एमपी में बड़े व्यापारी सक्रिय है। किसानों की धान स्टाक करके खरीदी केंद्र में बेचने ले जाते हैं।

जिला कलेक्टर द्वारा कई जगह पर यूपी में चेक पोस्ट लगाने का आदेश किया गया है। लेकिन बरगढ़ के समीप एक चेक पोस्ट जरूर बनाया गया है जहां पर कुछ कर्मचारी तैनात अवश्य किए गए हैं लेकिन इनके द्वारा यूपी की धान रोकने की कोई कोशिश नहीं की जा रही है। यूपी बॉर्डर के पास भाऊ, गुरदरी, सिग्मा, कंदेला, पन्ना घाटी, बस्ती बनडे रोड आदि कई ऐसी जगह है जहां यूपी बॉर्डर पर चेक पोस्ट नहीं लगाए गए हैं। इन रास्तों सेधड़ल्ले से यूपी से एमपी धान प्रवेश हो रही है और एमपी के उपार्जन केंद्रो पर बड़े व्यापारियों द्वारा आसानी से बेची जा रही है। जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी जिला कलेक्टर के आदेश के बाद भी क्षेत्र में दौरा नहीं करते हैं। एसडीम, तहसीलदार, आरआई, पटवारी, चौकीदारों की राजस्व विभाग द्वारा ड्यूटी लगाई गई है। जो चेक पोस्ट पर न रहकर चेक पोस्ट से दूरी बनाकर रखते हैं। और कुछ नाकों पर ड्यूटी लगी भी है लेकिन वहां पर कर्मचारी उपस्थित नहीं रहते है। परिणाम स्वरूप बड़े पैमाने यूपी सेआराम से व्यापारियों के वाहनों से धान प्रवेश कर रही है।

खरीदी केंद्र में किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई है। किसानों को बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। किसान कड़कड़ाती ठंड में ठिठुरने के लिए मजबूर है। उपार्जन केन्द्रों में किसी भी प्रकार की अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। वेयरहाउस के कर्मचारियों द्वारा जबरन किसानों से 41 किलो 400 ग्राम धान ली जा रही है। धान खरीदी केंद्र के अंदर किसानों की रखी धान चोरी होने का भी मामला प्रकाश में आया है। बताया गया है कि बिना तौलाई कराए धान की चोरी की जा रही है और किसान बेबस नजर आ रहा है। कोई बोल रहा है खरीदी अच्छी व्यवस्थाओं के तहत की जा रही है, तो कोई बोल रहा है कि किसान लुटा जा रहा है। उनकी मेहनत की कमाई के साथ भी धोखाधड़ी की जा रही है। प्रबंधक द्वारा बताया गया है कि प्रत्येक किसान घर से जब चलते हैं तो धान की तौलाई करके निकलते हैं। जिन्हें पूर्णतः विश्वास रहता है कि हमारी धान इतनी ही होगी लेकिन पता नहीं क्या जादू है वेयरहाउस के अंदर खरीदी केंद्र में किसान का ट्रैक्टर पहुंचते ही धान ऑटोमेटिक कम हो जाती है।

भारी ठंड होने के कारण किसान ट्रैक्टर ट्राली के नीचे रात गुजारने को मजबूर है। जिसमें कई महिलाएं भी शामिल है। घर में कोई गार्जियन न होने के कारण स्वयं धान केंद्र पर ले आती है और रात भर भारी ठंड में वहीं रात गुजारने को मजबूर हैं। किसानों से पैसा लेने का भी आरोप लगा है। जो पैसा पहले देता है उसकी धान पहले ली जाती है और जो पैसा नहीं देता है उसका गिरदावली लिमिट बैंक खाता आदि का बहाना करके उन्हे गुमराह करके अपने सगे संबंधित के लिमिट पर धान बेच रहे हैं। जवाबदार कर्मचारी द्वारा इस संबंध में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। इस संबंध पर कुछ व्यापारी भी धान खरीद कर के स्टाक कर रहे हैं और किसान बन बैठे हैं। जो किसान है उनका हक मार रहे हैं। किसानों को खुशहाल करने के लिए शासन की जो भी योजनाएं संचालित हो रही है। लेकिन कुछ ऐसे ही व्यापारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर प्रबंधक के कारण किसानों को सही योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

# ये तो अजूबा है: कई थानों में दर्ज मामलों में एक ही गवाह

### अगस्त क्रांति मंच के संयोजक ने की डीजीपी, आईजी एवं एसपी से लिखित शिकायत

**नईगढ़ी।** मऊगंज जिले के थाना नईगढ़ी में पदस्थ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जेएस ठाकुर का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है जिसमें में उनके द्वारा अपने कार्यकाल के विभिन्न थानों में पदस्थगी के दौरान दर्ज किये गये कई मामलों में एक ही गवाह का इस्तेमाल किया गया है। उपनिरीक्षक जेएस ठाकुर का यह कृत्य अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंज बिहारी तिवारी द्वारा की गई शिकायत में सामने आया है। अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंज बिहारी तिवारी द्वारा प्रस्तुत लिखित शिकायत के साथ एफआईआर सूची भी सौंपी गई है, जिसमें एक ही गवाह के नाम से बड़ी संख्या में मामलों का उल्लेख किया गया है। शिकायत पुलिस महानिदेशक भोपाल, पुलिस महानिरीक्षक रीवा एवं पुलिस अधीक्षक मऊगंज को की गई है शिकायत पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों उपनिरीक्षक जेएस ठाकुर के कार्यकाल का सारा कच्चा चिट्ठा है। उन्होंने कहा कि उनके भय और आतंक के खिलाफ सड़क पर जनता की अदालत और न्यायपालिका दोनों जगह लड़ी जाएगी। यह मामला इन दिनों आम नागरिकों, अधिवक्ताओं और सामाजिक संगठनों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। थाना नईगढ़ी में पदस्थ उपनिरीक्षक जगदीश सिंह ठाकुर पर आरोप है कि एक ही व्यक्ति अमित कुशवाहा 150 से अधिक मामलों में गवाह के रूप में दर्ज पाया गया है। दस्तावेज़ों में यह भी सामने आता है कि यह गवाह कथित तौर पर उपनिरीक्षक जगदीश सिंह ठाकुर के स्थानांतरण के साथ ही अलग-अलग थानों कभी लौर, कभी नईगढ़ी के मामलों में बतौर गवाह उपस्थित हो जाता है। एक ही व्यक्ति का इतने अधिक मामलों में प्रत्यक्षदर्शी होना व्यावहारिक और तार्किक दोनों दृष्टि से संदेहास्पद है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कुछ मामलों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कराई गई जांच में आरोपों की पुष्टि भी हुई, लेकिन इसके बावजूद उपनिरीक्षक जेएस ठाकुर के विरुद्ध न तो निलंबन हुआ, न तबादला और न ही किसी प्रकार की अनशासनात्मक कार्रवाई की गई। यह स्थिति पुलिस विभाग की प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़े करती है। अगर यही आरोप किसी सामान्य व्यक्ति पर होते तो अब वह नप चुका होता। अगस्त क्रांति मंच ने इस पूरे प्रकरण को लेकर पुलिस अधीक्षक मऊगंज, पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन, पुलिस महानिदेशक भोपाल और गृह मंत्रालय को लिखित शिकायतें सौंपी हैं। शिकायत पत्रों में आरोप है कि बड़ी संख्या में फर्जी एफआईआर दर्ज की गईं और एक ही व्यक्ति को बार-बार गवाह बनाया गया। भय का माहौल बनाकर आम नागरिकों को चुप कराने का प्रयास हुआ। मंच के संयोजक ने कहा है कि कोई भी शासकीय सेवक कानून और संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। जिन-जिन लोगों पर फर्जी मुकदमे लगाए गए हैं, उनकी लड़ाई अब सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ी जाएगी।

# दुअरानाथ हनुमान मन्दिर में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**जवा।** सिद्ध श्री दुअरानाथ हनुमान मंदिर में सरपंच सितलहा अमित चक्रधर सिंह द्वारा विगत वर्षो से महीने के प्रत्येक अंतिम मंगलवार को सुंदरकांड पाठ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन अनवरत किया जा रहा है। पुराने साल की विदाई एवं नए साल के स्वागत में सुंदरकांड पाठ के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के संरक्षक सिरमौर विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के संघर्षशील नेता चक्रधर सिंह जवा ने कहा कि यह आयोजन आम




आयोजन नहीं है। यह एक संकल्प है जो जनकल्याण और समाज के उत्थान और आध्यात्मिक उन्नति का प्रखर मार्ग हैं। उन्होंने सभी हनुमत भक्तों की उपस्थित पर आधार व्यक्त करते हुए कहा कि साल के आखिरी मंगलवार को दुअरानाथ हनुमान मंदिर में सुन्दर काण्ड पाठ में सहभागिता निभाएं और पुराने साल को विदा कर नए साल का आगवन पर पूरे भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। प्रभु की आरती और प्रसाद वितरण के बाद समापन इस आशा के साथ हुआ कि अगले माह जनवरी के अंतिम मंगलवार को फिर सुंदरकांड का पाठ होगा।

# शिक्षक गंगा प्रसाद पाण्डेय की विदाई में फूट-फूट कर रोने लगे छात्र, शिक्षक व ग्रामीण

**सिरमौर।** जिला मुख्यालय से 37 किलोमीटर दूर स्थित सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के कररिया के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक की रिटायमेंट के बाद विदाई समारोह में भावुक कर देने वाला पल सामने आया। जब शिक्षक स्कूल से विदा लेने लगे तो छात्र-छात्राएं लिपटकर फूट-फूट कर रोने लगे। छात्रों को रोते देख विदा हो रहे शिक्षक भी रोने लगे यह दृश्य देख विद्यालय के अन्य शिक्षक व ग्रामीणों की भी आंखें भर आई और पूरा माहौल गमगीन हो गया। गुरु-शिष्य की परंपरा को लेकर कई कहानियां देखी और सुनी गई हैं लेकिन कररिया के सरकारी स्कूल



में एक ऐसा वाकया सामने देखने को मिला, जिसने गुरु शिष्य की परंपरा को लेकर बड़ी मिसाल पेश की है। गंगा प्रसाद पाण्डेय ने 42 वर्ष 10 माह और 4 दिन शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करते हुए 30 दिसंबर को सेवा निवृत्त हुए। इस दौरान आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि बीईओ शिव कुमार त्रिपाठी व दिनेश प्रसाद मिश्रा रहे। अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद पांडे ने की जब कि विशिष्ट अतिथि गुलाब प्रसाद सोनी, अजय सोनी हरीश द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, पंचराज सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कवि आशीष तिवारी निर्मल ने किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार नामदेव, लल्लू सिंह, महेंद्र सिंह, आरके सिंह, श्रद्धा त्रिपाठी ने सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक गया प्रसाद पाण्डेय को भावभीनी विदाई दी। इस दौरान पत्नी सरोज पांडेय पुत्र अतुल कुमार पाण्डेय, इंजीनियर आशुतोष पाण्डे की बहुएं एवं बेटियों सहित भारी संख्या में शिक्षक, समाजसेवी व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# नहर में पानी नहीं आने से किसान परेशान फसल की सिंचाई हो रही बाधित

**जवा, ब्यूरो।** जवा तहसील अंतर्गत मिनी बाणसागर की मेन नहर सहित नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग किसानों ने की है। बाणसागर की नहरों पर पानी ना छोड़े जाने से किसान वर्ग में भारी चिंता व्याप्त है, जिससे रबी फसलों की सिंचाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों के कृषक नहर के जल पर निर्भर होने के कारण अपनी फसलों को लेकर अधिक चिंतित हैं जिससे उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं। मिनी बाणसागर की नहर शाखा क्र. 09 जिससे उपरवार,भौठी सेहूड़ा, पटपराहा, कंचनपुर आदि कई गांवों के सैकड़ों किसान सिंचाई हेतु नहरों पर आश्रित हैं। इन क्षेत्रों में कई किसानों के पास बोरिंग की व्यवस्था नहीं है जो कि नहर के पानी पर आश्रित है। किसानों का कहना है कि रबी सीजन प्रारंभ हो चुका है और मटर, सरसों तथा गेहूं की बुआई भी हो चुकी है। इस स्थिति में नहरों में पानी की न होने से किसान गेहूं की सिंचाई को लेकर विशेष रूप से चिंतित हैं। भौठी निवासी प्रवीण सिंह बघेल सहित अन्य किसानों ने बताया कि गेहूं की बुआई के बाद सिंचाई का समय हो गया है। नहर में पानी नहीं आने से गेहूं, सरसों और अन्य फसलें सूख रही हैं। इस संबंध में मिनी बाणसागर जवा के एसडीओ से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि अधिकारी और शासन प्रशासन किसानों के प्रति उदासीन हैं किसानों ने रीवा कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराकर शीध्र नहर चालू करायें जाने की मांग की है।

# महिला बनें आत्मनिर्भर के तहत फ्री प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**चाकघाट।** स्थानीय अप्सरा मेकओवर ब्यूटीपार्लर चाकघाट की संचालिका दीपिका श्रीवास्तव एवं आयोजक मुशीर खान के संयुक्त प्रयास से विगत दिवस 28 दिसंबर 2025 को महिलाओं एवं बेटियों को हेयर कटिंग, ब्यूटीशियन कोर्स, मेकअप इत्यादि के बारे में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पूरे अखंड भारत ही नहीं बल्कि त्योंथर विधान सभा क्षेत्र की समस्त महिलाओं एवं बेटियों को स्वयं ही आत्मनिर्भर बनकर आर्थिक लाभ अर्जित कर अपने खर्च में सहायक बन सके। प्रशिक्षण में प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में रीवा से पधारे राम गुप्ता, कामिनी गुप्ता, दीपक राठौर ने शिविर में उपस्थित सभी महिलाओं बालिकाओं के मध्य अपने अनुभव को साझा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित भी किया। साथ ही उनका उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें बताया कि कोई



भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता लगन मेहनत से किया गया। सम्पूर्ण कार्य इंसान के भाग्य को बदल देने की क्षमता रखता है। प्रशिक्षण अवसर पर उपस्थित रही महिलाओं बालिकाओं में रेशमा मिश्रा, दीप्ति केवट, लक्ष्मी कुशवाहा, रोशनी जायसवाल, मधु शुक्ला, पूजा तिवारी, सुषमा, मनीषा, खुशी नामदेव, मानसी केशरवानी, मनोरमा, रंजना, मधु, शिल्पा इत्यादि की उपस्थिति प्रमुख रही।

# नकली मिठाइयों की बिक्री से आम जनता परेशान, जांच के नाम पर खानापूर्ति

**हनुमना।** मऊगंज जिले अंतर्गत शाहपुर, प्रतापगंज, हनुमना, खटखरी, चौहना, पहाडी अन्य कई जगह पर शुभ मुहूर्त एवं नूतन वर्ष को हैप्पी न्यू ईयर के साथ नकली मिठाइयां उपभोक्ताओं को खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है ऐसा इसलिए की मऊगंज जिले के खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा कभी भी गंभीरता से जांच नहीं की जाती है। केवल शिकायत होने के बाद खाना पूर्ति के नाम से निरीक्षण किया जाता है और अपना हक हिसाब लेकर वापस मऊगंज जिला पहुंच जाते हैं और कार्यवाही के नाम पर अपने सक्षम अधिकारी के समक्ष वाहवाही लूटते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर हनुमना में राजस्थान मिष्ठान भंडार में नागपुर, बनारस बसों में नकली मिठाइयां आ रही है। यह मिठाइयां मऊगंज जिले के साथ अब ग्रामीण अंचलों में भी छोटी-मोटी दुकानदार भी इसी मिठाई को ग्राहकों को परोस रहे हैं। यह मिठाई प्रत्येक ग्राहक के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अभी मध्य प्रदेश में कफ सिरप के कारण कितने मासूम बच्चों की मौत होने के बावजूद भी शासन और प्रशासन सीख नहीं ले पा रहा है। ऐसा नहीं है कि खाद्य विभाग अधिकारी को यह जानकारी नहीं है पर मऊगंज जिले के खाद्य विभाग अधिकारी इनके ऊपर कभी भी कार्यवाही नहीं करते। यह मिठाइयां लोगों के जीवन में उसका बुरा असर एवं लोग रोग से ग्रसित हो रहे हैं। मऊगंज जिला कलेक्टर से हनुमना, ढाबा तिवरियान ललित तिवारी, रविंद्र तिवारी, अंकुश सोंधिया अन्य लोगों ने यह मांग की है कि अपने अधीनस्थ कर्मचारी खाद्य विभाग मऊगंज को आदेशित करते हुए मिठाइयों की गहन जांच एवं कार्यवाही किया जाए।

# रिटायर्ड जस्टिस अरुण सिंह के द्वारा सुनाई गई श्री राम कथा

### भजन, आरती, प्रसाद वितरण के साथ पंच दिवसीय कथा का हुआ समापन

**हनुमना।** नगर परिषद हनुमना में विगत कई दशकों से श्रीराम कथा आयोजन समिति एवं प्रकाश प्रबंध समिति के द्वारा ब्रह्मलीन पंडित सूर्य प्रताप मिश्र की स्मृति में पंचदिवसीय कथा का आयोजन श्रीहनुमान की नगरी धर्मशाला प्रांगण हनुमना में श्रीराम कथा का अनवरत आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी पंचदिवसीय कथा का आयोजन किया गया। जिसमें कई मानस मर्मज्ञ संत महात्मा अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर भक्तों को श्रीराम कथा का रसपान कराया गया। यह कार्यक्रम 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक श्रीराम कथा तत्पश्चात आरती और प्रसाद वितरण के साथ प्रतिदिन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विश्राम दिवस 29 दिसंबर को श्रीराम कथा में पूर्व जस्टिस अरुण कुमार सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर भक्तों को प्रभु श्रीराम की कथा एवं भजन सुना कर भक्ति रस में पूर्ण रूपेण लीन कर दिए। प्रमुख कर्ताधर्ता एवं संचालक डॉक्टर नवल किशोर मिश्रा के इस आमंत्रण पर विश्राम दिवस पर प्रधान जिला जज रीवा समीर मिश्रा, जिला जज रीवा साजिश मोहम्मद एवं जिला जज मऊगंज, डीएसपी शहडोल राघवेंद्र द्विवेदी, थाना प्रभारी अनिल काकडे उपस्थित हुए। जहां इनका आयोजन समिति द्वारा माल्यार्पण कर अंग वस्त्र से सम्मान किया गया। वही प्रधान जिला जज रीवा समीर मिश्रा एवं डीएसपी राघवेंद्र द्विवेदी ने श्रीराम कथा पर अपने-अपने विचार रखें। सीधी से आए लोक कलाकार अरविंद पटेल एवं उनके साथीगणों ने बहुत ही सुंदर



लोकगीत के माध्यम से रामजी की भजन सुनाएं। तत्पश्चात वहां उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया एवं डॉ. नवल किशोर मिश्रा ने श्रीराम कथा कि आयोजन के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी। आभार प्रदर्शन संपत्ति दास गुप्ता ने किया। तत्पश्चात वहां उपस्थित जिला जज समीर मिश्रा साजिद मोहम्मद एवं जिला मऊगंज के द्वारा भगवान की आरती की गई। कार्यक्रम का विश्राम प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले प्रमुख रूप से विधायक प्रदीप पटेल, पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी, पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना, नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष सोनू गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला, वरिष्ठ नेता शिवदत्त मिश्रा, ज्योति गुप्ता, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राम रक्षा शुक्ला, राधा रमण तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण त्यागी, केडी शुक्ला, उपयंत्री अनिल मिश्रा, संविदा कार कृष्णमुरारी गुप्ता, पन्नालाल शुक्ला, पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संतोष मिश्रा, अरुण द्विवेदी, महेश्वरी प्रसाद द्विवेदी, मृगेंद्र नारायण सिंह, दिनकर द्विवेदी, केपी तिवारी, कमल शर्मा सीधी, कृष्णकांत, तीरथ तिवारी, तारा प्रसाद तिवारी सहित हजारों की तादाद में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन राम कथा मंच सजाने, माइक व्यवस्था, संगीत टीम के वीरेंद्र मिश्रा उनके साथियों, टेंट के मालिक आदि लोगों का सम्मान किया गया।

# घने कोहरे के बीच लापरवाही पड़ सकती है भारी, नहीं हो रही पेट्रोलिंग

**त्यौंथर ब्यूरो।** जिले में प्रशासनिक आदेश सिर्फ खाना पूर्ति तक सीमित रह गए हैं। आदेशों पर अमल नहीं होने से आम नागरिकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं जिनमें लोगों की जान भी जा रही हैं और लोग घायल चोटिल भी हो रहे हैं। गत दिवस कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर तमाम दिशा निर्देश दिए गए। इसके बावजूद धरातल में कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। जिसकी वजह से तमाम लोगों की सुरक्षा के साथ समझौता किए जाने की तस्वीरें देखने को मिल रही हैं। वर्तमान समय में क्षेत्र में घने कोहरे का चादर देखा जा रहा है। सुबह- रात्रि के वक्त दृश्यता कम होने से सड़क हादसे की संभावना सबसे अधिक बनी रहती है। मंगलवार सुबह सोहागी चाकघाट हाईवे में तमाम ऐसी तस्वीरें देखने को मिली है। जो स्वयं व दूसरों के सुरक्षा के साथ जमकर खिलवाड़ करते नजर आएं। कई छोटे-बड़े वाहन चालक रॉंग साइड से चलते हुए नजर है। इसके साथ ही ट्रेक्टर, ट्रक, हाईवा अन्य वाहनों में नंबर प्लेट मौजूद नहीं रहा। इसके बावजूद फर्राटे से सड़कों पर दौड़ रहे थे। कैमरे के सामने एक ट्रैक्टर चालक और कार के बीच हादसे की संभावना बनने की स्थिति भी देखी गई। उक्त ट्रैक्टर पर ना तो आगे नंबर प्लेट और ना ही पीछे नंबर प्लेट रहा, इसके साथ ही इंडिकेटर लाइट इत्यादि मौजूद नहीं पाया गया। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पेट्रोलिंग वाहन भी नजर नहीं आ रहे हैं। एमपीआरडीसी संबंधित झीरिया बंसल टोल, आरटीओ, खनिज विभाग, स्थानीय पुलिस सभी अपने दायित्वों का निर्वहन निभाने से पीछे हट रहे हैं।

# मऊगंज में अपर कलेक्टर ने 30 आवेदन पत्रों में की जनसुनवाई



**मऊगंज।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने आमजनता के 30 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही से आवेदक को भी अवगत कराएं। जनसुनवाई में प्रिंस साकेत निवासी ग्राम नकटा ने एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता का आवेदन पत्र दिया। अपर कलेक्टर ने जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को आवेदन पत्र में कार्यवाही के निर्देश दिए। पुरूषोत्तमदास द्विवेदी तथा अन्य ग्रामवासी ग्राम गौरी ने आमरास्ता से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हनुमना को आवेदन पत्र में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। रजनीशकली शर्मा निवासी ग्राम भाटी ने दिवंगत पति के नाम दर्ज जमीन का भू अधिकार पत्र देने तथा उससे अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हनुमना को प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिए। हरिशंकर चतुर्वेदी निवासी ग्राम मुदरिया चौबान ने नक्शा तरमीम के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम मऊगंज को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। रामसिया यादव निवासी ग्राम तमरी रंगनाथ ने निरस्त किए गए खाद्यान्न पर्ची बहाल कराने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने सीईओ मऊगंज को आवेदन पत्र का परीक्षण कर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सोना सिंह निवासी सेमरिया ठकुरान द्वारा आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर मान्य किए गए आवेदन के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेंटेनेंस के नाम पर बिजली की मनमानी कटौती

**बड़ी हरदी।** मेंटेनेंस के नाम पर बैकुंठपुर विद्युत विभाग द्वारा बेहिसाब कटौती सब स्टेशन बैकुंठपुर अंतर्गत मंगलवार 11 बजे बिजली कटौती की गई जो शाम 6 बजे चालू हो सकी। जिससे 8 घंटे सभी फीडर में कटौती होने से दैनिक व्यवस्था से लोगों को जूझना पड़ा। मंलगवार को बैकुंठपुर सब स्टेशन अंतर्गत बिजली कटौती का खेल जारी रहा। इस कारण से कार्यालय और व्यावसायिक कारोबार विपरीत असर पड़ रहा है। बिजली विभाग मेंटेनेंस के नाम पर आठ घंटे से ज्यादा बैकुंठपुर सब स्टेशन अंतर्गत बैकुंठपुर शहर से लेकर ग्रामीण मनगवां और सेमरिया के साथ देवास, पल्हान की बंद रही पहले मेंटेनेंस के नाम पर फूल गुल की बात होती थी, लेकिन अब ये हर महीने और रोज की बात हो गई है। सैकड़ों गांव में किसानों को सिंचाई के लिए दिन में पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। आजकल ग्रामीण फीडर में केवल से 5-6 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में गेहूं की सिंचाई बाधित हो रही है। लेकिन किसानों की गेहूं की सिंचाई नहीं हो पा रही है। विद्युत कटौती से जहां आम लोग त्रस्त हैं। वहीं किसानों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। इससे दुकानदार किसान व क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी है।

# मेथौरी में विकास कार्यों में लाखों के भ्रष्टाचार की निरीक्षण में खुली पोल

### स्वच्छ भारत व आवास योजना में बड़ा घोटाला, सचिव-रोजगार सहायक गायब

**रायपुर कर्चु.।** जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पंचायत मेथौरी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। पंचायत में कराए गए विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर वित्तीय अनियमितताएँ उजागर हुई हैं। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि ग्राम रोजगार सहायक द्वारा सचिव के प्रभार में रहते हुए लाखों रुपये का बंदरबांट किया गया, जबकि जमीनी स्तर पर विकास कार्य न के बराबर हैं। जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान की जनपद अध्यक्ष सुमन साकेत द्वारा पंचायतों के भ्रमण का निर्णय पहले ही दिन सही साबित हुआ। ग्राम पंचायत मेथौरी में निर्माण कार्यों एवं अन्य विभागों द्वारा कराए गए कार्यों का निरीक्षण करने पहुँची जनपद अध्यक्ष को मौके पर भारी अनियमितताएँ देखने को मिलीं। निरीक्षण के दौरान सरपंच तो उपस्थित रहे, लेकिन सचिव और ग्राम रोजगार सहायक नदारद पाए गए। बुलाए जाने के बावजूद





दोनों मौके पर नहीं पहुँचे और न ही कोई दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। जिससे संदेह और गहरा गया। गौरतलब है कि जनपद अध्यक्ष ने पूर्व में मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखकर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा हेतु संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया था। इसके क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा 15 दिसंबर 2025 को सहायक यंत्री, उपयंत्री, सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक को समस्त दस्तावेजों सहित निरीक्षण के समय उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए गए थे।

निरीक्षण के दौरान पोर्टल से प्राप्त जानकारी और मौके की स्थिति में भारी अंतर पाया गया। ग्राम पंचायत मेथौरी के नदहा ग्राम में आंगनवाड़ी भवन स्वीकृत बताया गया है, लेकिन मौके पर कोई भवन मौजूद नहीं मिला, जबकि इसके नाम पर कई लाख रुपये की राशि आहरित की जा चुकी है। वर्तमान में एक आंगनवाड़ी किराए के मकान में और दूसरी शासकीय विद्यालय में संचालित बताई गई। इसके अतिरिक्त बिना तकनीकी स्वीकृति (टीएस) और प्रशासनिक स्वीकृति (एएस) के कार्यालय व्यय और अन्य सामग्री के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर लाखों रुपये का भुगतान किया गया। मोटर पंप संधारण, टंकी स्थापना, पेवर ब्लॉक निर्माण सहित अन्य कार्यों में भी पंचायत द्वारा संदिग्ध भुगतान किए जाने के प्रमाण मिले। सबसे चौंकाने वाली जानकारी स्वच्छ भारत मिशन को लेकर सामने आई। रिकॉर्ड में 400 से अधिक शौचालयों का निर्माण दर्शाया गया है, लेकिन मौके पर 20 प्रतिशत शौचालय भी बने नहीं मिले। हरिजन बस्ती में बना सामुदायिक शौचालय ताला बंद मिला, चारों ओर गंदगी फैली हुई थी और उपयोग के लायक नहीं था।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई पात्र हितग्राहियों को अब तक आवास नहीं मिला। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शौचालय, आवास और अन्य योजनाओं की स्वीकृति के नाम पर ग्राम रोजगार सहायक द्वारा पैसे लिए गए। यह मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि यह ग्राम पंचायत स्वयं जनपद अध्यक्ष की पंचायत है। जब जनपद अध्यक्ष की पंचायत में इतने बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार सामने आ रहा है, तो अन्य पंचायतों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। जनपद अध्यक्ष सुमन साकेत ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत की आगामी बैठक में लिखित शिकायत प्रस्तुत करने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की बात कही है।



# मोहन के संवेदनशील मन ने बहनों को दिखाई सशक्त बनने की राह

कहते हैं कि जिस घर की महिलाएं शिक्षित और सशक्त होती हैं, वह घर हमेशा मजबूत होता है, इसी अवधारणा को मध्यप्रदेश सरकार चरितार्थ कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। लाड़ली बहना योजना के संकल्प को भी पूरा करते हुए पात्र बहनों के खातों में हर माह 15 सौ रुपए जमा कराए जा रहे हैं। कामकाजी महिलाओं को बराबरी का दर्जा देते हुए उन्हें अब रात्रि में भी काम करने के लिए उपयुक्त और सुरक्षित वातावरण निर्मित कराया गया। अगर महिला सशक्तिकरण की बात करें, तो यह मुख्य स्तंभों पर निर्भर है। पहला आर्थिक सशक्तिकरण (जैसे लाड़ली बहना योजना, स्व-सहायता समूह) और सामाजिक व शैक्षिक सशक्तिकरण (जैसे लाड़ली लक्ष्मी योजना, वन स्टॉप सेंटर, शौर्य दल)। इन योजनाओं के जरिए सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सुरक्षा व सम्मान प्रदान करने का प्रयास कर रही है, जिससे वे अपने जीवन में निर्णय लेने और सपने पूरे करने में सक्षम हो सकें।

## एक नजर इन योजनाओं पर

### आर्थिक सशक्तिकरण

#### लाड़ली बहना योजना

यह योजना महिलाओं को सीधे आर्थिक सहायता देकर आत्मनिर्भर बनाती है, जिससे वे अपनी ज़रूरतें पूरी कर सकें और आर्थिक रूप से स्वतंत्र महसूस करें।

#### स्व-सहायता समूह और आजीविका मिशन

महिलाओं को छोटे व्यवसाय शुरू करने, कौशल प्रशिक्षण लेने और आर्थिक रूप से मज़बूत बनने के लिए वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, जैसे दीदी कैफे और ई-एक्सप्रेस वाहन।

### सामाजिक और शैक्षिक सशक्तिकरण

#### लाड़ली लक्ष्मी योजना

बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करती है, उन्हें उच्च शिक्षा और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए आर्थिक सहायता देती है, ताकि वे बोझ न बनें बल्कि सशक्त बनें।

#### वन स्टॉप सेंटर और शौर्य दल

संकटग्रस्त महिलाओं को सुरक्षा, परामर्श और कानूनी सहायता प्रदान करते हैं, और शौर्य दल जैसे पहल महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक और सशक्त बनाते हैं।

**ये दोनों क्षेत्र मिलकर मध्य प्रदेश में महिलाओं को हर स्तर पर सशक्त बनाने का काम कर रहे हैं, चाहे वह घर-परिवार हो या समाज और कार्यस्थल।**




## महिला सशक्तिकरण में मप्र ने रचा नया अध्याय




आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश और सशक्त महिलाओं की योजनाओं ने आधी आबादी को मजबूत बनाने की दिशा में देश भर में अलग पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण और पोषण के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की है।

## लाड़ली बहना योजना बनी आर्थिक आत्मनिर्भरता की रीढ़



मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। जून 2023 से दिसंबर 2025 तक योजना की 31 किस्तों का नियमित भुगतान किया गया है। वर्तमान में 1 करोड़ 26 लाख से अधिक महिलाएं योजना से लाभान्वित हैं और अब तक 48,632 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में अंतरित की जा चुकी है। इस योजना को देश भर में सराहा जा रहा है और कई राज्यों ने मध्यप्रदेश के मॉडल को अपनाया है।

## बेटियों के भविष्य को सुरक्षित कर रही लाड़ली लक्ष्मी योजना



मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 52 लाख से अधिक बालिकाओं का पंजीयन किया जा चुका है। पिछले दो वर्षों में 6.40 लाख बालिकाओं को 350 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। आगामी वर्षों में लाखों और बालिकाओं को योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ ने बदली सोच



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत मध्यप्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में व्यापक स्तर पर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा योजना के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं के लिए पिंक ड्राइविंग लाइसेंस अभियान चलाया गया, जिसके तहत अब तक 6,134 महिलाओं एवं बालिकाओं को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किए गए हैं। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सुरक्षित परिवहन को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## डेढ़ हजार से ज्यादा 'जेंडर चैंपियन'

समाज में बेटियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से विभाग ने 1,794 सफल बालिकाओं एवं महिलाओं को 'जेंडर चैंपियन' के रूप में चिन्हित किया है। ये जेंडर चैंपियन न केवल अन्य बालिकाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रही हैं, बल्कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश देकर समाज में जागरूकता भी फैला रही हैं। योजना के अंतर्गत सशक्त वाहिनी कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। विगत वर्षों में 7 हजार से अधिक बालिकाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षित किया गया है, जिससे उन्हें आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इसके साथ ही आगामी तीन वर्षों में शाला त्यागी बालिकाओं को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। इसके तहत इच्छुक बालिकाओं को मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के माध्यम से 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा दिलाकर उनकी स्कूली शिक्षा पूर्ण कराई जाएगी। वहीं जो बालिकाएं आगे पढ़ाई जारी नहीं रखना चाहतीं, उनके लिए कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

## वन स्टॉप सेंटर और हेल्पलाइन 181

प्रदेश में संचालित 57 वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहारे का मजबूत केंद्र बन चुके हैं। बीते दो वर्षों में 54,627 से अधिक संकटग्रस्त महिलाओं को यहां स्वास्थ्य, परामर्श, विधिक एवं पुलिस सहायता उपलब्ध कराई गई। वहीं, महिला हेल्पलाइन 181 के माध्यम से 2.36 लाख से अधिक महिलाओं को त्वरित सहायता दी गई।

## कामकाजी महिलाओं को बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण योजना बनाई। जिसके तहत प्रदेश में पहली बार 284 करोड़ रुपये की लागत से 5121 सीट क्षमता वाले 8 नए वर्किंग वूमन हॉस्टल बनाए जा रहे हैं, जो अगले तीन वर्षों में पूरी तरह संचालित होंगे।



## महिला कल्याण

देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारम्भ कर महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में सरकार ने योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। सरकार ने लाड़ली बहना योजना की राशि 1,000 रुपये से बढ़कर 1,500 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है।




- शासकीय सेवाओं में महिलाओं के आरक्षण को बढ़ाकर किया 35 प्रतिशत।
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में देश में अग्रणी मध्यप्रदेश, 9.70 लाख गर्भवती महिलाओं को 512 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान।
- पारदर्शी चयन प्रक्रिया चयन पोर्टल के माध्यम से देश में पहली बार ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के 2,027 और सहायिकाओं के 17,477 पदों पर भर्ती।
- 12,670 मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों का पूर्ण आंगनवाड़ी केंद्रों में उन्नयन, 747 नए आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत।
- सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना के अंतर्गत सेनेटरी पैड हेतु 20 लाख से अधिक बालिकाओं के खाते में रुपए 61.12 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण।
- औद्योगिक क्षेत्रों में वर्किंग वीमेन हॉस्टल का निर्णय लिया गया।
- 57 वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से संकटग्रस्त 52,095 महिलाओं को सहायता मिली।
- 5 लाख स्व- सहायता समूहों के माध्यम से 62 लाख ग्रामीण बहनें हुई आत्मनिर्भर।
- महिला उद्यमियों के प्रोत्साहन हेतु 850 एमएसएमई इकाइयों को 275 करोड़ रुपए का अंतरण।
- रेडीमेट गारमेट इंडस्ट्री में प्रति महिला श्रमिक 5,000 के मान से प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय।
- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत 'सुमन सखी' चैटबॉट की शुरुआत।
- मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत गैर संस्थागत सेवा योजना को आगामी 5 वर्षों तक संचालित करने की स्वीकृति
- इंदौर की पुलिस बटालियन नंबर-1, अहिल्याबाई बटालियन के नाम से करने का निर्णय।

## बाल विवाह और कुपोषण पर प्रभावी नियंत्रण



डॉ. यादव के स्पष्ट निर्देश पर विभाग और उनके अधिकारियों ने समन्वित प्रयास कर प्रदेश में बाल विवाह के मामलों में उल्लेखनीय कमी लाई। एनएफएसएच -4 में जहां बाल विवाह की दर 32.4 प्रतिशत थी, वहीं एनएफएसएच -5 में यह घटकर 23.1 प्रतिशत रह गई है।

### डिजिटल नवाचारों से सेवाओं में पारदर्शिता

आंगनवाड़ी सेवाओं में सम्पर्क ऐप, पोषण ट्रैकर और फेसियल रिकॉग्निशन सिस्टम जैसे डिजिटल नवाचारों से निगरानी और पारदर्शिता को नई मजबूती मिली है। प्रदेश देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल है, जहां इन तकनीकों का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है।




### अभियानों का दिखा असर




कुपोषण के खिलाफ चलाए गए अभियानों का भी सकारात्मक असर दिखा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार कम वजन, ठिगनापन, दुबलापन और गंभीर कुपोषण सभी संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### विकसित मध्यप्रदेश @2047 की ओर निर्णायक कदम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार का संकल्प है कि कोई भी महिला या बच्चा विकास से वंचित न रहे। महिला सशक्तिकरण, सुरक्षित बचपन और सुपोषण के माध्यम से मध्यप्रदेश विकसित भारत @2047 में अग्रणी भूमिका निभाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



D-16132/25





## स्थगन के बावजूद जमीन पर कर रहे कब्जा

**रीवा।** मनगवां तहसील के डीहा गांव के पीड़ित रामनाथ साहू पिता अग्रू साहू ने बताया कि विवादित भूमि पर सिविल न्यायालय मनगवां ने यथास्थित बनाए रखने स्थगन आदेश जारी किया इसके बावजूद दूसरा पक्ष निर्माण कार्य कर कब्जा कर रहा है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि विरोधी पक्ष की सुधा मिश्रा सहित उनके परिवार के लोग अवैध निर्माण कर रहे है, जो न्यायालय की अवमानना है साथ ही दण्डनीय अपराध है। पीड़ित ने मामले की शिकायत मनगवां तहसीलदार सहित मनगवां थाना में भी की है, साथ ही विवादित भूमि पर न्यायालय के स्थगन आदेश का पालन कराने की मांग करते हुए अवैध निर्माण को रुकवाने की मांग की है।






## तेंदुआ की शहर में दहशत अब पीएम आवास के पास देखे जाने का दावा

### बिछिया थाना क्षेत्र में व्याप्त है भय का माहौल



**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में बीते 4-5 दिनों से वार्ड 43 और 44 में तेंदुआ की दहशत है। वन अमला भी जानकारी के बाद सक्रिय है लेकिन तेंदुआ नहीं मिला है। स्थानीय मोहल्ले वासियों द्वारा लगातार मोहल्ले में तेंदुए की तरह दिखने वाले जंगली जानवर के सक्रिय होने का दावा कर रहे है, सीसीटीवी फुटेज में भी जंगली जानवर कैद हुआ है। सोमवार की रात एक बार फिर मोहल्ले वासियों में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब स्थानीय महिला ने मोहल्ले में ही स्थित पीएम आवास की बिल्डिंग में तेंदुआ होने का दावा किया। महिला ने लोगों को बताया कि उसने बिल्डिंग की छत के ऊपर तेंदुए को देखा है, जिसके बाद लोगों में एक बार फिर दहशत फैल गई। दरअसल शहर के मोहल्ले में तेंदुए की दहशत का यह मामला वार्ड क्रमांक 43 और 44 का है जहां स्थित कृष्णा नगर में बीते कई दिनों से जंगली जानवर होने का दावा किया जा रहा है। बताया गया की हाल ही में जंगली जानवर ने घर के बाहर एक बंधे गाय के बछड़े को अपना शिकार बनाया था, तो वही मोहल्ले में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में भी जानवर कैद हुआ था। लगातार मोहल्ले के आसपास जंगली जानवर होने का मोहल्लेवासी दावा कर रहे हैं, तो वहीं सोमवार को कृष्णा नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास की निर्माणाधीन बिल्डिंग में तेंदूए के घुसने की खबर से हड़कंप मच गया। फिलहाल स्थानीय लोगों द्वारा इलाके में तेंदुआ होने की सूचना वन विभाग को पहले ही दी जा चुकी है,

# युवक की निर्मम हत्या कर सड़क किनारे शव फेककर भाग गए बदमाश

### चेहरा कुचला नहीं हुई शिनाख्त, मऊगंज के डगडौआ के पास सामने आई सनसनीखेज घटना



**जागरण, रीवा**

मऊगंज में डगडौआ गांव के पास एनएच किनारे मंगलवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान है। आशंका है कि आरोपियों ने युवक की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेका और मौके से फरार हो गए। मऊगंज पुलिस ने सूचना के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया साथ ही मृतक की शिनाख्तगी का प्रयास पुलिस द्वारा किया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम डगडौआ के पास सुबह स्थानीय लोगों ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव लहूलुहान हालत में देखा। घटना की सूचना मिलते ही मऊगंज थाना प्रभारी संदीप भारती मौके पर पहुंच गए और स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो मृतक का चेहरा बुरी तरह से कुचला हुआ है। वही लोगों के द्वारा अन्यत्र जगह पर धारदार हथियार से हत्या कर लाश को सड़क के किनारे ठिकाने लगाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। मृतक की उम्र 35 से 40 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। बताया गया कि युवक के शरीर पर जींस पैंट, मटमैले रंग का जैकेट और आसमानी रंग के मोजे मिला है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतक को पहचानता हो तो मऊगंज थाना में तत्काल सूचना दें। पुलिस ने प्रथम दृष्टया पाया है कि युवक की हत्या कर शव को आरोपियों ने फेंका है साथ ही पहचान को छुपाने के लिए अज्ञात आरोपियों द्वारा उसके चेहरे को पत्थर या किसी अन्य चीज से कुचल दिया गया है। मऊगंज पुलिस पूरी घटना की जांच में लगी हुई है।

### हत्या की वारदात से क्षेत्र में फैली सनसनी

मऊगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत डगडौआ गांव में सड़क किनारे अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। 30 दिसंबर की सुबह करीब 8 बजे जैसे ही घना कोहरा छटना शुरू हुआ तो राहगीरों की नजर सड़क की पटरी पर पड़े शव पर पड़ी। शव देखते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। युवक के चेरहा और शरीर पर चोट के निशान मिले है, आशंका है कि शातिर बदमाश घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए साथ ही पहचान नहीं हो इसके कारण चेहरे को भी कुचला गया है। प्रारंभिक तौर पर पूरा मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस अब मृतक की पहचान के प्रयास में लगी हुई है।


## रि-यूनियन बैच 2000के छात्रों का मिलन समारोह संपन्न



**रीवा।** रि-यूनियन बैच 2000 के छात्रों का मिलन समारोह 26 से 27 को सम्पन्न हुआ, जिसमें देश-विदेश व पूर्व छात्रों सहित वरिष्ठ चिकित्सकों नें सिरकत की। कार्यक्रम में अधिष्ठाता, श्याम शाह चिकित्सा महावि?द्यालय रीवा, अधीक्षक, जी.एम.एच. एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष सम्मिलित हुए। उकार्यक्रम को सफल बनानें में डॉ. रवि प्रकाश पाण्डेय, मेडिसिन विभाग, डॉ. चक्रेश जैन, पी.एस.एम., डॉ. तारिक कमाल, शिशु रोग विभाग, डॉ. नीतू गर्ग, शिशु रोग विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# फर्जी तरीके से लोन दिखाकर बना दिया कर्जदार

### एसपी से पीड़ित ने कार्रवाई कर न्याय की लगाई गुहार



**जागरण, रीवा।** फर्जी तरीके से युवक के दस्तावेजों का उपयोग कर उसे कर्जदार बनाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की माने तो उसके द्वारा इसे लेकर कई बार शिकायत की गई इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उसको लगातार नोटिस मिलने से वह मानसिक रूप से परेशान है, जिसके कारण अब पीड़ित पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित युवक सिद्धार्थ शंकर द्विवेदी ने बताया कि कि वर्ष 2023 में पैन कार्ड बनवाने के नाम पर उसके आधार और अन्य दस्तावेज़ एक डिजिटल दुकान संचालक को दिए थे। इसी दौरान उसके दस्तावेज़ों का दुरुपयोग कर कैश फाइनेंस ऐप के माध्यम से 89 हजार रुपये का फर्जी लोन और बजाज फाइनेंस से 62 हजार रुपये का मोबाइल फाइनेंस कराया गया। जबकि उसे इस फर्जीवाड़े की कोई जानकारी नहीं थी। जब उसके बैंक खाते में अचानक 89 हजार रुपये आए, तब डिजिटल दुकान संचालक द्वारा फोन कर रकम वापस मंगवाई गई। इसके बावजूद अब पीड़ित को करीब 2 लाख 81 हजार रुपये की रिकवरी नोटिस भेजी जा रही है, जबकि उसने कभी किसी लोन के लिए आवेदन ही नहीं किया। आरोप है कि वह इस मामले को लेकर समान थाने और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कई बार आवेदन दे चुका है। 24 जून और 11 सितंबर 2025 को भी लिखित शिकायत दी गई, लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगातार नोटिस मिलने से वह मानसिक रूप से बेहद परेशान है और सामान्य जीवन भी प्रभावित हो रहा है। मामले में पुलिस अधीक्षक से जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

# घर के बाहर खड़ी फोर व्हीलर वाहन चुरा ले गए बदमाश

### सोहागी थाना क्षेत्र की घटना



**जागरण, रीवा।** सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत त्यौंथर चौकी क्षेत्र के राजापुर गांव में घर के सामने खड़ी मैक्स बोलेरो वाहन वाहन अज्ञात चोर चुरा ले गए। पीड़ित लालचंद्र गुप्ता उर्फ उजागर ने बताया कि उन्होंने रोज की तरह अपनी महिंद्रा मैक्स चार पहिया वाहन घर के बाहर खड़ी की थी, लेकिन सुबह उठने पर वाहन वहां मौजूद नहीं थी। काफी तलाश के बाद जब वाहन का कोई सुराग नहीं मिला, तो उन्होंने सोहागी थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोहागी थाना पुलिस का कहना है कि आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संभावित रास्तों पर वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस ने वाहन के हुलिए और नंबर के आधार पर आसपास के थानों को भी सूचना भेज दी है साथ ही वाहन सहित चोरो की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

## दो बाइकों में आमने सामने से जोरदार टक्कर 1 की मौत 2 घायल



**जागरण, रीवा।** दो बाइकों के बीच मंगलवार की शाम आमने सामने से जोरदार टक्कर हुई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक में सवार गंभीर रूप से घायल हुए है। घटना अतरैला थाना क्षेत्र के सोहरवा गांव के समीप शंकरगढ़ मार्ग में मंगलवार की दोपहरण करीब 3.30 बजे हुई। बताया गया कि आदिवासी समाज का एक लड़का बाइक से शंकरगढ़ की तरफ जा रहा था जैसे ही युवक सोहरवा मोड़ के समीप पहुंचा विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में छोटू कोल पिता श्यामलाल कोल 40 वर्ष निवासी सोहरवा के सिर पर गंभीर चोट पहुंची। आनन फानन ने ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को जवा स्थित अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद छोटू कोल को मृत घोषित कर दिया है।









## विलंम्बित अधिभार में सौ फीसदी मिलेगी छूट

**रीवा।** विद्युत बिलों में विलंबित भुगतान अधिभार में छूट प्राप्ति हेतु समाधान योजना में 31 दिसंबर 25 तक योजना में शामिल होने पर उपभोक्ताओं को विलम्बित अधिभार में 100 छूट प्राप्त होगी जो कि 01 जनवरी 2026 से घटकर 90 फीसदी हो जायेगी। इसी प्रकार विद्युत बिलों में विलंबित भुगतान अधिभार में छूट प्राप्ति हेतु समाधान योजना में 31 दिसंबर 25 तक योजना में शामिल होने पर उपभोक्ताओं को विलम्बित अधिभार में 100 फीसदी छूट प्राप्त होगी जो कि 01 जनवरी 2026 से घटकर 90 हो जायेगी। डीई सुशील यादव पूर्व संभाग ने बताया कि ऊर्जा विभाग की अत्यंत लाभकारी समाधान योजना 2025-26 जो सीमित समय तक है, इस योजना के तहत बिजली उपभोक्ता बकाया बिल का भुगतान करने पर लंबित सरचार्ज में 100 फीसदी की छूट का लाभ लेवें चूंकि योजना 31 दिसंबर 2025 तक 100 फीसदी सर सरचार्ज में छूट लागू रहेगी,उसके उपरांत 1 जनवरी से 28 फरवरी तक सरचार्ज में 90 फीसदी की छूट रहेगी। समाधान योजना का लाभ लेने के लिए रीवा पूर्व संभाग के अंतर्गत क्षेत्र मंनगवा, रायपुर गोविन्दगढ़, गुढ़, बदराव, मनिकवार, गंगेव वितरण केदो के घरेलू, कृषि, औद्योगिक, गैर घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि जिनका भी बिजली का बिल लंबित है, बिजली विभाग से संपर्क कर या ऑनलाइन के माध्यम से समाधान योजना के अंतर्गत बिल भुगतान करने का कष्ट करें और योजना का लाभ लें। विद्युत विभाग की टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में सोशल मीडिया एवं व्यक्तिगत संपर्क और कैंपो के माध्यम से योजना का लाभ दिलवाने हेतु विद्युत उपभोक्ताओं से लगातार संपर्क कर रही है। इसलिए लंबित बकाया बिल का भुगतान कर अच्छे उपभोक्ता का कर्तव्य निभाएं एवं विद्युत विच्छेदन जैसी अप्रिय कार्यवाही से बचें।

## जमीनी विवाद में हिंसक झड़प दोनों पक्षों से चली लाठियां



### पनवार के पटियारी गांव की घटना

**जागरण, रीवा।** सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दो गुटों के बीच कहासुनी के बाद जमकर विवाद शुरू हो गया। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों व पत्थरों से एक दूसरे पर हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में कई लोग घायल हो गए हैं। घटना पनवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पटियारी का है। बताया जा रहा है कि सरकारी जमीन पर बीते करीब 30 वर्षों से एक पक्ष के कब्जे को लेकर दूसरे पक्ष ने आपत्ति जताई थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में हिंसक झड़प में तब्दील हो गई। झड़प के दौरान दोनों ओर से लाठी-डंडे चले और जमकर पत्थरबाजी हुई, जिससे गांव में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना में वर्मा परिवार के कई सदस्य सहित अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पनवार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। थाना प्रभारी पंवार प्रवीण उपाध्याय का कहना है की मामले की जांच की जा रही है। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।










जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com